3 राजधानी
ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से लोग रहे हलकान

8 अभिमत
उइघर मुसलमानों पर चीनी अत्याचार

13 विदेश
अफगानिस्तान में आत्मघाती हमले में 20 लोगों की मौत

15 स्पोर्ट्स
सिंधू चीन ओपन से बाहर

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 311
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

वास्तविक लोगों का किरदार निभाना पसंद है: सोनम

विविध-16

भारत को तरजीही व्यापार दर्जा वापस मिलने की उम्मीद बढ़ी

- प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान जीएसपी पर राष्ट्रपति ट्रंप से होगी बातचीत
- वाशिंगटन ने जून में नई दिल्ली को व्यापार छूट पाने वाले देशों की सूची से हटा दिया था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी की 21 सितंबर से शुरू हो रही सप्ताह भर लंबी अमेरिका यात्रा से पहले गुरुवार को भारत ने कहा कि वह सामान्यीकृत तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) के तहत सभी व्यापार छूटों के मानदंडों को पूरा करता है और वाशिंगटन को इसको बहाल करने के बारे में विचार करना चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में भारत को जीएसपी सूची के लाभार्थियों में भारत को हटा दिया था। इसके तहत भारतीय उत्पाद को अमेरिका ड्यूटी मुक्त प्रवेश मिलता है। मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के दौरान इस विवादित मुद्दे के भी उठने की संभावना है। विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा कि मोदी और ट्रंप की दो बैठकें होगी और कश्मीर पर अंतरराष्ट्रीय फोकस के बावजूद भारत का रुख साफ है कि न तो यह प्रधानमंत्री के एजेंडे में शामिल होगा और न ही मध्यस्थता के प्रस्ताव पर कोई बातचीत होगी।

गोखले ने कहा, 'अनुच्छेद-370 आंतरिक मसला है। आतंकवाद अन्य मुद्दों में से एक है। पूरा फोकस वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका के बारे में होगा, प्रधानमंत्री इस बारे में अपना दृष्टिकोण पेश करेंगे। मोदी का अमेरिका में बेहद व्यवस्त कार्यक्रम रहेगा, जिसमें संयुक्त राष्ट्र वार्षिक सभा (यूएनजीए) को संबोधित करना, ट्रंप तथा दुनिया के 20 अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक के अलावा मेगा इवेंट 'हाउडी मोदी' को संबोधित करना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र में 24 सितंबर को महात्मा गांधी 150वीं जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर मोदी तथा बांग्लादेश, सिंगापुर, जमैका और न्यूजीलैंड के उनके समकक्षों के अलावा कोरिया के राष्ट्रपति और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव भी मौजूद रहेंगे। जीएसपी के मुद्दे पर विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा कि भारत अमेरिकी की सामान्यीकृत तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) के तहत व्यापार छूट के मानदंडों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इस बारे में अमेरिका को ही निर्णय करना है।

अमेरिका के 44 सांसदों के एक समूह के ट्रंप सरकार से सामान्यीकृत तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) के तहत भारत का दर्जा फिर से बहाल करने के आग्रह के एक दिन बाद गोखले का बयान आया है। अमेरिकी सांसदों के समूह में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टी के सांसद हैं। ट्रंप प्रशासन ने पांच जून को जीएसपी के तहत लाभार्थी विकासशील देश के रूप में भारत का दर्जा समाप्त कर दिया था। इससे भारत को अमेरिका के साथ (शेष पेज 10 तथा संबंधित समाचार पेज 13 पर)

घाटी को फिर स्वर्ग बनाना है, हर कश्मीरी को गले लगाना है: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का किया आगाज
- राम मंदिर पर बयान बहादुरों और बड़बोलो पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में भाजपा की रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

दशकों से कश्मीरियों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हर कश्मीरी को गले लगाने और घाटी में फिर से नया स्वर्ग बनाने का आह्वान किया।

महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा भड़काने के लिए सीमा पार से बहुत कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, हमें फिर से (कश्मीर में) नया स्वर्ग बनाना है.... हर कश्मीरी को गले लगाएं।

मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के तहत प्रावधानों को हटाने का फैसला भारत की एकता का फैसला था। उन्होंने कहा, यह फैसला जम्मू कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने का जरिया बनने जा रहा है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में अशांति, अविश्वास और हिंसा भड़काने के लिए सीमा पार से काफी कोशिशें की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस द्वारा निकाली गई महाजनादेश यात्रा की समापन रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने राम मंदिर मुद्दे पर टिप्पणी के लिए सहयोगी दल शिवसेना पर भी निशाना साधा। उन्होंने शिवसेना या उसके किसी नेता का नाम नहीं लिया लेकिन न्यायालय के विचाराधीन इस मामले पर बोलने वालों को बड़बोला बताया जिससे कयास लगाए जा रहे हैं उनका निशाना भाजपा के सहयोगी दल की तरफ था। मोदी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय राम मंदिर मामले की सुनवाई कर रहा है और उन्होंने कुछ बड़बोलो से इस मुद्दे पर बयान देने से बचने के लिए कहा।

उन्होंने रैली में कहा, मैं राम मंदिर मुद्दे पर बयान बहादुरों और बड़बोलो को देखकर हैरान हूं। देश में हर किसी को उच्चतम न्यायालय का सम्मान करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय इस मामले की सुनवाई कर रहा है। मैं हाथ जोड़कर इन लोगों से कहना चाहता हूं कि न्यायिक प्रणाली में विश्वास रखें।

गौरतलब है कि शिवसेना राम मंदिर के निर्माण की मांग कर रही है और मोदी सरकार से जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर उठाए कदमों की तरह कदम उठाने के लिए कह रही है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को मांग की कि केंद्र अयोध्या में राम मंदिर बनाने पर कानून लाने के लिए साहसी फैसला लें।

संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर न होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने सुरक्षाबलों के लिए 1.86 लाख बुलेट प्रूफ जैकेटों की मांग को 2009 में नजरअंदाज कर दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने न केवल हमारे बलों की जरूरतों को पूरा किया बल्कि भारत में बनाई जा रही बुलेटप्रूफ जैकेटों को 100 देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा, आज हम अपनी बुलेटप्रूफ जैकेट बना रहे हैं और भारत में बन रही इन जैकेटों का 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा तैयारी को लेकर पूर्व सरकार का रवैया कभी अच्छा नहीं रहा और इसे बार-बार याद रखे जाने की जरूरत है। (शेष पेज 10)

ममता बनर्जी ने अमित शाह से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी नॉर्थ ब्लॉक स्थित शाह के कार्यालय में उनसे मिलने पहुंचीं। ममता ने कल प्रधानमंत्री से बुधवार को मुलाकात की थी और राज्य का नाम बदलने को लेकर चर्चा की। बनर्जी ने प्रधानमंत्री को आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल में एक कोयला ब्लॉक के उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया।

सेंसेक्स 470, निफ्टी 135 अंक लुढ़का

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

बैंक और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 470 अंक लुढ़क गया। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से सख्त रुख के संकेत तथा विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 626 अंक के दायरे में घूमने के बाद अंत में 470.41 अंक या 1.29 प्रतिशत के नुकसान से 36,093.47 अंक पर बंद हुा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 135.85 अंक या 1.25 प्रतिशत के नुकसान से 10,704.80 अंक पर बंद हुआ। यह इसका सात माह का निचला स्तर है। 19 फरवरी, 2019 को निफ्टी 10,604.35 अंक पर बंद हुआ था। (विस्तृत पेज 12)

उत्तर प्रदेश की छवि बदली मिली नई पहचान: योगी

सरकार के ढाई साल

- देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस-वे सहित कई बड़ी योजनाओं को शुरू करने का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में उनकी सरकार उत्तर प्रदेश की पहचान के संकट का खत्म करने में सफल रही है। प्रदेश की छवि को बदल कर उसे देश-दुनिया के नक्शे पर उचित पहचान दिलाना, उनकी सबसे बड़ी कामयाबी है। उन्होंने कहा कि सत्ता की बागडोर संभालाते समय उनके सामने अनेक चुनौतियां थीं, जिन्हें हमने अवसर के रूप में लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैर भाजपा सरकारों में विकास तथा तरक्की के बजाय मजहब और जाति का जहर घोला जाता रहा, जिससे यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। देश के इस (शेष पेज 10)

चिदंबरम की न्यायिक हिरासत तीन तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम अब तीन अक्टूबर तक जेल में रहेंगे। दिल्ली की एक अदालत ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी है और कहा कि जांच अब भी चल रही है।विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने कहा कि परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और चिदंबरम पहले ही दिल्ली उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल कर चुके हैं। अदालत ने कहा, इस अदालत ने पुलिस हिरासत और फिर न्यायिक हिरासत के आधार पर विचार किया और उसके अनुसार रिमांड दे दी। अभी तक हालात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह ऐसा मामला नहीं है जहां आरोपी के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता। जांच अब भी चल रही है।

चुनावी साल में 800 मोहल्ला क्लीनिक खोलने का लक्ष्य

गायत्री मणि। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी अपने महत्वाकांक्षी आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक परियोजना का जाल पूरी दिल्ली में फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

इस माह के आखिर में राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 140 मोहल्ला क्लीनिक और खोले जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के अनुसार 400 मोहल्ला क्लीनिक के टेंडर जारी किए गए थे जिनमें से लगभग 145 बनकर तैयार हो गए हैं। आप सरकार ने 1000 मोहल्ला क्लीनिक बनाने का वादा किया था लेकिन पिछले चार साल में सिर्फ 200 क्लीनिक ही तैयार हो पाए हैं। हालांकि सरकार ने आचार संहिता लागू होने से पहले लगभग 800 मोहल्ला क्लीनिक चालू करने का लक्ष्य रखा है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि लगभग 90 फीसद काम पूरा हो चुका है और इनमें बिजली फिटिंग, पानी कनेक्शन समेत अन्य छोटे-मोटे काम बकाया हैं जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। अन्य क्लीनिक का काम जमीन और पानी या सीवर जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते अटका हुआ है। दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक के लिए इस साल के बजट में 206 करोड़ रुपये जारी किए थे। एक मोहल्ला क्लीनिक के बनाने में लगभग 20 लाख रुपये खर्च होते हैं।

मौसम

अधिकतम 32.8°C (+2)
न्यूनतम 25.1°C (0)

बाजार

सेंसेक्स	36,093	▼ 470
निफ्टी	10,704	▼ 135
सोना	38,454	▼ 270 /10g
चांदी	47,310	▼ 380 /kg

क्विक न्यूज

यादवपुर विवि में सुप्रियो का घेराव, राज्यपाल पहुंचे कैंपस

कोलकाता। यादवपुर विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह ने केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को काले झंडे दिखाए और उनका घेराव करते हुए उन्हे कैंपस से बाहर जाने से रोक दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मियो के साथ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ विश्वविद्यालय पहुंचे। काफी देर बाद धनखड़ और बाबुल सुप्रियो शाम मे वहां से रवाना हुए। (विस्तृत पेज 11)

ओएलएक्स पर सस्ते दाम पर बेचते थे चोरी की लग्जरी कारें

- वर्ष 2014 से सक्रिय था गिरोह, सरगना जयपुर से गिरफ्तार
- ओएलएक्स के खिलाफ एफआईआर, प्रबंधन को नोटिस

शेखर सिंह। नई दिल्ली

चोरों का सरगना अंकित अरोड़ा, चोरी की बरामद कारें

यदि कार चोरी हो गई है तो इधर-उधर तलाशने, पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और आसपास के सीसीटीवी खंगालने के साथ-साथ एक बार ओएलएक्स ऐप पर भी नजर डाल लीजिए। कहीं ऐसा तो नहीं चोरों ने आपकी कार बेचने के लिए इस चर्चित ऐप पर विज्ञापन दिया हो। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जिसने चोरी की दर्जन से अधिक लग्जरी कारें इस ऐप के जरिए बेच दीं। आरोपी 2014 से इस धंधे में सक्रिय था। ओएलएक्स पर दिए विज्ञापन में महंगी कार के बेहद कम दाम देख एक खरीदार को शक हो गया और बदमाश पुलिस के जाल में फंस गया। मामले की जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस (शेष पेज 10)

भदौरिया होंगे अगले वायुसेना प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख बनेंगे तथा बीएस धनोआ की सेवानिवृत्ति के बाद यह दायित्व संभालेंगे। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की।भदौरिया इसी वर्ष मई में वायुसेना उप प्रमुख बने थे। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से निकले भदौरिया को जून 1980 में वायु सेना की युद्धक शाखा में रखा गया था। योग्यता की समग्र सूची में अव्वल आने के कारण उन्हें सोर्ड आफ आनर से सम्मानित किया गया था। रक्षा मंत्रालय के प्रधान प्रवक्ता ने ट्विटर पर कहा, सरकार ने वर्तमान में वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी को अगला वायुसेना प्रमुख नियुक्त करने का निर्णय किया है।

तेजस में उड़ान भरने वाले पहले रक्षा मंत्री बने राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु स्थित एचएएल हवाईअड्डे से तेजस लड़ाकू विमान में बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के साथ ही स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) में उड़ान भरने वाले पहले रक्षा मंत्री बन गए (विस्तृत समाचार पेज 10)

हड़ताल में अपने ही साथियों को पकड़कर चालकों ने पीटा

नोएडा-गाजियाबाद क्षेत्र के कई स्कूल रहे बंद, वाहन नहीं मिलने से दिनभर परेशान रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

एक सितंबर से नया मोटर व्हीकल एक्ट लागू कर दिया गया है। जिसके बाद से ट्रैफिक पुलिस बढ़ी हुई जुर्माना राशि के अनुसार चालान कर रही है। इसके विरोध में बृहस्पतिवार को नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे दिल्ली-एनसीआर में ट्रांसपोर्टर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इसके चलते कई स्कूलों में छुट्टी भी घोषित कर दी गई।

दिल्ली-एनसीआर के सार्वजनिक व व्यवसायिक वाहन से जुड़े 51 संगठनों के हड़ताल पर जाने दौरान कई जगह हल्की हिंसा भी देखने को मिली। जिसमें कैब व ऑटो चालकों ने अपने ही साथियों को हड़ताल में शामिल नहीं होने पर पीट दिया। नोएडा व गाजियाबाद में जगह-जगह इस तरह की घटनाएं सामने आईं जिसमें ऑटो व कैब चालकों द्वारा हड़ताल में शामिल नहीं होने पर कई

नोएडा में सवारी ले जा रहे एक ऑटो को रोकने के लिए सड़क पर लेटा एक चालक।

हड़ताल के चलते वाहन नहीं मिलने से वैशाली मेट्रो के पास खड़े परेशान लोग।

चालकों के साथ हिंसा कर वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। हड़ताल की घोषणा के बाद बुधवार को ही कई स्कूलों ने सूचना जारी कर छुट्टी का ऐलान कर दिया था। हालांकि कई स्कूल खुले भी रहे। हड़ताल से मुसाफिरों व नौकरीपेशा लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिनभर यात्री सड़कों पर वाहन न मिलने की वजह से काफी परेशान हुए। वहीं कुछ जगहों पर हड़ताली ऑटो व टैक्सी चालकों ने चल रहे ऑटो व टैक्सियों को जबरन बन्द कराया। इस दौरान कुछ ऑटो चालकों ने खुलकर अपनी गुंडागर्दी भी दिखाई। जो ऑटो चल रहे थे उनको रास्ते में रोककर सवारियों को उतरवा दिया गया। हड़ताल के दौरान सड़क पर चल रहे व्यावसायिक वाहनों को रोककर उनके साथ गुंडागर्दी की गई।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि काम बंद कर हड़ताल करना अच्छा नहीं लगा, लेकिन सरकार ने ट्रांसपोर्टरों की कमर तोड़ दी है। मजबूरी में हमें ये कदम उठाना पड़ा। इस हड़ताल में बस, कैब, ऑटो, टैंपो, ट्रक आदि शामिल रहे।

नए एक्ट में जुर्माना राशि

- बिना ड्राइविंग लाइसेंस 5000 रुपये का चालान, पूर्व में ये 500 रुपए था
- नाबालिग वाहन चलाते पाए जाने पर 500 रुपये की जगह 1000 रुपये का चालान। वाहन से किसी भी ट्रैफिक नियम को तोड़ने पर वाहन मालिक के खिलाफ केस
- शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 6 महीने तक की कैद व 10,000 रुपये तक का जुर्माना। दूसरी बार ऐसा करने पर 2 साल तक की कैद व 15,000 रुपये का जुर्माना
- ओवरस्पीड़िंग पर 1000 रुपये की जगह अब 2000 रुपये का चालान
- बिना सीट बेल्ट पर 100 की जगह 1000 रुपए का चालान।

विधायक कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे पत्रकारों पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दो पत्रकारों को बंधक बनाकर लूटा, फरार

बुधवार को एक पत्रकार से पुलिसकर्मी द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार से कुपित होकर लोनी विधायक नन्दकिशोर गूर्जर के कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे पत्रकारों पर बृहस्पतिवार को कुछ अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान दो पत्रकार लहूलुहान हो गए जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को एसडीएम लोनी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया जा रहा था, इसी दौरान एसडीएम के गनर द्वारा एक मीडियाकर्मी को वहां से हटने के लिए कहा तो वे भड़क गए। बस इसी को लेकर पत्रकार नाराज हो गए। बृहस्पतिवार को पत्रकार एकत्र होकर बलराम नगर स्थित विधायक के कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंच गए। जैसे ही वहां पहुंचे कुछ अज्ञात लोग नकाब पहनकर आए और पत्रकारों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताया गया है कि इस हमले में दो पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

एसएचओ थाना लोनी बॉर्डर शैलेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायल पत्रकार सरताज और शौकत को अस्पताल भिजवाया। इसके अलावा थाना साहिबाबाद क्षेत्र के शालीमार गार्डन, विक्रम एन्क्लेव में एक चैनल के दो पत्रकारों पंकज शर्मा और आकाश शर्मा को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट कर लूटपाट की गई। बदमाश उनसे 4 मोबाइल फोन व सोने की चेन लूटकर भाग गए।

फर्जी कागजातों से सरकारी जमीन बेचने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मामले में अन्य आरोपियों की तलाश

सरकारी जमीन के फर्जी कागजात बनाकर बेचने के मामले में लोनी पुलिस ने दो आरोपियों को बुधवार रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में एक आरोपी को पहले ही जेल भेज चुकी है। वहीं अभी फरार कुछ आरोपियों की तलाश की जा रही है।

लोनी कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि सरकारी भूमि बेचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों बसीर और इकबाल निवासी शाहदरा को बुधवार को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपी अशोक कुमार को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पांच दिनों पूर्व एसडीएम के आदेश पर लोनी थाने में सब रजिस्ट्रार समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

बता दें कि अशोक कुमार निवासी मांडला लोनी ने गांव स्थित सरकारी भूमि पर अटार्नी पंजाब निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बाबू राम के नाम की थी। राजेंद्र सिंह ने इसके आधार पर हेमलता लक्ष्मी नगर दिल्ली, सीमा तहसील खेकड़ा (बागपत), अंजना जैन ज्वालानगर शाहदरा दिल्ली, व शिल्पी जैन को बेच दी थी।

सांड के हमले में घायल हुए किसान की मौत

गाजियाबाद। मुरादनगर ब्लॉक के गांव शहजादपुर के जंगल मे आवारा सांड के हमले से घायल किसान उमेश त्यागी की उपचार के दौरान दिल्ली के जीटीबी अस्पताल मे मौत हो गई। इससे गुस्साये सैकड़ों किसानों ने परिजनों के साथ बृहस्पतिवार को मुरादनगर थाने में धरना दिया। साथ ही मृतक किसान के आश्रितों को मुआवजे व आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार मोदीनगर को सौंपा।

धरने में हाजी परवेज चौधरी पूर्व पार्षद, विकास यादव, मुन्नी त्यागी, नीरज प्रधान, प्रदीप प्रधान, महेश त्यागी, कुलदीप त्यागी, प्रदीप त्यागी, भूपेन्द्र त्यागी आदि काफी संख्या में किसान शामिल रहे।

अविवाहित वृद्धा ने की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, कारणों की जांच कर रही पुलिस

शहर के थाना सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाली एक अविवाहित वृद्धा ने जहर खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली वहीं थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि सेक्टर 144 स्थित एक सोसाइटी में रेनू गोस्वामी (67 वर्ष) अपनी विधवा भाभी के साथ रहती थी। बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

वहीं दूसरी ओर, थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 15 में रहने वाली शीला यादव (40 वर्ष) ने बीती रात को जहर खा लिया। गंभीर हालत में उनको नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वाहन चोर गिरोह के आठ बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़

गाड़ियों के चेसिस नंबर बदलकर ऊंचे दामों पर बेच देते थे

थाना हाफिजपुर व थाना गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान शातिर चोर गिरोह के आठ युवकों को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के सदस्य वाहनों के चेसिस नंबर बदलकर, फर्जी पेपर तैयार करा उन्हें महंगे दामों में बेच देते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन लग्जरी कार, दो ट्रक व पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। एएसपी सर्वेश मिश्र ने पुलिस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि थाना हाफिजपुर प्रभारी अवनीश गौतम व थाना गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली निरीक्षक ने पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान शातिर चोर गिरोह के आठ युवकों को गिरफ्तार किया है जिन्हें जेल भेजा जा रहा है। इनकी पहचान मासूक अली पुत्र ताज मौहम्मद, प्रवेज पुत्र महफूज अली, कामरान पुत्र कलवा, साजिद पुत्र कलवा, नोफिल पुत्र मकबूल अली, आसिफ पुत्र इस्लामुदीन, ताहिर पुत्र सत्तार, दिलशाद पुत्र रहिशुदीन के रूप में हुई है।

चेकिंग के दौरान पकड़े गए वाहन चोर गिरोह के बदमाशों को मीडिया के सामने पेश करते एएसपी सर्वेश मिश्र।

संक्षिप्त समाचार

कार्यशाला में जानकारी देते डूडा के परियोजना अधिकारी पवन शर्मा।

कार्यशाला में दी आयुष्मान भारत योजना की जानकारी

गाजियाबाद। जनपद के प्रहलाद गढ़ी गांव स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के तत्वावधान में भारत आयुष्मान योजना के प्रति जागरूकता को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें गरीब एवं असहाय लोगों को आयुष्मान भारत व अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डूडा के परियोजना अधिकारी पवन शर्मा ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आयुष भारत के कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया के अलावा नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम), स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में जागरूक किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला को सफल बनाने में बंदना, दीपक, स्मिता व रविन्द्र का विशेष सहयोग रहा।

नाले में गिरी गाय को बाहर निकालती साहिबाबाद पुलिस।

पुलिस ने नाले में गिरी गाय को बाहर निकाला

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस की कई बार ऐसी तस्वीर सामने आती है कि लोग तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। ऐसी ही एक तस्वीर बृहस्पतिवार को सामने आई। साहिबाबाद पुलिस के इस काम की हर कोई तारीफ कर रहा है। इतना ही नहीं गाजियाबाद पुलिस ने इसे अपने आधिकारिक ट्वीटर अकाउंट पर ट्वीट किया है। गश्त के दौरान साहिबाबाद थाना प्रभारी को सिकंदरपुर कट के पास नाले में एक गाय गिरी हुई दिखी। थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों और लोगों की सहायता से गाय को नाले से बाहर निकाला। गाजियाबाद पुलिस ने इसे ट्वीट करते हुए उनके सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।

श्रीराधा जन्म षष्ठी बधाई महोत्सव कल

गाजियाबाद। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीबांके बिहारी संकीर्तन मंडल द्वारा श्रीराधा जन्म षष्ठी बधाई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष राकेश कटारिया और महासचिव हृदय नारायण खत्री ने बताया कि 21 सितंबर को लाल क्वार्टर लोहियानगर स्थित बिजली वाला पार्क में महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव में वृंदावन के श्री चित्रविचित्र महाराज श्रीराधा नाम रस वर्षा करेंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि के अलावा केंद्रीय परिवहन राज्यमंत्री वीके सिंह, प्रदेश के मंत्री अतुल गर्ग, महापौर आशा शर्मा, विधायकगण अजीतपाल त्यागी और सुनील शर्मा भी शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में गौरव भटनागर, श्रीबल्लभ लोहानी, संजीव रहेजा, जोगेंद्र सहगल, सुनील बजाज और संजय गंभीर उपस्थित रहे।

बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र की सड़क खस्ताहाल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रांसपोर्टरों ने बढ़ाया भाड़ा, उद्यमी परेशान

बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़क अब उद्यमियों के जी का जंजाल बनती जा रही है। यहां तक कि तमाम शिकायतों के बाद भी लगातार बनी ये समस्या अब उनकी जेब पर भी भारी पड़ रही है।

आलम यह है कि माल की ढुलाई करने वाले ट्रांसपोर्टर ने भी माल लाने और ले जाने का किराया बढ़ा दिया है। इससे अब उद्यमियों की उत्पादन लागत तो बढ़ रही है लेकिन, बाजार में उनका उत्पाद पुरानी कीमत पर ही जा रहा है। जिससे उनका मुनाफा लगातार कम हो रहा है। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में करीब 700 फैक्ट्रियां हैं। यहां हजारों श्रमिक कार्य करते हैं। औद्योगिक क्षेत्र स्थित डायमंड फ्लाईओवर को एनएच-24 से जोड़ने वाली सड़क टूटी हुई है। इसके अलावा सिल्वर लाइन स्कूल के पास भी सड़क खस्ताहाल है जहां जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इस वजह से सड़क पर पानी भरता है। इसके अलावा आरटीओ की ओर जाने वाली सड़क भी टूटी है। औद्योगिक क्षेत्र स्थित लोहामंडी में भी सड़क कई जगहों पर खस्ता हालत में है। माल वाहक वाहन टूटी सड़क में फंसते हैं इस कारण समय से फैक्ट्रियों में कच्चा माल नहीं पहुंच पाता है।

उद्यमियों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़क टूटी होने की वजह से फैक्ट्रियों से आपूर्ति प्रभावित हो रही है। सड़क की मरम्मत कराने के लिए उद्यमी कई बार जिला प्रशासन को गुहार लगा चुके हैं लेकिन, नतीजा सिफर ही है।

उनके मुताबिक खस्ताहाल सड़क के कारण ट्रांसपोर्टर ने भाड़ा बढ़ा दिया है। मजबूरन उन्हें मुंह मांगा भाड़ा देना पड़ रहा है। साथ ही इसकी वजह से माल वाहक वाहनों के गड्ढों में फंसने के कारण समय से फैक्ट्रियों में कच्चा माल भी नहीं पहुंच पा रहा है।

विवाद खत्म : कल होगी निगम बोर्ड की बैठक

गाजियाबाद। बुधवार को निगम अधिकारियों व पार्षदों के बीच शुरू हुआ टकराव बृहस्पतिवार शाम को समाप्त हो गया । अब निगम बोर्ड की बैठक कल (21 सितंबर) को होगी जिसमें शहर के विकास को लेकर प्रस्तावों पर चर्चा होगी ।

आपको बता दें कि बुधवार को निगम बैठक के दौरान पार्षदों की असंसदीय भाषा से नाराज होकर नगर आयुक्त बैठक का बहिष्कार करके चले गए थे इसके बाद सभी अधिकारी भी सदन छोड़ कर चले गए थे। इसके बाद मेयर ने बैठक की सभी कार्यवाही निरस्त करते हुए बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था।

हेलमेट बनाने की दो फैक्ट्रियों पर मानक ब्यूरो ने मारा छापा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एक साल पहले खत्म हो गया था लाइसेंस

भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने बृहस्पतिवार को लोनी के रूप नगर और कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित दो हेलमेट बनाने वाली फैक्ट्री में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि फैक्ट्री संचालक बिना लाइसेंस नवीनीकरण कराए ही आईएसआई मार्का समान बेच रहे थे। टीम ने दोनों फैक्ट्रियों के सैंपल लेकर फैक्ट्रियों में सील लगा दी।

भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद शाखा की टीम एनजीओ उत्प्रेरित कॉजूमर फाउंडेशन द्वारा दी शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस के साथ लोनी की रुपनगर कॉलोनी पहुंची। यहां एमएस, आईएफजी इंड्रस्टी फैक्ट्री में आईएसआई मार्का हेलमेट बन रहे थे।

फैक्ट्री बिलाल अहमद निवासी सीलमपुर की है। टीम ने संचालक से लाइसेंस मांगा। फैक्ट्री संचालक द्वारा दिखाए गया लाइसेंस एक साल पहले ही खत्म हो चुका था।

केनरा बैंक शाखा में कवि सम्मेलन का आयोजन

गाजियाबाद। हिंदी दिवस के अवसर पर केनरा बैंक की मालीवाड़ा चौक, अंबेडकर रोड स्थित मुख्य शाखा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमे बैंक कर्मियों और अन्य लोगों ने करीब ढाई घंटे काव्य पाठ का आनंद लिया।

इस मौके पर सुविख्यात कवि डॉ कुंवर बेचैन, विजेंद्र सिंह परवाज़, राज कौशिक, मासूम गाजियाबादी, अशोक पंकज और दीपाली जैन जिया का अभिनंदन किया गया। राज कौशिक के मंच संचालन में इन सभी रचनाकारों ने शानदार काव्य पाठ किया।

अवैध निर्माण पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष सख्त

शहर में अब तक चिन्हित किए गए हैं करीब 1900 अनाधिकृत निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने पूरे महानगर में करीब 19 सौ अनाधिकृत निर्माण को चिन्हित कराया है। साथ ही इस संबंध में अवर अभियंताओं के बारे में शासन को रिपोर्ट भेजने का फैसला लिया है।

प्राधिकरण वीसी ने बताया कि हर जोन से दो अवर अभियंताओं की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उन्होंने जोनल प्रभारी और अन्य अधिकारियों की बात न मानने वाले अवर अभियंताओं को लाईलाज जेई की उपमा दी है। वीसी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों की समीक्षा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की जाएगी। हालांकि इंदिरापुरम योजना में कम से कम आठ वर्षों की समीक्षा करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि जीडीए में कुल आठ जोन हैं। सभी जोनों में से दो-दो ऐसे जेई चिन्हित किए जाएंगे जिनके क्षेत्र में अवैध निर्माण ज्यादा हुए हैं। इतना ही नहीं यह भी देखा जाएगा कि वे दो जेई कौन-कौन से हैं जिन पर अपने अधिकारियों की नसीहतों का फर्क नहीं पड़ता।

पूरी समीक्षा के बाद प्राधिकरण कुल मिलाकर 16 अवर अभियंताओं की कुंडली तैयार कर शासन को भेजेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत निर्माण के मामले में प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है।

जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपद के अन्य अधिकारी।

अगले ढाई साल में और अधिक होगा विकास : सिंह

योगी सरकार की उपलब्धियों का किया बखान, एयरपोर्ट बनने से बढ़ेगा उद्योग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि जेवर के पास बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को लेकर सरकार काफी गंभीर है। एयरपोर्ट बनने से यह क्षेत्र विकास के मामले में गुरुग्राम से भी आगे निकल जाएगा। औद्योगिक विकास होने से रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे।

प्रभारी मंत्री जय प्रताप सिंह प्रदेश की योगी सरकार के ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने पर कलेक्ट्रेट सभा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि अगले ढाई साल में और अधिक विकास किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 745 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा दिया जा चुका है और 200 हेक्टेयर पर जल्द ही और कब्जा दे दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र का औद्योगिकरण होगा। देश व विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने यहां जमीन तलाशना व सर्वे करना शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट के शिलान्यास के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करना है। प्रधानमंत्री से समय मिलने पर शिलान्यास की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी।

प्रदेश सरकार जल्द से जल्द एयरपोर्ट का शिलान्यास करना चाहती है, जिससे कि क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी बीएन सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

उद्योगों पर विशेष ध्यान

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि उद्यमी यहां निवेश करने के लिए आगे आ सकें। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों को भी गिनाया। जल शक्ति अभियान के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर में कुल 51 तालाबों का पुर्नद्धार किया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन बनाया गया है। मूल्यांकन सही किया गया है। जिले में 55235 किसानों का किसान सम्मान योजना का लाभ दिया जा चुका है। कायाकल्प योजना से प्राथमिक विद्यालयों को नये तरीके से बनाया गया है।

हर हाल में गांवों को करें प्लास्टिक और कचरे से मुक्त : जिलाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्लास्टिक व कचरा प्रबंधन पर समीक्षा बैठक

जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान को सशक्त बनाने के लिए एनजीओ, स्कूलों, कालेजों के छात्रों का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

समीक्षा बैठक में डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में इस अभियान को कारगर ढंग से चलाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि इसके लिए प्राथमिक विद्यालयों में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाए। इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त प्राइमरी, अपर प्राइमरी विद्यालयों में जागरूकता रैली के साथ-साथ प्लास्टिक फ्री ग्राम एवं कचरा प्रबंधन पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इस बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट यशवर्धन, जिला विकास अधिकारी बीसी त्रिपाठी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार मोहम्मद फारूक आदि उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

दिल्ली में सीएनजी से चल रहे 95%उद्योग

मुख्यमंत्री का दावा- देश का पहला राज्य बना, औद्योगिक प्रदूषण हुआ 25 % कम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उद्योगों से होने वाले प्रदूषण को खत्म करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश का असर एक साल के अंदर दिखने लगा है। दिल्ली 95फीसदी सीएनजी संचालित इंडस्ट्री वाला पहला राज्य बन गया है। केजरीवाल की कोशिशों और योजना का नतीजा है कि प्रदूषण फैलाने वाले तेल से संचालित हो रही औद्योगिक इकाईयां अब सीएनजी में चलने लगी हैं। इसकी जानकारी दिल्ली विकास एवं संवाद आयोग (डीडीसी) की ओर से मुख्यमंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट से मिली है।

85 अन्य इंडस्ट्री को भी सीएनजी से चलाने पर जोर

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषित केमिकल से संचालित 1542 औद्योगिक इकाईयां थी जिसमें 1457 इकाईयों को सीएनजी में बदला जा चुका है। अन्य 85 इंडस्ट्री को भी सरकार सीएनजी से चलाने का प्रयास कर रही है। पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से इन औद्योगिक संचालकों से संपर्क किया जा रहा है। इंडस्ट्री के सीएनजी संचालित होने के फायदे के बारे में भी बताया जा रहा है। केजरीवाल सरकार ने थर्मल पावर प्लांट को छोड़कर हर तरह की इंडस्ट्री में पेटकोल, टायर ऑयल, समेत अन्य तरह के प्रदूषित कैमिकल के इस्तेमाल पर रोक लगाया दियादी। साथ ही इंडस्ट्री संचालकों के साथ बैठक कर उद्योगों को सीएनजी में बदलने के लिए प्रेरित किया। जिसका नतीजा है कि महज सवा साल में 1457 कोल आधारित इंडस्ट्री ने खुद को सीएनजी में बदल दिया।

गत तीन साल में दिल्ली में वायु प्रदूषण में 25 प्रतिशत की कमी आई है। दिल्ली देश का एक मात्र राज्य है जहां प्रदूषण में कमी दर्ज की गई है। प्रदूषित केमिकल से संचालित इंडस्ट्री को सीएनजी में तब्दील करने के कारण भी प्रदूषण को कम करने में मदद मिली है। ज्ञात हो सीएनजी लागू होने से पहले दिल्ली गैस का चैंबर बन गई थी। हालांकि पहले की सरकारों ने ब्लू लाइन बसों को धीरे-धीरे सड़कों से बाहर किया था।

कई कोल पावर प्लांट बंद कराए गए थे

केजरीवाल सरकार पर्यावरण और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए शुरू से चिंतित थी। इसी का नतीजा है कि सरकार बनने के बाद मई 2015 में ही राजघाट स्थित थर्मल पावर प्लांट को बंद कर दिया गया। इससे प्रदूषण को कम करने में बड़ी मदद मिली। इसके अलावा अक्टूबर 2018 में बदरपुर कोल पावर प्लांट को भी बंद कराया गया। देश में पहली बार दिल्ली में कोयले से चलने वाले पावर प्लांट को बंद कराया गया। एआरएआई और टीईआरआई के आंकड़े के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पीएम 2.5 का योगदान गर्मी के मौसम में से इंडस्ट्री 22 फीसद और सर्दी के मौसम में इंडस्ट्री 30 फीसद होता है।

प्रदूषण कम करने में उठाये कई कदम

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी को वर्ष 2017-18 में प्रदूषित केमिकल से संचालित इंडस्ट्री को सीएनजी में बदलने पर मुआवजा देने के आदेश मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिए थे। इसके तहत छोटी इंडस्ट्री को पचास हजार और बड़ी इंडस्ट्री को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। इस कारण भी तमाम इंडस्ट्री ने खुद को सीएनजी में बदला। कई रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि हवा को दूषित करने में उद्योगों से होने वाले प्रदूषण का भी बड़ा योगदान है। इस कारण सरकार ने प्रदूषित फैलाने वाले रसायन से इंडस्ट्री संचालन को बंद करने पर जोर दिया। इसी का नतीजा है कि 95 फीसद औद्योगिक इकईयां सीएनजी से संचालित हो रही है।

ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से लोग रहे हलकान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए मोटर वाहन कानून के तहत भारी जुर्माने और अन्य प्रावधानों के खिलाफ गुरुवार को ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का मिला-जुला असर रहा।

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में निजी बस, टैक्सी, ऑटो रिक्शा सड़कों से दूर रहे। इस कारण लोगों को सुबह अपने कार्यालय जाने में खासी परेशानी हुई। हालांकि अनेक चालकों ने हड़ताल में शामिल होने से इनकार कर दिया। नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली की सड़कों पर ट्रांसपोर्ट संगठनों के सदस्य ऐसे वाहन चालकों को जबरदस्ती रोकते दिखे। इस कारण कई जगह विवाद भी हुआ और चालकों पर हमले किए गए। ग्रामीण सेवा संगठन, ई-रिक्शा सहित हल्के मोटर वाहनों के संगठन इस हड़ताल से दूर रहे।

संशोधन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में यूएफटीए संगठन के आह्वान पर आयोजित इस हड़ताल के कारण पहले ही कई स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई थी। हालांकि, ज्यादातर स्कूलों ने बच्चों के माता-पिता से उन्हें स्कूल पहुंचाने और वापस ले जाने का प्रबंध खुद करने को कहा था।

अन्य दिनों की अपेक्षा गुरुवार को मेट्रो में खासी भीड़ रही। ओला उबर बंद होने से भी अनेक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यूनाइटेड फ्रंट ऑफ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन्स के महासचिव श्यामलाल गोला ने कहा कि इस हड़ताल में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 50 से ज्यादा परिवहन संगठन और यूनियन ने हिस्सा लिया।

- नए मोटर वाहन कानून के खिलाफ जबरदस्ती बंद कराई गाड़ियां, प्रदर्शन

कुछ ऑटो चालकों पर हुए हमले

दिल्ली में बंद में हिस्सा नहीं लेने वाले कुछ ऑटो चालकों पर हमले भी हुए। हमले के आरोप में नोएडा में 18 लोगों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, सोनी ने इन दावों को खारिज किया और कहा कि हड़ताल शांतिपूर्ण रही है और बड़ी संख्या में ऑटो चालकों ने अपनी इच्छा से हड़ताल में हिस्सा लिया। यात्रियों को ऑटो या कैब नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशनों और बस टर्मिनलों पर यात्रियों को ऑटो नहीं मिलने से दिक्कत हुई।

ऑड-ईवन में नियम तोड़ने पर लगेगा 20,000 रुपए जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पहले लागू हुई योजना के दौरान नियमों के उल्लंघन पर देने होते थे 2000 रुपये
- नए मोटर वाहन कानून के तहत बढ़ाई गई राशि, लागू करना सरकार के जिम्मे

राष्ट्रीय राजधानी में चार नवंबर से पुन: लागू हो रही ऑड-ईवन योजना को हल्के में न लें। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर संशोधित मोटर वाहन कानून के तहत 20,000 रुपए का जुर्माना हो सकता है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले जनवरी और अप्रैल 2016 में दिल्ली सरकार ने सम-विषम योजना लागू की थी। उस समय इसका उल्लंघन करने पर 2000 रुपए के जुर्माने का प्रावधान था।

सम-विषम नियम के तहत वाहनों की पंजीकरण संख्या के अंतिम अंक के आधार पर एक दिन केवल सम अंक की गाड़ियां और अगले दिन केवल विषम अंक के वाहन वैकल्पिक आधार पर सड़कों पर चलते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि जुर्माने को लेकर अंतिम फैसला अभी नहीं लिया गया है क्योंकि संशोधित मोटर वाहन कानून के तहत उल्लंघन के कई मामलों को एक साथ जोड़ने की अधिसूचना को दिल्ली सरकार ने अभी अधिसूचित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास जुर्माना कम करने का अधिकार है। वह ऐसा कर भी सकती है और नहीं भी कर सकती है।

नए मोटर वाहन कानून की धारा 115 के तहत सम-विषम नियम के उल्लंघन पर जुर्माने को संशोधन के बाद 2000 रुपए से बढ़ाकर 20000 कर दिया गया है। ये संशोधन इस साल एक सितंबर से लागू किए गए थे। धारा 115 राज्य सरकार को वाहनों का प्रयोग बाधित करने का अधिकार देती है और दिल्ली सरकार ने इसी के आधार पर सम-विषम योजना लागू की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में घोषणा की थी कि सर्दियों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए चार से 15 नवंबर तक सात बिंदुओं वाली कार्य योजना के तहत दिल्ली में सम-विषम योजना लागू की जाएगी।

टैक्स अफसर बन अभिनेत्री ईशा शरवानी से ठगे तीन लाख

अभिनेत्री ईशा शरवानी

दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए तीन आरोपी। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा शरवानी को ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली के विकासपुरी में फर्जी कॉल सेंटर चालने वाले तीनों आरोपियों ने खुद को ऑस्ट्रेलियाई कर अधिकारी बताकर ठगी की। इन्होंने ईशा को वेस्टर्न यूनियन और आरआईए मनी ट्रांसफर के जरिए 5700 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब तीन लाख रुपए) स्थानांतरित करा लिया था। अभिनेत्री ईशा शरवानी अब ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में रहती हैं। यह गिरफ्तारियां साइबर अपराध इकाई ने की है। साइबर क्राइम यूनिट के डीसीपी के अनुसार आरोपियों की पहचान भानुज बेरी, पुनीत चड्ढा और ऋषभ खन्ना के रूप में हुई है। अभिनेत्री ईशा शरवानी ने दिल्ली पुलिस की साइबल यूनिट में ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध शाखा) अन्एश रॉय ने बताया कि पीड़ित के फोन में जो नंबर आया वह ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा का था। कॉलर ने दावा किया कि उसके टैक्स रिटर्न में गड़बड़ी है जिसके कारण ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने उन्हें फौरन गिरफ्तार करने का वारंट जारी किया है। उन्होंने बताया कि कॉलर ने दावा किया कि इससे बचने का एक ही तरीका है कि वह बाकी की धनराशि का ऑस्ट्रेलियाई कर कार्यालय की भारतीय शाखा में तत्काल भुगतान कर दें।

आरोपियों ने शरवानी के फोन नंबर समेत कर लेखाधिकारी की जानकारियां भी हासिल की। जब तक पैसे दे नहीं दिए गए तब तक व्यक्ति तीन घंटे से अधिक समय तक उनसे फोन पर बात करता रहा। आरोपियों के बैंक खाते में एक करोड़ रुपए है को भी जब्त कर लिया गया है।

रिज में भूमि की नमी के लिए प्रयोग करें पराली : अदालत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सरकार को पड़ोसी राज्यों से पराली खरीदने और इसे मुख्य रिज क्षेत्र में लगाए गए नए पौधों की जड़ों के आसपास फैलाने का निर्देश दिया।

अदालत के इस निर्देश का उद्देश्य क्षेत्र में भूमि की नमी को बनाए रखने के अलावा पराली जलाए जाने में कमी लाना भी है। न्यायमूर्ति नजमी वजीरी ने कहा कि इस तरह का कदम (किसानों द्वारा) पराली जलाए जाने में कमी लाएगा और मुख्य रिज क्षेत्र में उपजाऊ मृदा (मिट्टी) के निर्माण में भी सहायक होगा, जिसके कई हिस्से में पथरीली मिट्टी है, जो पौधे लगाने के लिए उपयुक्त नहीं है। पराली जलाया जाना दिल्ली में वायु प्रदूषण में एक बड़ी भूमिका निभाता है। अदालत का यह निर्देश एक अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान आया। दरअसल, एक निजी कंपनी को औषधि क्षेत्र की दिग्गज फर्म मर्क शार्प ऐंड डोह्म (एमएसडी) द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ब्रांड नाम के तहत मधुमेह की दवाइया नहीं बनाने और उन्हें नहीं बेचने के न्यायिक आदेशों के उल्लंघन को लेकर 80 लाख रुपए मूल्य के 1.4 लाख पौधे मुख्य रिज क्षेत्र में लगाने का आदेश दिया गया था।

झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आप में शामिल

अजय कुमार व मनीष सिसोदिया। फोटो रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस में बड़ी सेंध लगा दी है।

झारखंड में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से 9 अगस्त को इस्तीफा देने वाले डॉ. अजय कुमार ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में अजय कुमार का स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने के बाद अजय कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके निवास पर मुलाकात की।

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि आम आदमी पार्टी अजय कुमार के आने से निश्चित ही मजबूत होगी। वह भारत को भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारे संघर्ष से जुड़े हैं। झारखंड में आप का जनसंपर्क अभियान पहले से चल रहा है। वहां कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। पिछले शुक्रवार को केजरीवाल भी झारखंड गए थे और अपने पुराने साथियों से मिले थे।

झारखंड में फिलहाल भाजपा की सरकार है। कांग्रेस यहां वापसी की कोशिशों में जुटी है लेकिन चुनाव से ऐन पहले शीर्ष नेतृत्व बिखर गया। अजय कुमार ने कहा कि झारखंड में राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया। आप में उनकी क्या भूमिका होगी, यह पार्टी तय करेगी। झारखंड कांग्रेस में खींचतान से अजय काफी नाराज थे।

कांस्टेबल पर लगाया बलात्कार का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के दामन को उनके ही एक सिपाही ने दागदार कर दिया। न्यू उस्मानपुर इलाके में अगवा होने के बाद घर पहुंची 16 वर्षीय किशोरी को काउंसलिंग के बहाने सिपाही अपने साथ बाइक पर यमुना खादर ले गया।

आरोपी ने किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी ने कुछ रुपये देकर पीड़िता को जुबान बंद रखने के लिए धमकाया। किशोरी को घर के पास छोड़कर फरार हो गया। परिवार किशोरी को लेकर थाने पहुंचा तो वहां उनकी सुनवाई नहीं हुई। कई घंटे चली नारेबाजी के बाद अधिकारी जागे और कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत करवाया।

संक्षिप्त समाचार

हंसराज कॉलेज में युवा काव्य गोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली। हंसराज महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा के सान्निध्य में युवा काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जबीउल्लाह, अभिप्राय त्रिपाठी, सूर्या, प्रभांशु ओझा एवं महेन्द्र प्रजापति ने भाग लिया। अपने कविता पाठ के दौरान हास्य व्यंग्य की अवधी कविता 'कुकुरो बनाया तो देसी बनाया, देहा दंड हमका न बेसी बनाया' से सभागार में उपस्थित तमाम लोगों को हँसाते हँसाते लोटपोट कर दिया। वहीं महेन्द्र प्रजापति ने अपने गज़ल का एक शेर 'सर झुका के मांगता है वोट ये भीख में, देखना जीत कर तुम्हारा बादशाह हो जाएगा' से राजनेताओं पर करारा प्रहार किया। नजम के उभरते कवि जबीउल्लाह ने अपनी गम्भीर गज़लों से सबको गम्भीर कर दिया। इस युवा काव्य गोष्ठी के आयोजन में डॉ. राजमोहिनी सागर एवं डॉ.राजेश कुमार शर्मा का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम का संचालन प्रभांशु ओझा नेकिया तो वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विजय कुमार मिश्र ने किया। अन्य उपस्थित लोगों में डॉ. नृत्य गोपाल शर्मा, प्रो प्रभात एवं मनीष प्रमुख थे।

पीड़ित महिला का हाल जानने अस्पताल पहुंचे विजेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के अशोक विहार स्थित दीपचन्द बंधु अस्पताल द्वारा प्रसव से कराह रही महिला को भर्ती नहीं करने की सूचना पर विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता अस्ताल पहुंचे। हालांकि अस्पताल में ऐसी किसी भी घटना से इंकार किया है। विजेंद्र गुप्ता ने दावा किया है कि कुछ चश्मीदीदों ने बताया कि इस घटना में गर्भवती महिला को अस्पताल की पार्किंग में ही परिवार की महिलाओं तथा महिला सिक्यूरिटी गार्डों द्वारा प्रसव कराना पड़ा। नेता विपक्ष को परिवार के सदस्यों तथा मौके पर उपस्थित अन्य मरीजों के परिजनों ने बताया कि जांच किये बिना उस प्रसूति-दर्द से पीड़ित महिला को दाखिला देने से इन्कार कर दिया गया। उस महिला को जबरदस्ती डॉक्टर अम्बेडकर अस्पताल ले जाने के लिए दवाब बनाया गया। रात एक बजे जब प्रसव हो गया तब भारत नगर पुलिस को बुलाया गया। मां और बच्चे की हालत बिगड़ती देख पुलिस ने मां और बच्चे को उसी अस्पताल में दाखिल करवाया।

जस्ट डायल को दिल्ली महिला आयोग ने भेजा नोटिस

स्वाती मालीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाती मालीवाल ने स्पा सेंटरों में चल रहे सेक्स रैकेट के मामले में जस्ट डायल को नोटिस भेजा है। दिल्ली महिला आयोग ने पिछले कुछ दिनों में स्पा सेंटरों का निरीक्षण किया और उसमें बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। इन स्पा सेंटर में चल रहे सेक्स रैकेट के मामलों में दिल्ली में 4 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। दिल्ली महिला आयोग ने कंपनी को नोटिस भेजकर पंजीकृत स्पा सेंटरों की जानकारी मांगी है। कंपनी से वेबसाइट पर पंजीकृत स्पा/मसाज सेंटर के नाम, उनका पता, वो जस्ट डायल पर कब से पंजीकृत हैं, पंजीकृत स्पा सेंटर कौन कौन सी सेवाएं प्रदान करते हैं, आदि की जानकारी मांगी है।आयोग के अनुसार सूचना मिली है कि कई लाइसेंस और बिना लाइसेंस वाले स्पा सेंटर ने खुद को वेबसाइट पर पंजीकृत करवा लिया है और लोग अवैध गतिविधियां चला रहे स्पा सेंटर की जानकारी इस वेबसाइट से ले रहे हैं। आयोग ने कंपनी को 26 तारीख तक जवाब देने को कहा है।

उपराज्यपाल पुनर्गठित नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के सदस्यों के साथ।

एलजी ने पुनर्गठित एनडीएमसी के सदस्यों को दिलाई शपथ

नई दिल्ली। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने पुनर्गठित नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के सदस्यों को सत्य और निष्ठा की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सांसद मीनाक्षी लेखी, छावनी बोर्ड के विधायक सुरेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव विजय कुमार देव, गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव गोविंद मोहन, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव नंदिता गुप्ता, दिल्ली की शहरी विकास सचिव मनीषा सक्सेना और विकास आनंद आईएएस ने भी पुनर्गठित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। परिषद का पुनर्गठन गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार एनडीएमसी अधिनियम 1994 की धारा 4 के तहत किया गया है। इसकी अवधि पांच वर्ष की होती है।

अलका लांबा की विस सदस्यता रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चांदनी चौके से आप विधायक अलका लांबा की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने अलका लांबा को अयोग्य घोषित कर दिया है। गोयल ने आप विधायक सौरभ भारद्वाज की याचिका पर यह फैसला दिया। अयोग्य घोषित होने के बाद अलका लांबा ने ट्वीट कर आम आदमी पार्टी को फटकार लगाने के साथ-साथ आप के कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया।

सदस्यता रद होने का फैसला 6 सितंबर से लागू माना जाएगा क्योंकि इस दिन अलका लांबा ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। अलका लांबा ने ट्वीट कर का कि आप के साथ मेरा सफर आज यहीं समाप्त हुआ। धन्यवाद करती हूं आप के उन सभी कार्यकर्ताओं का जिनके सहयोग से वह पार्टी के भीतर खत्म होते लोकतंत्र और एक आदमी की तानाशाही के खिलाफ लड़ पाई। आगे की लड़ाई अब जनता के बीच रहकर लड़ी और जीती जायेगी। सत्ता का घमंड अब अधिक दिन तक नहीं रहेगा। मालूम हो कि अलका लांबा पिछले कुछ समय से आप नेतृत्व खासकर पार्टी के मुखिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली से नाराज चल रही थीं।



डेंगू मुक्त दिल्ली के लिए मैदान में उतरेंगे चैंपियंस

मुख्यमंत्री ने अभियान को बनाया और भी आक्रमक, दोस्तों और रिश्तेदारों को शामिल करने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डेंगू के खिलाफ मुहिम को और भी आक्रमक बना दिया है। उन्होंने बीमारी से निपटने के लिए एक और अभियान शुरू किया है।

10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान को डेंगू चैंपियंस नाम से विस्तार देकर उन्होंने जन भागीदारी को बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसके तहत 10 बजे अपने घर की जांच के दस मिनट बाद दोस्तों और रिश्तेदारों को भी घर की जांच करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जल जनित बीमारियों का कारण बनने वाले मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए जन भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इसी के मद्देनजर इस नए अभियान को शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से लोगों को अन्य लोगों के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराया जाएगा। सरकार और लोगों के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से दिल्ली को डेंगू मुक्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ट्विटर के जरिए लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस रविवार सुबह 10 बजे अपने घर की साफ-सफाई करने के बाद अपने 10 दोस्तों या रिश्तेदारों को फोन कर उन्हें भी

अपने घर में जमा पानी को बदलने या साफ करने के लिए प्रेरित करें। केजरीवाल के अनुसार डेंगू के खिलाफ अभियान को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। इसी कारण इस अभियान के तीन सप्ताह होने के बाद इसे विस्तार दिया गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के इस अभियान को विभिन्न हस्तियों और नेताओं का भी समर्थन मिला है। जिसमें तपसी पन्नू, इमरान हाशमी, राहुल देव, महेश भट्ट, राजदीप सरदेसाई, फेय डिसूजा और कपिल देव जैसी हस्तियां भी शामिल हैं। इन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एंटी डेंगू अभियान को बढ़ावा दिया।

सीएम के अनुरोध पर उपराज्यपाल अनिल बैजल ने भी अभियान के समर्थन में अपने आधिकारिक निवास का निरीक्षण किया और डीडीए वीसी और दिल्ली पुलिस आयुक्त को ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कच्ची कॉलोनियों पर भाजपा का पर्दाफाश करेगी आप : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा के झूठ का आम आदमी पार्टी पर्दाफाश करेगी। आप ने भाजपा शासित केंद्र सरकार पर कच्ची कालोनियों को पक्का करने के नाम पर यहां रहने वालों के साथ धोखा करने का आरोप मढ़ा है।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इसके खिलाफ आंदोलन चलाएगी और 21 सितंबर को दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में जाकर धोखा दिवस के रूप में भाजपा के इस धोखे के बारे में लोगों को बताएगी। ताकि कच्ची कॉलोनियों के लोग 22 तारीख को जब भाजपा के लोग उनसे मिलने आएं तो वे भाजपा नेताओं से सवाल पूछ सकें कि जब जुलाई में 1 महीने में कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने का वादा किया गया था। तो अब 6 महीने का समय क्यों मांग रहे हो।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने हाल ही में एक बयान जारी करते हुए कहा था कि भाजपा 6 महीने के भीतर दिल्ली की सारी कच्ची कॉलोनियों को पक्का करेगी।

तिवारी के इस बयान पर आप की प्रवक्ता आतिशी ने पलटवार करते हुए कहा कि क्या अब भाजपा भी कांग्रेस बन गई है क्योंकि कांग्रेस हमेशा चुनाव से पहले कच्ची कॉलोनियों को नियमित करने का वादा करती रही है। आज भाजपा भी वही काम कर रही है।

गुरुग्राम निगम की नई पहल, प्लास्टिक दो...बदले में अनाज-कूपन लो

संजय कुमार मेहरा । गुरुग्राम

पुराने नगर निगम कार्यालय में लगी प्लास्टिक डंप करने की रिबोट मशीन।

देश में जिस तरह से सिंगल यूज प्लास्टिक की वजह से समस्या पैदा हो रही है उससे निपटने को बड़े पैमाने पर यह काम करना जरूरी हो गया है कि इसका तोड़ निकाला जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक को यूं ही फेंक देने वालों को हम यह कहना चाहते हैं कि उस प्लास्टिक को यूज करके फेंके नहीं, बल्कि उससे भी आप फायदा उठा सकते हैं। उससे कमाई कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से अपील की गई है कि हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले, प्रदूषण पैदा करने वाले, सीवरेज चॉक कर देने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करना है। इसके लिए उन्होंने डैड लाइन दीपावली तक रखी है। यानी दीपावली तक हमें सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पा लेनी है। इसी को लेकर यहां नगर निगम की ओर से पहल की गई है। पहल ऐसी जो कि हर किसी के लिए फायदे का सौदा बन सकती है। पुराने नगर निगम कार्यालय परिसर में रिलायंस की ओर से दान की गई रिबोट मशीनें लगाई गई हैं। इन दोनों मशीनों में आप सिंगल यूज प्लास्टिक को डालें और बदले में पेटीएम कूपन लें। अगर आप पानी की बोतल खरीदकर पानी पीते हैं तो उसे जहां-तहां फेंके नहीं, बल्कि उसे इस मशीन में डाल दें। मशीन बदले में आपको पेटीएम कूपन देगी। यानी आम के आम गुठलियों के दाम आपको मिलेंगे। सिर्फ प्लास्टिक की बोतल ही नहीं, बल्कि आप इसमें प्लास्टिक की थैलियां भी डाल सकते हैं। इसके अलावा यूरोनिक्स के सहयोग से प्लास्टिक के बदले अनाज की योजना भी शुरू की गई है। सिंगल यूज प्लास्टिक खत्म करने की दिशा में यह सराहनीय कदम है। क्योंकि आज सिंगल यूज प्लास्टिक की वजह से बहुत सी समस्यायें हमारे सामने खड़ी हो गई हैं। यह ऐसा प्लास्टिक है, जो कि न तो वर्षों तक गलता है। अगर जलाया जाता है तो सबसे अधिक प्रदूषण फैलाता है। इससे हमारा पर्यावरण खराब होता है। पर्यावरण में खराबी की वजह से बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि इस दिशा में कदम उठाये जायें।

दो मशीनें लगी, जल्द ही दो और लगेंगी

इस बारे में नगर निगम के ज्वॉइंट कमिश्नर इंद्रजीत कुल्हड़िया ने कहा कि अभी तो मशीनें लगी। एक मशीन तो बादशाहपुर सब-तहसील में लगी है और दूसरी पुराने नगर निगम कार्यालय में। प्लास्टिक की बोतल के बदले में लोगों को पेटीएम का कैश कूपन मिलेगा। वह कूपन किसी भी परचेजिंग पर छूट के लिए होगा। जल्द ही दो मशीनें और आ जाएंगी, जिन्हें उन पब्लिक प्लेस पर लगाया जाएगा, जहां अधिक प्लास्टिक का सामान फेंका जाता है। अनाज वाली मशीन से जितने वजन का प्लास्टिक डाला जाएगा, उतने ही वजन का अनाज (चावल) उसमें से निकलेगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक खत्म करने की दिशा में या फिर उसे इधर-उधर फेंकने की बजाय यहां मशीनों में डालें, ताकि पैदा होने वाली समस्याओं को रोका जा सके।

जल, थल, वायु के मुद्दे पर जागरूक हो गुरु द्रोण नगरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिस तरह से हमारे देश में जल सेना, थल सेना और वायु सेना सुरक्षा की कमान संभाले हैं, उसी तरह से हम सबका भी कर्तव्य है कि इन तीनों विषयों पर हम जागरूक बनें और पानी बचाने, धरती को हरा-भरा करने और वायु को प्रदूषित होने से बचाने पर काम करें। यह काम भी देशसेवा से कम नहीं है। यह बात समाजसेवी एवं बीजेपी जिला सचिव नवीन गोयल ने यहां राजीव नगर और फिरोजगांधी कॉलोनी में जनसमूह को संबोधित करते हुये कही।

तीनों ही विषयों पर ग्रीन, क्लीन और फिट गुरुग्राम का झंडा उठाकर चले रहे नवीन गोयल ने शहर की जनता को जागरूक करते हुये कहा कि प्रदूषण से मुक्ति अगर हम चाहते हैं तो हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिये। एक व्यक्ति भी अगर एक पेड़ लगाकर उसकी संभाल करे तो यह हो नहीं सकता कि हम अपनी धरती को हरा-भरा बनाने में किसी से कम रहें। घर के कार्यक्रमों के बहाने हम खुद यह काम करके अपने दोस्तों, रिश्तेदारों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को अपने इस अभियान से भी जुड़ने का अनुरोध किया, ताकि सब मिलकर भी यह काम कर सकें। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे को लेकर भी उन्होंने यहां लोगों से अपील की। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को भी नुकसान देता है और हमारे सीवरेज सिस्टम को चॉक करने के साथ धरती के लिए भी खतरनाक होता है।

पौधे देकर लोगों से की पौधारोपण की अपील : गुरुवार को नवीन गोयल की ओर से पौधे वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि घर-घर में पौधे पहुंचे और उन्हें रोपकर वे पर्यावरण सुधारने की दिशा में काम करें। जल संरक्षण के लिए उन्होंने जल संरक्षण अभियान के तहत लोगों को जल बचाने के कई सुझाव बताये। इन छोटी-छोटी बातों को हम अपने जीवन में अपनाकर देश, समाज और खुद पर बहुत बड़ा उपकार कर सकते हैं। जिस तरह से नियमित रूप से गुरुग्राम जिला का जल स्तर नीचे जा रहा है। उस हिसाब से आने वाले समय में और भी अधिक पानी की किल्लत होने वाली है। ऐसे में हम आगे आकर अधिकाधिक पेड़-पौधे लगाएं।

संक्षिप्त समाचार

पौष्टिक आहार के लिए जागरुकता रैली निकाली

सोहना। महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने महिलाओं को पौष्टिक आहार गुण, लाभ और आवश्यकता का पाठ रैली के माध्यम से पढ़ाया। रैली में घरेलू महिलाओं से लेकर सुपरवाइजर, ग्राम पंचायत सरपंचों ने भी भाग लिया। बुधवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की सीडीपीओ सपना अरोड़ा के नेतृत्व में पौष्टिक आहार का महत्व, गुण, लक्षण, कब और कैसे-कैसे उपयोग करना चाहिए को लेकर रैली का आयोजन किया। रैली को खंड की सबसे अमीर ग्राम पंचायत भोंडसी की सरपंच दुर्गा देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय से शुरू होकर सोहना के वार्ड-9 की आईटीआई कॉलोनी में समाप्त हुई। सीडीपीओ सपना अरोड़ा ने रैली के माध्यम से और घरों से बाहर रैली देखने आई महिलाओं को मौखिक रूप से पौष्टिक आहार की गुणवत्ता बताई। उन्होंने महिलाओं को बताया कि पौष्टिक आहार कब और कितनी मात्रा में लेना चाहिए। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को भी अपने-अपने सर्कल में रैलियों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को पोष्टिक आहार की उपयोगिता, गुणवत्ता और बनाने की विधि का भी ज्ञान दिया। रैली के आयोजना की जिम्मेदारी सुपरवाइजर अंजू रानी ले ली हुई थी।

अवैध हथियार रखने वाला बदमाश गिरफ्तार

सोहना। क्राइम ब्रांच चार डीएलएफ-4 पुलिस की टीम ने सोहना निवासी युवक को अवैध हथियार रखने के जुल्म में गिरफ्तार किया है। जिसके पासे अवैध हथियार बरामद किया है। क्राइम ब्रांच चार डीएलएफ-4 पुलिस में तैनात हवलदार कुलदीप सिंह ने अपनी टीम के साथ सोहना की शिव कॉलोनी में रहने वाले सुरेन्द्र उर्फ रोकी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी के दौरान कट्टा बरामद किया है। जो लेकर घूमता रहता है। कुलदीप ने सोहना सिटी थाना में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि सुरेन्द्र उर्फरोकी उसके घर के पास मंगलवार को गिरफ्तार किया। जो अवैध हथियार रखकर घूमता रहता है। जो किसी भी अपराधीक वारदात को अंजाम दे सकता है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया। अदालत ने जेल भेज दिया है।

दो दिवसीय तीरंदाजी होगी सोहना में

सोहना। जिला तीरंदाजी संघ स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में दो दिवसीय प्रतियोगिता 22 और 23 सितम्बर को कराएगा। जिसमें इंडियन आर्चरी व कम्पाउंड आर्चरी के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला तीरंदाजी संघ के सचिव सूरजप्रकाश ने बताया कि सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में 22 और 23 सितम्बर को तीरंदाजी प्रतियोगिता कराई जा रही है। जिसमें अंडर-14,17,19 और वष्ठि खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में पहला, द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी पंचकूला में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

स्कूली बच्चों को डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूक किया

सोहना। सोहना के राजकीय प्राथमिक टू स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू व मलेरिया बीमारी से बचाव और सुझाव की जानकारी दी। गुरुवार को सोहना के नागरिक अस्पताल से डॉक्टर कुल भूषण के नेतृत्व में एक टीम ने शहर के राजकीय प्राथमिक टू स्कूल का दौरा किया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों को डेंगू व मलेरिया बीमारी से बचाव के सुझाव दिये। विद्यार्थियों को अपने घरों के आस-पास गंदा पानी जमा न होने की सलाह दी। डॉक्टर कुलभूषण ने विद्यार्थियों को बारीकी से अपने बताते हुए अभिभावकों को भी इस संबंध में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा तीन, चार व पांच में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने डॉक्टर की के सुझाव व बचाव की बातों को ध्यानपूर्वक से सुना।

एक महीने बाद भी नहीं हुई गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी

नूंह। नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत एक गांव से एक विवाहिता के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मामले को दर्ज हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। आरोप है कि आरोपी पुलिस से मिले हुए हैं, जिसके कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। पीड़िता ने बताया कि मामले को लेकर एसपी तक गुहार लगाई है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। पीड़िता ने बताया कि एक महीने पहले बीती 17 अगस्त को वह बाजार से सामान लेकर अपने घर लौट रही थी। आरोप है कि तभी जगराम व राज राम नाम के दो युवक पीड़िता को जबरन गाड़ी में डालकर जंगलों में ले गए। पीड़िता का आरोप है कि दोनों लोगों ने उसके साथ दरिंदगी की और बाद में पीड़िता को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। अगले दिन पुलिस में शिकायत दी, जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी की सीघ्र प्रभाव से मांग की है, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके।

पुलिस ने पकड़ी शराब से लदी ऑटो, तीन गिरफ्तार

गुरुग्राम। विधान सभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से लदे एक सीएनजी ऑटो को बरामद करते हुए तीन लोगों को गिर तार किया है। सभी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। हालांकि बाद में उन्हें पुलिस जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर-31 की टीम ने शराब से लदे एक सीएनजी ऑटो को पकड़ने के साथ ही एक अभियुक्त को भी काबू किया। ऑटो से 16 पेटी देशी शराब बरामद हुई। इस पर पुलिस ने शराब बरामद करते हुए आटो को कब्जे में ले लिया। बुधवार को अपराध शाखा ने मुखबीर की सूचना पर यह कार्रवाई की। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान विमलेश निवासी मैनपुरी के रुप में की गई है। इसके खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। हालांकि बाद में उसे पुलिस जमानत पर छोड़ दिया गया। इसी तरह राजेंद्र पार्क थाना पुलिस ने धनवापुर चौक से पिनकू चौधरी नाम के व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस को 400 पौव्वे देशी शराब के बरामद हुए। इसी तरह शहर थाना पुलिस ने जैकमपुरा से मनोज नाम के व्यक्ति को 120 पौव्वे देशी शराब के साथ दबोच लिया।

ग्रीन बेल्ट : निगम पार्षद आरएस राठी ने किया शुभारंभ

गुरुग्राम। गुरुवार को वार्ड 34 के निगम पार्षद आरएस राठी ने गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड के साथ सटी जी-एच ब्लॉक ग्रीन बेल्ट को विकसित करने का नारियल फोड़कर काम शुरू कराया गया। इस दौरान जी, एच ब्लॉक व सिल्वर ऑक्स के दर्जनों रेजीडेंट्स मौजूद रहे। यह ग्रीन बेल्ट लगभग एक किलोमीटर लंबी है। पार्षद राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर ब्रिस्टल चौक से लेकर खुशबु चौक तक डीएलएफ फेज-1 की जी-एच ब्लॉक से सटी ग्रीन बेल्ट खस्ता हालत में है, रेलिंग टूटी हुई है, पेड़ अव्यवस्थित है, लाइट एवं ट्रैक नहीं है। कई जगह गंदगी के भी ढेर लगे हुए है। अब नगर निगम से ग्रीन बेल्ट को लगभग 70 लाख रुपये की लागत से विकसित कराया जा रहा है। गुरुवार को स्थानीय रेजीडेंटस की मौजूदगी में नारियल फोड़कर इसका काम शुरू कराया गया। इस ग्रीन बेल्ट में वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा, शाम के समय वॉक करने के लिए लाइटें भी लगेंगी, नए सिरे से पौधे एवं घास लगाई जाएगी। इसके अलावा दोनों तरफ से ग्रिल मरम्मत का भी काम कराया जाएगा। इस ग्रीन बेल्ट के विकसित होने से आस-पास रहने वाले 2000 से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। यहां लोग सुबह-शाम वॉक कर सकते है, किचन गार्डनिंग भी की जा सकती है। इससे पहले भी एच ब्लॉक की शुरूआती ग्रीन बेल्ट को भी आरडब्ल्यूए व निगम पार्षद के सहयोग से विकसित कराया गया, निगम की तरफ से साफ-सफाई की मदद की गई और वॉकिंग ट्रैक बनाया।

सोहना घाटी में बेकाबू ट्रैक्टर बिजली के खंभे से टकराया

सोहना। चालक की दिलेरी से सोहना घाटी में उतरा रहा बेकाबू ट्रैक्टर सड़क किनारे बने मकान व दुकान में घुसने से बचा लिया, लेकिन हादसे में ट्रॉली पर बैठा 25 वर्षीय मजदूर घायल हो गया। जिसे सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने उसे गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

गुरुवार को सोहना घाटी के साथ लगते मकान व दुकान में बड़ा हादसा होने से बच गया। ट्रैक्टर चालक रामसिंह ने बताया कि वह सोनीपत से सोहना आ रहा था। घाटी में उतरते समय ट्रैक्टर के ब्रेक कम लग रहे थे। घाटी के मोड़ पर सामने से आए वाहन को बचाने के दौरान ट्रैक्टर बेकाबू हो गया। जो सड़क के किनारे बने मकानों की तरफ जाने लगा। मकानों से बचाया तो वह साथ बनी दुकानों की तरफ दौड़ने लगा, लेकिन चालक रामसिंह ने ट्रैक्टर को मकान व दुकान में घुसने से बचाते हुए सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकराने दिया। इस दौरान ट्रॉली पलट गई। ट्राली के बाक्स पर बैठा मजदूर लोहे के पाइपों के साथ सड़क पर जा गिरा। जिससे उसकी गर्दन, सिर, मुंह व हाथ-पैरों में चोटें लगी। घायल मजदूर को सोहना के नगारिक अस्पाल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

बीते 8 माह में चार वाहन पलटें : वर्ष 2019 में जनवरी से लेकर अब तक घाटी से उतरते समय बेकाबू हुए अब तक कुल चार वाहन आबादी क्षेत्र के आस पास आकर पलटें है। करीब एक माह पहले काले तेल से भरा टैंकर भी इसी स्थान पर ब्रेंक फेल होने पर पलटा था। जिसमें कोई जनहानि नहीं हुई थी। इससे पहले भी घाटी में 2 दो अन्य वाहन पलट चूके है, लेकिन जनहानि किसी भी हादसे में नहीं हुई है।

तीरंदाज प्रतियोगिता में खुशी गुलिया ने हासिल किया प्रथम स्थान

गुरुग्राम। प्रदेश स्तर की जींद में चल रही स्कूली तीरंदाज प्रतियोगिता के फाइनल में खुशी गुलिया ने प्रथम. स्थान हासिल कर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। गुरुग्राम की बिटिया की सफलता पर विभिन्न संस्थाओं के नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

उल्लेखनीय है की जीन्द में हरियाणा की प्रदेश स्तरीय स्कूली तीरंदाज प्रतियोगिता में पांच प्रतियोगिताओ में अंड़र 14 वर्ग आयु की प्रतिस्पर्धा में तीन हजार प्रतिभागीयों की भीड़ में चयनित 12 फाइनल प्रतिभागियो में खुशी गुलिया ने प्रथम स्थान हासिल कर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। मुख्य प्रशिक्षक भगवत ने और कोच अमित डागर ने कहा है कि बालिका की योग्यता का यह पड़ाव नहीं है। उन्हें उम्मीद है कि हरियाणा की और से आगामी निर्धारित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में यह बिटिया हरियाणा का नाम रोशन करेगी। शुभकामना देने वाले परिचितो का तांता लगा है।

सेवा सप्ताह : जीएल शर्मा ने लगाई झाड़ू

लोगों को सिंगल प्लास्टिक यूज से मुक्ति और जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिलाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर 15 पार्ट दो की मार्केट और आसपास स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्र में झाड़ू लगाकर लोगों को प्रेरित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता जीएल शर्मा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सवा सप्ताह के रूप में मनाने के तहत सेक्टर 15 पार्ट दो की मार्केट और आसपास स्वच्छता अभियान चलाया।

कार्यकर्ताओं की टीम के साथ जीएल शर्मा ने कड़कती धूप में मार्केट एवं आसपास के क्षेत्र में झाड़ू लगाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। साथ ही सिंगल प्लास्टिक यूज खासकर पॉलिथीन से छुटकारा एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री दामोदर दास नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव (14 से 20 सितंबर) को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को स्वच्छता ही सेवा, जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा सिंगल प्लास्टिक यूज से छुटकारा की प्रेरणा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 14 से 20 सितंबर तक के समय को पूरे देश में सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सभी देशवासियों को स्वच्छता ही सेवा, सिंगल प्लास्टिक यूज से मुक्ति और जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प सभी देशवासियों को लेना चाहिए। स्वछता अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा सपना है। स्वच्छता को जीवन में अपनाकर हम पूर्ण स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश सेवा को प्रधानमंत्री के नाते नहीं बल्कि प्रधानसेवक के रूप में लिया है। सेवक की तरह प्रधानमंत्री देश और देश की 125 करोड़ जनता की सेवा में दिन-रात जुटे हैं। इस दौरान शीतला मंडल उपाध्यक्ष राजेश दत्ता, मंत्री ब्रिजेश मिश्रा, दयानंद मंडल के मंत्री मदन शर्मा, अर्जुन मंडल के महामंत्री सोमदत्त वशिष्ठ मौजूद थे।

फिरोजपुर में टिकट के लिए मारा-मारी

फिरोजपुर झिरका के नेताओं की सांसें हो रहीं तेज

रिजवान खान। पिनगवां

मम्मन खान।

नसीम अहमद।

मुंडल।

आजाद।

जैसे जैसे विधानसभा चुनाव का वक्त नजदीक आता जा रहा है, ठीक वैसे ही फिरोजपुर झिरका के नेताओं की सांसें भी तेज होती जा रही हैं। इसके अलावा फिरोजपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच सुगबुगाहट भी तेज हो चुकी है।

जहां नेता लोग अपनी टिकट को लेकर मारा-मारी कर रहे हैं। तो वहीं आम आदमी आचार संहिता का इंतजार कर रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि बीजेपी और कांग्रेस टिकट का प्रबल दावेदार कौन होगा? कांग्रेस के टिकट की बात की जाए तो इस रेस में कई नेता शामिल हैं। जिनमें मम्मन खान, आजाद मोहम्मद, अमन अहमद शामिल हैं। जिनमें पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद एक पुराने चेहरे माने जाते हैं। देखने वाली बात यह है कि कांग्रेस सरकार पुराने चेहरे पर अपनी किश्मत आजमाती है या फिर नए चेहरे पर दांव खेलती है।वहीं बीजेपी के टिकट के लिए जहां आलम उर्फ मुंडल पिछले दस साल से लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं तो वहीं विधायक नसीम अहमद भी दो पार्टियां छोड़कर बीजेपी में शामिल होकर टिकट की जुगत में हैं, लेकिन ये तो वक्त ही बताएगा कि आलम उर्फ मुंडल की दस साल की मेहनत रंग लाती है या फिर नए नवेले पार्टी में शामिल हुए नसीम अहमद टिकट की बाजी मार जाते हैं, लेकिन इतना जरूर है कि बीजेपी में पिछले दस साल से मेहनत कर रहे आलम उर्फ मुंडल का बोल बाला कुछ ज्यादा है।

डंपर की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

सोहना। गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर भोंडसी के पास हाईवा डंपर की टक्कर से इको कार सवार 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। कार चला रहा पति बाल-बाल बच गया। भोंडसी पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

गांव अलीपुर निवासी 45 वर्षीय संजय ने बताया कि वह गुरुवार सुबह साढ़े बजे अपनी बीमार पत्नी 35 वर्षीय बीना को घर से बादशाहपुर इको कार में लेकर जा रहा था। वह चालक सीट के पास बैठी थी। भोंडसी के मारुति कुंज मोड़ के पास पहुंचा तो सामने जा रहा हाईवा डंपर चालक ने अचानक से ब्रेक लगाए। उसकी इको हाइवा डंपर के पीछे चल रही थी। डंपर अचानक रुकने से वह अपनी कार को संभाल नहीं सका। उसकी इको डंपर के पीछे घुस गई। उसकी पत्नी बीना का सिर डंपर की बॉडी से जा टकराया। जब तक वह बीना को पास के किसी अस्पताल में लेकर पहुंचता। उससे पहले बीना ने दम तोड़ दिया।

डंपर चालक ने पति को भी कुचलने का किया प्रयास : कार चालक संजय ने बताया कि उसने डंपर रुकवाने के इरादे से करीब तीन किलोमीटर तक उसका पीछा किया। जब भी वह डंपर को क्रोस करने की कोशिश करता। तभी डंपर चालक उसे टक्कर मारने की कोशिश करता। एक बार जब वह डंपर से आगे निकला तो डंपर चालक ने उसकी कार कुचने के इरादे से टक्कर मारी, लेकिन वह बच गया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित की तलाश

गुरुग्राम। दिल्ली की युवती से गुड़गांव में दुष्कर्म किए जाने के मामले में गुरुग्राम की सेक्टर-5 थाना पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। हालांकि आरोपित फरार है जिसकी तलाश में पुलिस उसके संभावित

जगहों पर दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में सबसे पहले पीड़िता ने इसकी शिकायत दिल्ली के अमन विहार थाने में दी थी। शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर उसे गुरुग्राम भेज दिया था। बाद में सेक्टर-5 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आपको बता दें कि दिल्ली के रोहिणी निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत बताया था।

गुरुग्राम में एग्री उड़ान 3.0 रोड शो का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ए-आइडिया और नेशनल अकादमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेन्ट (एनएएआरएम) 20 सितंबर 2019 को गुरुग्राम में खाद्य एवं कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देनेवाले अपने प्रमुख कार्यक्रम एग्री उड़ान 3.0 के तीसरे संस्करण के दूसरे रोडशो का आयोजन करेंगे।

एग्री उड़ान 3.0 पांचवां रोड शो गुरुग्राम में 20 सितंबर 2019 को 91 स्प्रिंगबोर्ड, उद्योग विहार, सेक्टर नं 18 में आयोजित किया जाएगा। 20 सितंबर 2019 को दोपहर 2:30 बजे से होनेवाला है। भाग लेने के इच्छुक लोग दोपहर 2:00 बजे से नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और इस आयोजन के साक्षी बन सकते हैं। एग्री उड़ान खाद्य एवं कृषि व्यवसाय को गति देता है, जिसका आयोजन ए-आइडिया, एनएएआरएम द्वारा किया जाता है और यह कार्यक्रम गहन निरीक्षण, उद्योग नेटवर्किंग और निवेशक के लिये आकर्षण के माध्यम से खाद्य एवं कृषि व्यवसाय के स्टार्टअप्स का परिमाण बढ़ाने पर केन्द्रित है। ए-आइडिया, एनएएआरएम ने वर्ष 2015 में सीआईआईई, आईआईएम-ए के साथ मिलकर भारत का पहला खाद्य एवं कृषि व्यवसाय उत्प्रेरक लॉन्च किया था, जिसमें 192 स्टार्टअप्स ने आवेदन किया, जिनमें से 20 स्टार्टअप्स को संरक्षण प्रदान किया और आठ स्टार्टअप्स को क्षमता निर्माण से सहयोग दिया।

इन 8 स्टार्टअप्स में से 3 स्टार्टअप्स को कुल 3 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली। इसके बाद, वर्ष 2017 में खाद्य एवं कृषि व्यवसाय उत्प्रेरक एग्री उड़ान 2.0 के द्वितीय संस्करण को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के सहयोग से लॉन्च किया, जिसमें कैस्पियन इम्पेक्ट इनवेस्टमेन्ट्स, यस बैंक, मैरिको इनोवैशन फाउंडेशन, एनईएमएल, आदि की भागीदारी भी थी। 579 स्टार्टअप्स ने आवेदन किया, इनमें से 40 स्टार्टअप्स को संरक्षण प्रदान किया, 10 स्टार्टअप्स के समूह का चयन हुआ, जिसे बाद में सहयोग मिला, जिनमें से 3 स्टार्टअप्स को कुल 6.25 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई।

ए-आइडिया (एसोसिएशन फॉर इनोवेशन डेवलपमेन्ट ऑफ एंट्रप्रेन्योरशिप इन एग्रीकल्चर) एक प्रौद्योगिकी व्यवसाय संरक्षक (टीबीआई) है, जिसकी मेजबानी आईसीएआर-नेशनल अकादमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेन्ट (आईसीएआर-एनएएआरएम), हैदराबाद द्वारा की जाती है। यह एक प्रमुख कृषि केन्द्रित संरक्षक है, जिसे वर्ष 2014 में स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत लॉन्च किया था और इसे भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का सहयोग प्राप्त है। क्षमता निर्माण के माध्यम से शक्तिशाली कृषि व्यवसाय एवं प्रौद्योगिकी उपक्रमों को समर्थन करना, ज्ञान और संसाधनों तक पहुंच को सुगम बनाना इसका मिशन है। एग्री उड़ान, खाद्य एवं कृषि व्यवसाय उत्प्रेरक 3.0 एक अर्द्धवार्षिक कार्यक्रम है, जिसके पहले माह में ए-आइडिया देशभर में रोडशो का आयोजन करता है, जिसमें स्टार्टअप्स के आवेदन के लिये ऐप्लीकेशन विंडो भी खुली रहती है। इसके बाद स्टार्टअप्स का चयन जांच के तीन चरणों द्वारा किया जाता है, जो प्रत्यक्ष और भौतिक होते हैं और फिर अंतिम समूह को निर्धारित किया जाता है।

स्टार्टअप का चयनित समूह आईसीएआर-एनएएआरएम कैम्पस, हैदराबाद के ए-आइडिया में तीन दिन की क्षमता निर्माण कार्यशाला से गुजरेगा, जिसके बाद तीन माह निरीक्षण एवं नेटवर्किंग की गतिविधियां होंगी और मेंटर्स वृद्धि के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी मदद करेंगे, जैसे विपणन, बिक्री, शोध एवं विकास, कानूनी, वित्तीय, आईपी, प्रौद्योगिकी, निवेश, आदि । तीन माह के कठोर प्रशिक्षण के बाद यह स्टार्टअप्स फरवरी 2020 को बेंगलुरू और मुंबई में आयोजित होने वाले 2 डेमो डेज में बात रखेंगे।

पुलिस की नाक तले हो रहा नशे का कारोबार

खुलेआम बिक रहे नशे से युवाओं पर पड़ रहा बुरा प्रभाव

नूंह। दिन ढलता है, शाम होती है और नशे की गतिविधियां प्रवार चढ़ने लगती हैं। जैसे ही शाम छह बजते हैं वैसे ही मेवात के युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने का काम तेज गति से शुरू हो जाता है। ये मामला नूंह जिले के पिनगवां कस्बे का है, जहां पर पुलिस थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर दो अलग-अलग ठिकानों पर नशे का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है।

खुलेआम नशे की बिक्री का ये कारोबार आज से नहीं बल्कि कई सालों से किया जा रहा है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान आकृषित नहीं है। जिसके चलते पिनगवां क्षेत्र के युवा तेज गति से नशे की दलदल में फंसते जा रहे हैं। यदि समय रहते नशे की बिक्री पर लगाम नहीं लगी तो युवाओं के हालात बद से बदतर हो सकते हैं। बता दें कि पिनगवां में इन दिनों नगीना-होड़ल पर अस्थल मंदिर के सामने परचून की एक दुकान पर व पूर्व मंत्री के निवास स्थान के पास शराब, गांझा व अफीम जैसे नशीले पदार्थों को निड़र तरीके से बेचा जा रहा है। हालात कुछ इस कदर हैं कि नशा खरीदने वाले को भी थोड़ा बहुत पुलिस का भय नहीं है। जिसके चलते पिनगवां में नशे का ये धंधा तेज गति से फल फूल रहा है।

पिस्तौल दिखाकर लूट ली बच्चों की फीस, दो धरे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बच्चों की स्कूल की फीस भरने के लिए बैंक से रुपये निकालकर जा रहे युवक पर तीन युवकों ने पिस्तौल के बल पर रोक लिया और उससे सात हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित को मारपीट कर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के मुताबिक जसाना गांव निवासी जसराज ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह तिगांव थाना इलाके में बच्चों की स्कूली फीस के लिए बैंक से रुपये निकालकर जा रहा था। उसने कहा कि वह बच्चों की स्कूली फीस जमा करने के लिए बुधवार को गांव में ही स्थित सर्व हरियाणा बैंक से सात हजार रुपये निकाले थे। बैंक से रुपये लेकर वह स्कूल की ओर जा रहा था।

आरोप है कि तभी उसके पास गांव में ही रहने वाले जल्लाद उर्फ सुधीर, मनीष व लीलाराम पहुंच गए। आरोपियों ने जसराज के साथ मारपीट शुरू कर छीना-झपटी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जसराज के ऊपर पिस्टल तान दी। इसके बाद वे उसकी जेब से सात हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। झपटमारी करने के बाद

पीड़ित से मारपीट कर आरोपी मौके से फरार

मामला दर्ज कर तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

आरोपी बाइक पर बैठकर फरार हो गए। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच अधिकारी एएसआई प्रेमदत्त ने बताया कि इस मामले में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर मनीष व लीलराम को अरेस्ट कर लिया गया है। जबकि जल्लाद उर्फ सुधीर की तलाश की जा रही है।

पिज्जा डिलीवरी ब्वाय का अपहरण

फरीदाबाद। सेक्टर 12 स्थित एक पिज्जा रेस्टोरेंट में काम करने वाला डिलीवरी ब्वाय रहस्यमय हालत में लापता हो गया। घटना के दौरान वह सेक्टर 10 स्थित एक मकान में पिज्जा की डिलिवरी देने के लिए गया था। बाद में उसकी बाइक सेक्टर 10 के निकट झाड़ियों से बरामद की गई है।

थाना सेक्टर सात में हसनपुर के हरिमोहन ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह गांव में हलवाई की दुकान चलाता है। उसका 26 वर्षीय भाई कृष्ण सेक्टर 12 स्थित एक पिज्जा रेस्टोरेंट में काम करता है। कृष्ण के साथ गांव का ही हेमराज भी काम करता है। हेमराज ने गतदिवस उसे फोन करके बताया कि कृष्ण रहस्यमय हालत में लापता हो गया। घटना के दौरान वह सेक्टर 10 में पिज्जा की डिलिवरी देने के लिए गया था, लेकिन कई घंटे बाद भी वह लौट कर नहीं आया। कृष्ण का मोबाइल फोन भी बंद पड़ा हुआ है। तलाश के दौरान कृष्ण की बाइक पार्क अस्पताल के पास ग्रीनबेल्ट की झाड़ियों में लावारिस हालत में खड़ी हुई मिली है। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

नीमका जेल में गलती से छोड़ा गया कैदी किया काबू

फरीदाबाद। नीमका जेल के अधिकारियों ने गलती से एक बंदी को छोड़ दिया। इस पर जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट व असिस्टेंट के खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। दूसरी ओर अधिकारियों ने बंदी को पकड़ कर और बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश करके अपनी गलती को सुधारा।

जेल अधिकारियों ने कोर्ट से जमानत अर्जी कैंसिल होने के बाद गलती से एक बंदी को छोड़ दिया था। नीलम-बाटा रोड स्थित श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी ने प्रदीप, कुलदीप और रामनिवास यादव के खिलाफ 24 अक्टूबर, 2018 को कोतवाली थाने में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी कुलदीप और रामनिवास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुलदीप को कोर्ट से जमानत मिल गई, मगर रामनिवास जेल में ही बंद था। उसने 10 सितंबर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग की कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। 16 सितंबर को कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई कर 17 सितंबर के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। शाम को जेल विभाग ने रामनिवास को छोड़ दिया।

श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के एडवोकेट इमरान को इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने मंगलवार को इस संबंध में कोर्ट को अवगत कराया। बुधवार को कोर्ट ने जेल प्रशासन को तलब कर लिया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने कोर्ट के समक्ष स्वीकार किया कोर्ट की ओर से जारी आदेश को समझने में जेल अधिकारियों से गलती हुई है। आदेश में उन्हें लगा कि बंदी को जमानत दे दी गई है। इसलिए बंदी को रिहा कर दिया गया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट संदीप कुमार व असिस्टेंट मोहनलाल के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दोनों को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया है। जेल सुपरिटेंडेंट संजीव कुमार ने बताया कि जेल अधिकारियों की गलती से रिहा किए गए बंदी को जेल प्रशासन ने काबू कर लिया है। बृहस्पतिवार को बंदी को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया गया।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

फरीदाबाद। सूरजकुंड इलाके की एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर उसके ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक महिला थाना एनआईटी को दी अपनी शिकायत में सूरजकुंड के निकट खोरी गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि उसका निकाह सन 2017 में पास में ही रहने वाले सगीर खान के साथ हुआ था। निकाह के दौरान उसके मायके वालों ने काफी दहेज दिया था। इसके बावजूद उसके ससुराल वाले शुरू से ही खुश नहीं थे। वह विवाह के बाद से ही उसे और दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। जिस पर उसने अपने परिजनों से बात की, तो उन्होंने और दहेज देने में असमर्थता जता दी।

इसी बीच उसके परिजनों ने कई बार पंचायतें कीं, लेकिन हर बार ससुरालियों ने कुछ समय बाद से परेशान करना शुरू कर दिया। अपने परिजनों को असहाय पाकर वह ससुराल वालों के तानों को सहन करती रही, लेकिन मायके वालों के असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने उसके पति सगीर खान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

संक्षिप्त समाचार

टेबल टेनिस में दिखाया दमखम

फरीदाबाद। यूनिफाइड टाइटन्स टेबल टेबनिस अकादमी की ओर से रोहतक में आयोजित हरियाणा स्कूल गैम्स टूर्नामेंट में जिले के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 के लड़कों की फरीदाबाद टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसमें ऋषभ, अर्नव, शिवांस, दिव्य, नेरान शामिल हैं। इसी तरह अंडर 14 की लड़कियों की टीम ने भी प्रथम स्थान हासिल किया, जिसमें शानवी, ईशिका हैं। इस के अलावा द्वितीय पोजिशन अंडर 17 के लड़कों ने जीती है, जिसमें अरसद अली, साहिल चुग, दीक्षांत अधलखा, ईशु मलिक, सौमांश शामिल रहे। अंडर 17 की लड़कियों ने प्रथम पोजिशन ली, जिसमें विद्या, परीक्षा, आरूशी, स्नेहा कुमारी शामिल थीं। तीसरी पोजिशन पर दीपक, आर्यन, अखिल, राघव और समर्थ रहे। अंडर 19 में सेकेंड पोजिशन लड़कियों की टीम में तृशा, शैन्या, सलोनी, प्रारानार्थी, कशिश ने जीती।

दो महिलाओं ने लगाई फांसी

फरीदाबाद। दो अलग-अलग क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को दो महिलाओं ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार भाटिया कॉलोनी निवासी देवेंद्र की 24 साल की पत्नी रश्मि ने गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली। इसके अलावा ब्राह्मण वाड़ा निवासी कपिल की पत्नी रेखा ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया इन मामलों में मृतका के परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जापानियों ने गाया राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम

फरीदाबाद। मानव रचना यूनिवर्सिटी में सोका गोकाई इदारे ने दौरा किया। इस कार्यक्रम में जापान से अकियासू शिका, हिरोको ओगूशी समेत 30 लोगों ने हिस्सा लिया। मानव रचना यूनिवर्सिटी के छात्रों कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने फोक गाना और सेमी क्लासिकल डांस कर जैपनीस डेलेगेशन का मनोरंजन किया। जापानी डेलेगेशन ने ओपेरा, जैपनीज गाना और भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् भी गाया, जिस पर सभी झूम उठे। जापानी डेलेगेशन ने मानव रचना कैंपस भी विजिट किया। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ विचार साझा किए। सोका गोकाई आर्गनाइजेशन के अकियासू शिका ने मानव रचना यूनिवर्सिटी का धन्यवाद किया। उन्होंने मानव रचना यूनिवर्सिटी में मौजूद सुविधाओं की काफी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह बहुत जल्द मानव रचना के छात्रों को जापान आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में मानव रचना यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. आईके भट, संगीता बांगा, श्रुति वशिष्ठ समेत कई फैकल्टी मेंबर्स और छात्र मौजूद रहे।

नगर निगम ने मजबूर लोगों से मंगवाया पानी

फरीदाबाद। नगर निगम की काहिली ने एसजीएम नगर स्थित ए. ब्लॉक के लोगों को फिर से निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर दिया। यहां के लोग एक साल से पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। कई शिकायतों और प्रदर्शन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

हरियाणा सरकार की तिजोरियां भरने वाले और दुनिया के मानचित्र पर औद्योगिक नगरी का खिताब पाए इस शहर की बस्तियों की हालत बुनियादी सुविधाओं के अभाव में सी और डी ग्रेड शहर से भी बदतर हो चुकी है। एसजीएम नगर स्थित ए. ब्लॉक के लोगों ने बृहस्पतिवार को निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी संजय, ज्योति,

बलराम, बिंदावती, नरेश भाटिया, समीन, अमित, पूजा, कविता, भावना, भोला, एससी जोशी ने बताया कि निगम अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें एक साल से बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। काम-धंधे से घर लौटकर घर आते हैं, तो पानी की तलाश में निकलना पड़ता है।

एनजीटी की आपत्ति के बावजूद अनीता की वापसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनजीटी की काफी प्रतिकूल टिप्पणियों के बावजूद नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त पद से हटाई गई आईएएस अधिकारी अनीता यादव को फिर से फरीदाबाद मैट्रोपॉलिटिन विकास अधिकरण की अतिरिक्त सीईओ बना दिया गया है। अनीता यादव हाल तक नगर निगम आयुक्त थीं और एनजीटी ने हरियाणा के मुख्य सचिव को आदेश दिया था कि उनकी जगह किसी योग्य अधिकारी को नियुक्त किया जाए।

एनजीटी ने सेक्टर 37 स्थित ग्रीन बेल्ट में लगाए गए पेट्रोल पंप को लेकर नगर निगम से जवाब तलब किया था। निगम प्रशासन ने एनजीटी में जवाब दाखिल करने में करीब नौ महीने लगा दिए, जिससे एनजीटी खासी खफा हो गई और उन्होंने आयुक्त अनीता यादव को लेकर सख्त टिप्पणी कर दी। एनजीटी ने सेक्टर 48 में सीवर के गंदे पानी की वजह से नष्ट हुए पेड, बड़खल झील को पानी से भरने व सैनिक कॉलोनी की सीवर समस्या को लेकर भी अनीता यादव के खिलाफ टिप्पणी की गई। एनजीटी के आदेशों के बाद मुख्य सचिव ने अनीता यादव को निगमायुक्त पद से हटाकर हरियाणा पर्यटन निगम में निदेशक पद पर तैनात किया था। परंतु मात्र एक सप्ताह के अंतराल में ही राज्य सरकार ने अनीता यादव को पुन: फरीदाबाद में नियुक्ति दे दी है। हालांकि जिस पद पर उन्हें यह नियुक्ति दी गई है, वह विभाग पूरी तरह से अस्तित्व में नहीं आया है। इस विभाग में समुचित स्टॉफ व अन्य सुविधाएं भी पूरी तरह से उपलब्ध नहीं

हैं। चर्चा है कि एनजीटी के आदेशों के बाद फरीदाबाद नगर निगम के आयुक्त पद से तबादला होने से अनीता यादव बेहद आहत थीं।

उल्लेखनीय है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सेक्टर 37 में ग्रीन बेल्ट पर बनाए गए एक पेट्रोल पंप के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर निगम आयुक्त अनीता यादव को अयोग्य अधिकारी बताते हुए मुख्य सचिव को उनका उक्त पद से तबादला करने का आदेश दिया था। एनजीटी ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि आयुक्त अनीता यादव भविष्य में निगमायुक्त पद पर नियुक्ति के लायक नहीं हैं। माना जा रहा है कि एनजीटी के आदेशों के अगले ही दिन राज्य सरकार ने अनीता यादव को नगर निगम से हटाकर हरियाणा टूरिज्म में तबादला कर दिया था।

अनीता यादव की ताजा नियुक्त को लेकर लोग सोशल मीडिया पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। उनका कहना है कि एनजीटी के आदेशों का माखौल उड़ाया गया है। हालांकि इस मामले को लेकर अनीता यादव ने नगर निगम की प्लानिंग ब्रांच व डीए ब्रांच के कुछ अधिकारियों को असल दोषी बताया है। इसके लिए उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट करने की सिफारिश की है।

कचरा देख सोनल का जायका बिगड़ा, छह को नोटिस, एक को फटकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने बृहस्पतिवार दोपहर को निगम मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए छह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम मुख्यालय में फैली गंदगी को लेकर निगमायुक्त ने सफाई विभाग का कार्य देख रहे कार्यकारी अभियंता दीपक किंगर को मौके पर बुलाया और गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए निगम मुख्यालय की तुरंत सफाई करने के आदेश दिए।

सोनल गोयल ने अफसोस जाहिर करते हुए कार्यकारी अभियंता दीपक किंगर से कहा कि पूरे शहर में सफाई करवाने वाले नगर निगम का मुख्यालय गंदगी से अटा पड़ा है, यह शर्मनाक है। उन्होंने निगम मुख्यालय में अग्नि शमन संबंधी उपकरण न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधीक्षण अभियंता वीरेन्द्र कर्दम को यह काम तुरंत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान निगम मुख्यालय में जगह-जगह पड़ी हुई टूटी अलमारियां, कुर्सियां और अन्य फर्नीचर को केंद्रीय स्टोर में जमा करने के आदेश अधीक्षण अभियंता को दिए। उन्होंने निगम मुख्य सहित क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कमरों के बाहर शाखाओं का नाम अंकित करते हुए पट्टिका लगाने के भी आदेश दिए। सोनल गोयल ने निगम मुख्यालय के प्रांगण में पेड़ों की छंटाई न होने और निगम मुख्यालय के पार्कों में समुचित रख-रखाव न करने पर असंतोष जाहिर किया और यह कार्य तुरंत करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए। उन्होंने निगम के आईटी सैल में जाकर संपत्ति कर की सेवाओं को ऑनलाइन करने के लिए चल रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और इस कार्य को 3-4 दिन के अंदर पूरा करने के कड़े निर्देश आईटी सैल और कराधान विभाग को दिए।

निगमायुक्त ने पब्लिक डीलिंग से संबंधित जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्यालय और कराधान विभाग की शाखाओं के कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उन्हें यह सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए कि वह आमजन से शालीनता से व्यवहार करते हुए उनके कार्य समयबद्ध तरीके से और सहजता से करें।

शहर में गंदगी और बढ़ेगी, नगर निगम के 21 अफसरों ने दिया इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एक ओर नगर निगम के सामने शहर में सर्व आच्छादित गंदगी के आलम में स्वच्छता सर्वे की रैंकिंग पाना मुश्किल सा लगता है। उस पर कोढ़ में खाज यह है कि निजीकरण की नीतियों ने सफाई व्यवस्था का दारोमदार ईक्रो ग्रीन कंपनी के कंधों पर डाला हुआ है और इस कंपनी के 21 अधिकारियों ने स्वच्छता सर्वे शुरू होने से पहले ही इस्तीफा देकर नगर निगम के सामने एक नई चुनौती पेश कर दी है।

अधिकारियों का आरोप है कि स्थानीय नेताओं ने दबाव से कंपनी के सब ठेके ले रखे हैं और वे मनमानी करती हैं और उसका दोष कंपनी या फिर अधिकारियों पर आता है। राजनैतिक व प्रशासनिक हस्तक्षेप से परेशान होकर ईको ग्रीन कंपनी के 21 अधिकारियों ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। कंपनी के सीनियर जनरल मैनेजर रवि द्विवेदी के नेतृत्व में इन अधिकारियों ने अपने त्याग पत्र ईको ग्रीन प्राईवेट लिमिटेड की एचआर शाखा को भेज दिए हैं। इन अधिकारियों का कहना है कि फरीदाबाद की बिगड़ती सफाई

व्यवस्था को दुरुस्त करने में उन्हें राजनैतिक हस्तक्षेप का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में ईकोग्रीन कंपनी ने हड़ताल करने वाले अपने करीब 300 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिखाया है। इन सफाई कर्मचारियों को हटाए जाने के बाद से नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी धरने पर बैठ गए हैं। सफाई कर्मचारियों के धरने की वजह से फरीदाबाद की सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। गंदगी की वजह से फरीदाबाद की हवा में भी बदबू फैल गई है। इसके बावजूद निगम प्रशासन न तो हड़ताली कर्मचारियों को मना पा रहा है और न ही ईकोग्रीन कंपनी से काम करवा पा रहा है।

इसलिए ईको ग्रीन कंपनी के 21 अधिकारियों ने अपनी नौकरी से इस्तीफा देने में ही अपनी भलाई समझी है। इनमें प्रमुख तौर पर रवि द्विवेदी, तरुण खटाना, हरीश द्विवेदी, मनीष अग्रवाल, सोमवीर चौहान, विनोद देवधर, कुशल कुमार, नंदकिशोर, आशीष दुबे, सिकंदर चौधरी, भूपति, प्रवीण टाकरान, शिव कुमार, निपिन चपराना, मुकेश, पुनीत मित्तल, टीएन मिश्रा, सौरभ वैश्य, सुशील खटाना एवं अनीश जार्ज शामिल हैं।

एनबीए मान्यता के लिए तैयार करेगा वाईएमसीए

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए ने हरियाणा राज्य में संचालित तकनीकी शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में परामर्श एवं सहायक सेवाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय इन शिक्षण संस्थानों को एनबीए मान्यता के लिए जरूरी मानदंड पूरे करने में मदद करेगा। एनबीए मान्यता मिलने से इन संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की आठवीं बैठक में लिया गया।

गांजा तस्कर को दस साल की कैद

फरीदाबाद। गांजे की तस्करी के एक आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक की अदालत ने दोषी करार देते हुए दस साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में लिप्त एक आरोपी को अदालत पहले ही सजा सुना चुकी है।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक अपराध शाखा डीएलएफ में तैनात एएसआई ओमबीर सिंह ने यह मामला 21 अक्टूबर, 2016 को दर्ज करवाया था। उसने अपनी शिकायत में कहा है कि घटना वाले दिन वह अपनी टीम के साथ ग्रेटर फरीदाबाद में गश्त कर रहा था। तभी उसे मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ ही देर में लाल रंग की एक कार में भारी मात्रा गांजा लेकर तस्कर यहां से गुजरेंगे। सूचना के आधार पर उसने खेड़ी रोड पर एसआरएस चौक के पास नाका लगा दिया। थोड़ी ही देर में कार वहां पहुंची, तो पुलिस ने उसे रुकवा लिया। डिग्गी खुलवाने पर उसमें पांच कट्टे रखे हुए थे। एसीपी सराय ख्वाजा यशपाल खटाना की मौजूदगी में कट्टों को खुलवाया गया, तो उसमें 122 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था। उस समय पुलिस ने कार पर सवार खेड़ीकलां गांव निवासी जफरू और पलवल के गांव बड़ौली के रहने वाले बिज्जे को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया था।

हवन-भंडारे संग श्री हनुमंत कथा का समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मानव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री हनुमंत कथा का यज्ञ, हवन व भंडारे के साथ समापन हुआ, जिसमें कलश धारण करने वाली 121 महिलाओं के साथ, मानव परिवार, नीलकंठ महादेव मंदिर प्रबंध समिति और भारत विकास परिषद की संस्कार शाखा के सभी सदस्यों ने भाग लेकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और कथा व्यास श्री कृष्ण गोस्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री कृष्ण गोस्वामी जी ने मानव सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों की सहायतार्थ चलाए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए शहर के दानी सज्जनों और समाजसेवियों से अपील की कि वे समिति के सेवा कार्यों में

तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करें। समिति के चेयरमैन अरुण बजाज, मुख्य यजमान पवन गुप्ता, कार्यक्रम रांतिदेव गुप्ता, अमर बंसल, सुरेंद्र जग्गा, गौतम चौधरी, कैलाश शर्मा, पीपी पसरीजा, अरुण आहूजा, एससी गोयल, दिनेश शर्मा, वाईके माहेश्वरी, पवन बजाज, संजीव शर्मा, चेयरमैन महिला सेल ऊषा किरण शर्मा, रमा सरना, राज राठी, सीमा, मंगला, कमला वर्मा, रेनू चतरथ, मीरा माथुर, सरोज, सरिता गुप्ता मंदिर समिति के पदाधिकारियों, कीर्तन मंडली की सदस्यों ने हवन में भाग लिया और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सेक्टर 10-11 की डिवाइडिंग रोड का पांच करोड़ से होगा कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्थानीय लोग काफी समय से सेक्टर 10-11 की डिवाइडिंग रोड के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे थे। वे इसके लिए उद्योग मंत्री विपुल गोयल से मिले थे। विपुल गोयल ने तत्काल सेक्टर 10-11 की डिवाईडिंग को आरएमसी से निर्माण के लिए चार करोड़ 85 लाख का बजट मंजूर करवा दिया है। इस रोड के निर्माण का भूमि पेजन भी करवा दिया गया है।

मंत्री विपुल गोयल के भतीजे और युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने स्थानीय बुजुर्गों के साथ मिल कर इस आरएमसी रोड के निर्माण कार्य के लिए नारियल फोड़कर और लोगों का मुंह मीठा करवा कर भूमि पूजन

किया। स्थानीय लोगों ने अमन गोयल को माला पहना कर उनका स्वागत किया। आरएमसी रोड की सौगात मिलने पर सभी ने खुशी जाहिर की, क्योंकि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण का लोगों को इंतजार था। अमन गोयल ने कहा कि वे खुद हर वार्ड और हर गली में घूमकर लोगों से मिल रहे हैं और मंत्री विपुल गोयल के माध्यम से उनकी समास्याओं के समाधान की पूरी कोशिश कर रहे हैं। कार्यक्रम में बीएन पांडे, वासुदेव अरोड़ा, राजेश गुप्ता, सुनील आनंद, रोहतास, डीसी मेहता, चौधरी चांद सिंह, गुरमीत सिंह पुरी, सेवाराम, नागर जी, अनिल डांगी, सीमा भारद्वाज, तेज सिंह सैनी, विष्णु गुप्ता, जगदीश जी, शहाबुद्दीन मौजूद रहे।

पार्कों में लगेगा धौलपुर स्टोन

सेक्टर 15 सहित सभी पार्कों की खूबसूरती के लिए पार्कों की दीवारों पर धौलपुर स्टोन लगाने के कार्य का अमन गोयल ने शुभारंभ किया। अमन गोयल के साथ सभी सेक्टरों के निवासियों ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। 38 लाख की लागत से दीवारों पर लगने वाले धौलपुर स्टोन फिट होने के बाद पार्कों की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। इस अवसर पर आरके विज, आरके मलहोत्रा, रमेश खुराना, टीआर आरोड़ा, दलजीत चड्ढा, एनडी नागपाल, अजय जुनेजा, कृष्ण कक्कड़, दर्शन लाल मलिक, आरएन बत्रा, आनंद गुप्ता, संजय बत्रा, नीरज चावला कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सशस्त्र बलों में 2029-30 तक 75% देशी तकनीक

● स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस को उड़ाने के बाद बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी। बेंगलुरू

स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस को उड़ाने के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सशस्त्र बलों में 2029- 30 तक 75 फीसदी देशी तकनीक का इस्तेमाल होगा। सिंह ने बृहस्पतिवार की सुबह बेंगलुरू में एचएएल हवाई अड्डे से तेजस लड़ाकू विमान को उड़ाया। इसके साथ ही सिंह पहले रक्षा मंत्री बन गए हैं जिन्होंने देश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान को उड़ाया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के उत्पादों की प्रदर्शनी के बाद सिंह ने यहां कहा, 2029- 30 तक देशी तकनीक का इस्तेमाल करीब 75 फीसदी हो जाएगा। किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि हम इस तरह से देशी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं जब हम अपने देश में ही सौ फीसदी सामान बनाएंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस में गुरुवार को उड़ान भरने के बाद मीडिया को संबोधित किया।

डीआरडीओ की प्रदर्शनी में मंत्री ने कहा, आज मैंने जो देखा है और मैंने जो सुना है, उस आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि पूरे देश को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ न केवल भारत में विश्वसनीय संगठन है बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिल रही है। उन्होंने कहा, हथियार, गोला-बारूद भारत में ही बनाए जा रहे हैं, हम धीरे-धीरे इस तरह से क्षमता निर्माण कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि हमारी निर्यात क्षमता भी बढ़ रही है।

मंत्री ने कहा, हाल में विकसित एसैट (उपग्रह भेदी) मिसाइल, बालाकोट हवाई हमले में नेत्र का इस्तेमाल और हाल में हवा से हवा में मार करने वाले मिसाइल अस्त्र का सफल परीक्षण दिखाता है कि डीआरडीओ में देश का विश्वास मजबूत हुआ है। नेत्र एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूसी) विमान है और फरवरी में भारतीय वायुसेना द्वारा बालाकोट (पाकिस्तान) में किए गए हवाई हमले में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सिंह ने कहा, प्रदर्शनी में निजी उद्योगों की भागीदारी भी दिखती है। हम बड़े उद्योगपतियों के योगदान को नजरअंदाज नहीं कर सकते। उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समय के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के कार्यों की पहचान दिन ब दिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार को एचएएल को बढ़ावा देने की जरूरत है।

ममता के निमंत्रण के बाद स्वप्न दासगुप्ता ने बीरभूम कोल ब्लॉक का उद्घाटन नहीं करने की अपील की

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बीरभूम कोल ब्लॉक का उद्घाटन करने का न्यौता देने के अगले दिन बृहस्पतिवार को राज्यसभा सदस्य स्वप्न दासगुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि उन्हें ऐसा करने से पहले उपयुक्त पर्यावरण मंजूरी और पुनर्वास पैकेज का इंतजार करना चाहिए, वरना इससे गलत संकेत जाएगा। दासगुप्ता पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक अभियान का हिस्सा थे। भाजपा ने ही उन्हें उपरि सदन के लिए नामित किया था। बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री को दुर्गा पूजा के बाद विश्व के दूसरे सबसे बड़े को ब्लॉक देवचा पचमी का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया था। उसके अगले दिन दासगुप्ता ने मोदी को चिट्ठी लिखी। उन्होंने लिखा है, योजना बिल्कुल प्रारंभिक चरण में है और संभावित सामाजिक एवं पर्यावरण परिणामों का अध्ययन नहीं किया गया है। पर्यावरण अनापत्ति हासिल करने की प्रक्रिया अबतक शुरू भी नहीं हुई है। उन्होंने पत्र में कहा है कि जहां कोल ब्लॉक है वहां संभावित आदिवासियों की घनी आबादी है और विस्थापित लोगों के पुनर्वास की योजना अबतक मूर्त रूप नहीं ले पाई है। दासगुप्ता ने कहा, हाल के सप्ताहों में बीरभूम जिला राजनीतिक हिंसा के गिरफ्त में रहा है और पुलिस मनमानेपन के गंभीर आरोप लगे हैं। संदेह है कि कुछ भू माफियाओं ने हिंसा भड़काई। ऐसे में मैं महसूस करती हूं कि दुर्गापूजा के उपरांत परियोजना के उद्घाटन में आपकी उपस्थिति से गलत संकेत जाएगा।

केवल मोदी ही जम्मू कश्मीर पर साहसिक फैसला कर सकते हैं

● अलगाववादी शब्बीर शाह ने 2016 में कहा था

एजेंसी। नई दिल्ली

अलगाववादी नेता शब्बीर शाह ने 2016 में जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव मूसा रजा से कहा था कि लोकसभा में भाजपा के पूर्ण बहुमत और आरएसएस का समर्थन होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही जम्मू कश्मीर पर साहसपूर्ण निर्णय लेने के लिए एकमात्र सक्षम व्यक्ति हैं।

1988-90 के दौरान राज्य के मुख्य सचिव रहे रजा ने अपनी पुस्तक कश्मीर: लैंड ऑफ रिग्रेट्स में शाह के साथ बातचीत को याद किया है। रजा अपनी पुस्तक में एक रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को पेश करते हुए कहते हैं कि मोदी द्वारा नोटबंदी की घोषणा के अगले दिन नौ नवंबर, 2016 का दिन था। उन्होंने (रजा ने) घाटी की जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए नवंबर, 2016 में श्रीनगर की छह दिवसीय यात्रा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट में शाह का हवाला देते हुए कहा गया है, उन्हें लोकसभा में बहुमत प्राप्त है, भारत में बहुत लोकप्रिय हैं और उन्हें आरएसएस का पूरा समर्थन मिला हुआ है। यदि कोई जम्मू कश्मीर के समाधान के लिए साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है तो वह मोदी हैं। उसमें शाह को उद्धृत किया गया है, यदि वह ऐसा करते है तो उन्हें महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू की भावी पीढ़ी के रूप में याद किया जाएगा।

रजा ने कहा कि अलगाववादी नेता प्रधानमंत्री के फैसले से चकित थे। हाल ही में अपनी पुस्तक के विमोचन से पहले 82 वर्षीय लेखक और पूर्व नौकरशाह ने पीटीआई भाषा से कहा, मैं नोटबंदी की घोषणा के अगले ही दिन शाह से मिला था। वह व्यक्ति 500 और 1000 रूपए के नोटों को प्रचलन से हटाने के प्रधानमंत्री मोदी के फैसले की प्रशंसा करते नहीं थकते थे। रजा के अनुसार, उन्होंने कहा, इस फैसले ने न केवल कालेधन की कमर तोड़ दी बल्कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात में भाजपा की संभावनाएं भी कमजोर कर दी। ऐसा नेता जो जनमत पर साहस कर सकता है और अपने समर्थकों की नाराजगी का भी जोखिम ले सकता है, बमुश्किल पैदा होता है।

नवंबर, 2016 में रजा ने जुलाई, 2016 में सुरक्षाबलों के हाथों बुरहान वानी के मारे जाने के बाद व्यापक पैमाने पर फैली अशांति के आलोक में कश्मीर घाटी की यात्रा की थी। वह विभिन्न अलगाववादी नेताओं, नेताओं और पूर्व और वर्तमान नौकरशाहों के पास गए। नागरिक समाज के कई सदस्यों के बीच ऐसी भावना थी कि मोदी ही ऐसे व्यक्ति हैं जो जम्मू कश्मीर मसले को सुलझा सकते हैं। रिपोर्ट में रजा ने सिफारिश की कि प्रधानमंत्री अलगाववादियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों समेत सभी विचारधाराओं के नेताओं, राज्य सरकार के मंत्रियों और विपक्षी दलों से बातचीत शुरू करने की घोषणा करें। इससे प्रदर्शनकारियों की उग्र भावनाएं शांत करने में मदद मिलेगी। लेकिन यह तब की स्थिति थी।

रजा ने कहा कि लेकिन 2016 के आंदोलन के बाद से स्थिति बहुत बदल गई है। पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने के बाद से केंद्र के पास संवाद का कोई विकल्प नहीं है। सरकार के पास अब बातचीत के लिए कोई विकल्प नहीं है। घाटी के तीनों मुख्य दलों-- कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस की लोगों के बीच साख नहीं रही, कश्मीर में कोई भी निकट भविष्य में उन पर विश्वास नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि मुख्य धारा के ए राजनीतिक दल अपनी खोई जमीन फिर से हासिल करें क्योंकि उन्हें (रजा को) डर है कि खाली जगह को आतंकवादी या अलगाववादी भर देंगे।

क्विक न्यूज

हेलीकॉप्टर घोटाला : अदालत ने रतुल पुरी को एक अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में धन शोधन के आरोपी रतुल पुरी को एक अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुरी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे है। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने पुरी को जेल के डॉक्टर की सलाह पर अपनी दवाएं साथ ले जाने की इजाजत दे दी। न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक से ऑर्थोपेडिक गद्दे मुहैया कराने की पुरी के अनुरोध पर विचार करने को कहा। अदालत ने हवालात प्रभारी को निर्देश दिया कि वह पुरी को तिहाड़ जेल ले जाते समय उनकी सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करे। उल्लेखनीय है कि इटली की कंपनी फिन्मेकेनिका की ब्रिटिश सहयोगी अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीदने में बरती गई अनियमितता के आरोपों के बाद धन शोधन का मामला दर्ज किया गया था।

ईडी ने झारखंड में नक्सलियों की संपति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने झारखंड में कथित नक्सलियो के खिलाफ शुरू की गई धन शोधन जांच के सिलसिले में 2.89 करोड़ रुपए की संपति कुर्क की है। केंद्रीय जांच एजेंसी के एक बयान के मुताबिक, कुर्क की गई संपतियो में बिनोद कुमार गंझू, प्रदीप राम जैसे माओवादियो और उनके परिवार के सदस्यो के नाम पर मौजूद चल एवं अचल संपति शामिल है। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी ने संपतियो को अस्थाई तौर पर कुर्क करने का एक आदेश दिया था। बयान में कहा गया है, अचल संपतियां झारखंड के हजारीबाग जिले में है और चल संपतियो में आरोपियो के घरो से जब्त 1.49 करोड़ रुपए नकद, 89 लाख रुपया मूल्य के पांच वाहन और आठ बैंक खातो में कुल 35.18 लाख रुपए का बैंक जमा शामिल है। धन शोधन जांच का मामला प्रतिबंधित वामपंथी उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति समिति (टीपीसी) द्वारा राज्य में चतरा जिले के मगध-आम्रपाली कोयला क्षेत्र में ठेकेदारो और कोयला व्यापारियो से आपराधिक वसूली और भयादोहन का है। टीपीसी को झारखंड सरकार ने प्रतिबंधित कर रखा है और इसके ज्यादातर सदस्य भाकपा(माओवादी) के पूर्व सदस्य है।

अरुणाचल एएलजी तीन साल के बाद खुला

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के विजयनगर स्थित एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एजीएल) की हवाई पट्टी से सैन्य मालवाहक विमानो का परिचालन शुरू कर दिया गया है। म्यामां सीमा और चीन से नजदीक होने की वजह से यह हवाई पट्टी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। तीन साल के बाद बुधवार को वायुसेना का विमान एएन-32 विजयनगर एएलजी पर उतरा। शिलांग में वायुसेना के प्रवक्ता विंग कमांडर रत्नाकर सिंह ने बताया कि 4,000 फुट लंबी एएलजी की हवाई पट्टी अभी केवल एएन-32 विमानो के परिचालन के योग्य है।

उच्च शिक्षा में शिक्षकों की गतिविधियों के आकलन में छात्रों की राय शामिल करने की पहल

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने शिक्षकों की गतिविधियों के महत्वपूर्ण पहलुओं और प्रभाव के आकलन के लिए संकाय की 360 डिग्री जानकारी पहल शुरू की है, जिसमें एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में छात्रों की प्रतिक्रिया को भी शामिल किया गया है।

एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे ने भाषा को बताया कि शिक्षक संकाय के मूल्यांकन में वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट के साथ स्व मूल्यांकन शामिल होता है और इसमें विभागाध्यक्ष भी अपने विचार व्यक्त करते हैं। हालांकि, अब तक छात्रों का फीडबैक नहीं होता था। उन्होंने कहा, अब एक नई पहल की जा रही है। संकाय की 360 डिग्री जानकारी पहल के तहत अब छात्रों के फीडबैक को भी शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल को अंतिम रूप देने से पहले 25 संस्थानों में पायलट आधार पर इसे आगे बढ़ाया गया था। उन्होंने बताया कि इस पहल में एक महत्वपूर्ण हिस्सा छात्रों की राय को जोड़ा गया है, जिसमें वे। से 5 के पैमाने पर श्रेणीबद्ध 14 सवालों के जवाब देंगे। इसमें विषय संबंधी और व्यक्तिगत अनुभव होगा। यह 25 अंक का होगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया शिक्षकों द्वारा शिक्षण प्रक्रिया और समाज को अन्य योगदान देने के संबंध में स्वयं के प्रतिवेदन के साथ शुरू होती है। यह क्रमश: 25 और 10 अंकों का होगा। इसके साथ ही जिस विभाग में शिक्षक काम करता है, उसके प्रमुख भी शिक्षक द्वारा की गई विभागीय गतिविधियों की जानकारी देंगे, जिसके 20 अंक होंगे। इस पहल में प्रत्एक शिक्षक के लिए संस्थान की गतिविधियों की खातिर 10 अंक और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) के लिए 10 अंक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एआईसीटीई की सिफारिशों के अनुसार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कॉलेज शिक्षा प्रक्रिया के अन्य प्रमुख हितधारकों के अनुभव के रूप में शिक्षकों की गतिविधियों के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं और इसके प्रभाव को समझने के लिए 7वें वेतन नियम में इसे मंजूरी दी थी। गौरतलब है कि एआईसीटीई का 7वां वेतन नियम शिक्षक संकाय की 360 डिग्री जानकारी आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया को परिभाषित करता है जो कि शिक्षण संस्थानों द्वारा दिया जाएगा। यह ऑनलाइन तंत्र के माध्यम से स्रोत पर आंकड़े एकत्र करने के लिए शिक्षकों, छात्रों और विषयोंपाठ्यक्रमों का खाका तैयार करता है।

नई दिल्ली में बैंक ऑफ़बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक श्री शांतिलाल जैन को राजभाषा कीर्ति अवार्ड भेंट करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाहं

कश्मीर में सामान्य जनजीवन बाधित, दुकानदारों को धमकी की खबरें

एजेंसी। श्रीनगर

कश्मीर घाटी के कई इलाकों से शरारती तत्वों द्वारा दुकानदारों को धमकी दिए जाने और निजी वाहनों में तोड़फोड़ करने की घटनाएं सामने आई हैं। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म करने के बाद घाटी में बृहस्पतिवार को 46वें दिन भी जनजीवन बाधित रहा।

अधिकारियों ने बताया कि शरारती तत्व चाहते हैं कि बंद जारी रहे इसलिए कई स्थानों पर निजी वाहनों पर पथराव किए गए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने इन घटनाओं का संज्ञान लिया है और कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि घाटी में दुकानें बंद रहीं और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं स्थगित रहीं। कुछ दुकानें सुबह थोड़े समय के लिए और देर शाम को खुलीं

● अधिकारियों ने बताया कि शरारती तत्व चाहते हैं कि बंद जारी रहे इसलिए कई स्थानों पर निजी वाहनों पर पथराव किए गए

लेकिन दिन में बंद रहीं। सार्वजनिक परिवहन बंद रहे लेकिन निजी गाड़ियां नगर के कई इलाकों और घाटी में चल रही थीं। उन्होंने कहा कि कुछ ऑटोरिक्शा और अंतर जिला कैब भी नगर के सिविल लाइंस के कुछ हिस्से में चलीं। अधिकारियों ने कहा कि इंटरनेट सेवाएं बंद हैं।

घाटी में लैंडलाइन फोन काम कर रहे हैं, कुपवाड़ा और हंदवाड़ा पुलिस जिलों में मोबाइल पर वॉयस कॉल काम कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा स्कूलों को खोलने का प्रयास सफल नहीं हुआ है क्योंकि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अभिभावक उन्हें स्कूल नहीं भेज रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि घाटी के अधिकतर इलाकों में पाबंदियां खत्म हो गई हैं लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती जारी है। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म कर दिया था और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांट दिया था जिसके बाद से वहां पाबंदियां लगाई गई थीं। घाटी के कई हिस्से से चरणबद्ध तरीके से पाबंदियां हटाई गईं।

अब्दुल्ला के पास लोक अव्यवस्था पैदा करने की जबरदस्त क्षमता: पीएसए आदेश

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन पर लगाए गए आरोपों में कहा गया है कि कश्मीर घाटी में लोक अव्यवस्था का माहौल बनाने और अपने बयानों से लोगों को सरकार के खिलाफ लामबंद करने की उनके पास ज़बर्दस्त क्षमता है। अब्दुल्ला पर आतंकवादियों और अलगाववादियों का महिमामंडन करने वाले बयान देने के भी आरोप रहे हैं।

श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला (81) पांच अगस्त से नजरबंद थे, जब केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया था। उन्हें पीएसए के तहत सोमवार को हिरासत में लिया गया था और उन्हें गुपकर रोड स्थित उनके आवास में रखा गया है, जिसे जेल घोषित कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी पीएसए ऑर्डर की प्रति पीटीआई को प्राप्त हुई है, जिसमें 2016 से लेकर सात घटनाओं का जिक्र किया गया है जब उन्होंने अलगाववादी हुर्यित कांफ्रेंस और आतंकी संगठनों के पक्ष में बयान दिए। अब्दुल्ला पीएसए के तहत नामजद किए जाने वाले पहले नेता हैं जो मुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं। पीएसए सिर्फ जम्मू कश्मीर में लागू है। देश में अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लागू है, जो इस कानून के समकक्ष है।

अधिकारियों ने बताया कि नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष एवं तीन बार मुख्यमंत्री रहे अब्दुल्ला को पीएसए के लोक व्यवस्था प्रावधान के तहत नामजद किया गया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को बगैर मुकदमे के तीन से छह महीने तक जेल में रखा जा सकता हे। पीएसए आर्डर में अब्दुल्ला पर सरकार के खिलाफ लोगों को लामबंद करने का आरोप भी लगाया गया है। यह कहा गया है कि वह देश की एकता और अखंडता को खतरे में डालने और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के बजाय मुद्दे पर चर्चा कर सकते थे।

ऑर्डर में उन पर पृथकतावादी विचाराधारा को बढ़ावा देने के अलावा लोगों के जीवन एवं स्वतंत्रता के लिए खतरा पैदा करने के आरोप हैं। इसमें कहा गया है, जिले (श्रीनगर) के अंदर और घाटी के अन्य हिस्सों में लोक अव्यवस्था का माहौल बनाने की अब्दुल्ला के पास जबदरस्त क्षमता है। उन पर आरोप लगाया गया है कि एक व्यक्ति के रूप में उन्हें देश के खिलाफ आम लोगों की भावनाओं को भड़काते देखा गया है।

ऑर्डर में कहा गया है कि अब्दुल्ला के आवास जी-40 गुपकर रोड को एक उप कारागार घोषित किया गया है। राज्य प्रशासन ने उन पर लोक व्यवस्था में खलल डालने के मकसद से कानून से टकराव मोल लेने वाले बयान देने का आरोप लगाया है। पीएसए में दो धाराएं हैं - लोक व्यवस्था और राज्य की सुरक्षा को खतरा। पहली धारा बगैर मुकदमे के तीन से छह महीने की हिरासत का प्रावधान करती है जबकि दूसरी धारा दो साल तक की हिरासत की इजाजत देती है। अलगाववादियों और घाटी में अब्दुल्ला के राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें राज्य के भारत में शामिल रहने का एक प्रबल समर्थक करार दिया है।

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को पटना में गुरुवार को पार्टी की बैठक में पार्टी के नए सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जेडी-यू) के नेता आजाद गांधी बधाई देते हुए

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने राष्ट्रीय जनजाति दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने राष्ट्र के निर्माण में आदिवासियों के योगदान को पहचान दिलाने व सामाजिक रूप से समावेशी भारत के निर्माण के लिए हर साल 19 फरवरी को राष्ट्रीय जनजाति दिवसै मनाने का प्रस्ताव दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि आयोग ने 11 सितंबर को एक बैठक में राष्ट्रीय जनजाति दिवस मनाने के विषय पर चर्चा की और संबंधित मंत्रालय को जरूरी कदम उठाने के लिए अपनी सिफारिश भेजी। इस बैठक के विवरण में कहा गया है, इससे न केवल आदिवासियों के मुद्दे विचार विमर्श के केंद्र में आएंगे बल्कि नीति निर्माताओं और बुद्धिजीवियों का उनसे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ध्यान खींचेगा।

कांग्रेस नेता परमेश्वर ने सामूहिक नेतृत्व पर जोर दिया

● कहा : उन्हे दूर नहीं रखा जा सकता

एजेंसी। बेंगलुरू

राज्य नेतृत्व से मतभेद की खबरों के बीच कनार्टक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को सामूहिक नेतृत्व पर बल दिया और कहा कि उन्हें दूर रखते हुए पार्टी का निर्माण संभव नहीं है। हालांकि पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने और कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया के बीच किसी प्रतिद्वंद्विता से इंकार किया।परमेश्वर ने कहा, किसी को दूर रख कर, पार्टी का निर्माण नहीं किया जा सकता। यदि कोई कहता है कि परमेश्वर को दूर रख कर वह पार्टी का निर्माण करेगा तो यह संभव नहीं है। या किसी और को दूर रखकर पार्टी का निर्माण नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, इसीलिए मैं कहता रहा हूं कि सामूहिक प्रयास होने चाहिए, क्योंकि हर एक की अलग-अलग ताकत होती है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी 2013 में सत्ता में आई थी क्योंकि चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा गया था। अगर सामूहिक नेतृत्व हो तो यह अब भी संभव है। अगर कोई कहता है - वह अकेले कर सकता है तो यह संभव नहीं है।

कांग्रेस के कुछ तबकों में अटकलें लगाई जा रही थीं कि परमेश्वर, पार्टी में सिद्धरमैया के बढ़ते प्रभाव से अप्रसन्न हैं। कहा जा रहा था कि परमेश्वर की नजर विपक्ष के नेता पद पर थी। बुधवार को सिद्धरमैया के नेतृत्व में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में परमेश्वर के शामिल नहीं होने पर अटकलों को बल मिला था। हालांकि पार्टी नेताओं ने स्पष्टीकरण जारी कर कहा था कि परमेश्वर दिल्ली में होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके थे। परमेश्वर ने कहा है कि उन्हें विधायक दल की बैठक के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और दिल्ली पहुंचने के बाद ही उन्हें पता चला।

अयोध्या मामला: मुस्लिम पक्ष के वकील ने खोया आपा

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष के एक वरिष्ठ वकील ने अपना आपा खोते हुए बृहस्पतिवार को एक न्यायाधीश से कहा कि वह उनके लहजे में एक तरह की आक्रामकता देख रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस दशकों पुराने मामले में 27वें दिन सुनवाई की। किंतु पीठ भोजनावकाश के बाद दोबारा नहीं बैठी। एक सूत्र ने बताया कि प्रधान न्यायाधीश की तबीयत ठीक नहीं है। सूत्र ने कहा, प्रधान न्यायाधीश की तबीयत कुछ ठीक नहीं है और इसी कारण भोजनावकाश के बाद पीठ नहीं बैठी। इससे पूर्व पीठ ने सुन्नी वक्फ बोर्ड तथा मूल याचिकाकर्ता एम सिद्दिक सहित अन्य की तरफ से दलील दे रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन से एक गवाह की गवाही के बारे में प्रश्न किया। यह गवाह 1935 में विवादित

● न्यायाधीश के लहजे को बताया, आक्रामक

स्थल पर गया था और उसने 2000 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष गवाही दी थी। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एस ए बोबड़े, न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण एवं न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी शामिल हैं। पीठ ने धवन से गवाह रामसूरत तिवारी की गवाही के कुछ अन्य अंश पढ़ने को कहा। यह अंश विवादित स्थल पर बने जंगले (रेलिंग) पर हिन्दुओं द्वारा की जाने वाली पूजा-अर्चना के सन्दर्भ में है। न्यायमूर्ति भूषण ने धवन से कहा, इस गवाह ने कहा है कि वह 1935 में वहां (स्थल पर) गया था....उसका बयान पढ़िए, हम इस पर विश्वास करते हैं या नहीं, यह एक अन्य बात है। धवन ने कहा, मैं न्यायाधीश के लहजे में एक प्रकार की आक्रामकता देख रहा हूं। उन्होंने कहा, यदि न्यायाधीश कह रहे हैं कि मैं साक्ष्यों को तोड़ मरोड़ रहा हूं तो मैं

उसे पढ़ दूंगा। न्यायाधीश ने कहा कि यह तोड़ने मरोड़ने के बारे में नहीं है। बिन्दु है कि क्या कुछ तथ्य हैं या नहीं?

वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन एवं रंजीत कुमार ने धवन की इस टिप्पणी पर आपत्ति व्यक्त की। इस पर धवन ने फौरन पीठ से क्षमा मांग ली। उन्होंने कहा, मैं क्षमा चाहता हूं। कई बार मैं हतप्रभ हो जाता हूं। मैं भयभीत हो जाता हूं कि मुझे क्या करना चाहिए, जब सुनवाई इतने लंबे समय से चल रही हो तो कई बार हम उत्तेजित हो जाते हैं। इस

धवन को श्राप देने वाले के खिलाफ कोर्ट ने अवमानना मामला बंद किया

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद जमीन विवाद में मुस्लिम पक्षकारों की पैरवी करने पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन को आपत्तिजनक पत्र लिखने वाले 88 वर्षीय सेवानिवृत्त लोकसेवक के खिलाफ बृहस्पतिवार को अवमानना का मामला बंद कर दिया। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि इस वयोवृद्ध व्यक्ति ने धवन को लिखे पत्र में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त कर दिया है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। संविधान पीठ ने इस वयोवृद्ध व्यक्ति की ओर से पेश वकील एम वेलमुरूगन से कहा, आज ए सब क्यों कह रहे हैं। आप 88 वर्ष के वृद्ध हैं। आप कानून का सम्मान नहीं करते हैं। वेलमुरूगन ने कहा कि इस व्यक्ति ने धवन को इस तरह से पत्र भेजने पर लिखित में खेद व्यक्त किया है। पीठ ने उसकी क्षमा याचना स्वीकार करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की हरकत की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और साथ ही उसने अवमानना का मामला बंद करने का आदेश दिया। राजीव धवन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह इस सेवानिवृत्त लोक सेवक के लिए किसी प्रकार का दंड नहीं चाहते लेकिन पूरे देश में यह संदेश जाना चाहिए कि किसी भी पक्ष की ओर से पेश होने वाले किसी वकील को इस तरह से धमकी नहीं दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने तीन सितंबर को धवन की अवमानना याचिका पर षण्मुगम को नोटिस भेजा था।

पर प्रधान न्यायाधीश ने मुस्कुराते हुए टिप्पणी की, डा धवन, उत्तर पश्चिम सीमांत से आने वाले लोग भयभीत नहीं होते। हम इतिहास से प्रभावित है। धवन ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय की इस टिप्पणी को अटकल बताया था कि विवादित ढांचे के मुख्य गुंबद में हिन्दू लोग किसी प्रकार की दिव्यता का वास मानते हैं और इसी कारण वह ब्रिटिश शासकों द्वारा 1858 में बनवाए गए जंगले की पूजा-अर्चना करते थे। हालांकि धवन ने फौरन इसके लिए क्षमा मांग ली। इससे पहले बृहस्पतिवार को धवन ने अपनी दलील शुरू करते हुए उच्चतम न्यायालय में हिन्दू पक्ष की ओर से दी गई विभिन्न गवाहियों का हवाला देते हुए यह साबित करने का प्रयास किया कि विवादित स्थल पर बाबरी मस्जिद थी तथा वे (हिन्दू पक्ष) यह सिद्ध करने में विफल रहे कि मुख्य गुंबद के ठीक नीचे ही भगवान राम का जन्मस्थान था। उन्होंने निर्मोही अखाड़े के महंत रघुवर दास द्वारा 1885 में दाखिल दायर वाद का हवाला दिया और कहा कि वह स्थल के बाहरी परिसर में राम चबूतरा मन्दिर का निर्माण करवाने जा रहे थे। धवन ने कहा कि फैजाबाद के उप न्यायाधीश ने याचिका को स्वीकृति नही दी थी तथा इस तरह का निष्कर्ष है कि मुस्लिम अन्दर नमाज पढ़ रहे थे तथा बाहरी परिसर में हिन्दू पूजा कर रहे थे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा कल की गई इस टिप्पणी का जवाब दिया कि जंगले के समीप राम चबूतरा इसलिए बनाया गया क्योंकि हिन्दू मुख्य गुंबद में किसी प्रकार की दिव्यता का वास मानते थे। यही कारण था कि वे जंगले की पूजा-अर्चना करते थे। धवन ने कहा कि इस बात के कोई साक्ष्य नहीं हैं कि हिन्दू जंगले या ग्रिल वाली दीवार की पूजा-अर्चना करते थे। उन्होंने इसके बाद तिवारी के साक्ष्य की चर्चा की।

दो से ज्यादा बच्चों के माता और पिता भी लड़ सकते हैं चुनाव : उच्च न्यायालय

एजेंसी। नैनीताल

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने दो से ज्यादा बच्चों के मातापिता को प्रदेश में होने वाले आगामी पंचायत चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने वाले पंचायती राज संशोधन अधिनियम के प्रावधान को गुरुवार को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि संशोधन 25 जुलाई, 2019 से लागू होंगे। यानि जिनके तीसरे बच्चे का जन्म 25 जुलाई, 2019 के बाद होगा, वह पंचायत चुनाव में उम्मीदवारी के लिए अयोग्य होंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि 25 जुलाई, 2019 से पहले दो या ज्यादा बच्चों के माता-पिता बन चुके दंपतियों को चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार होगा। मुख्य न्यायाधीश रमेश रंगनाथन और न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। प्रदेश के 12 जिलों में छह से 16 अक्टूबर तक तीन चरणों में पंचायत चुनाव होने हैं। चुनाव परिणाम 21 अक्टूबर को आएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है।

साइबर सुरक्षा के लिए अलग कानून, बजट की जरूरत

एजेंसी। पुणे

● डिफेंस साइबर एजेंसी के प्रमुख ने कहा

नवसृजित डिफेंस साइबर एजेंसी (डीसीए) के प्रमुख रियर एडमिरल मोहित गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध से निपटने के लिए देश को एक अलग कानून, बजटीय आवंटन और एक कार्यबल की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लिए एक साइबर सुरक्षा रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता पैदा की जानी चाहिए और इसे स्कूली पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाना चाहिए। डीसीए साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की नव-सृजित कमान है।

गुप्ता ने यहां सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान में एक कार्यक्रम में कहा कि मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी कानून में साइबर सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आईटी कानून 2008 में पारित हुआ था और इसमें संशोधन की गंभीर आवश्यकता है। कुछ देशों में अलग साइबर सुरक्षा कानून हैं और कुछ देशों के आईटी कानूनों में साइबर सुरक्षा उप-कानून शामिल हैं। गुप्ता ने कहा, मेरे हिसाब से एक अलग साइबर सुरक्षा कानून होना चाहिए। उन्होंने अलग बजटीय आवंटन पर भी बल दिया और कहा कि सरकार को आईटी बजट का कम से कम 10 फीसदी हिस्सा साइबर सुरक्षा के लिए आवंटित करना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि 2013 की पिछली नीति आईटी मंत्रालय द्वारा जारी की गई थी जबकि नई नीति प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। यह संकेत देता है कि साइबर सुरक्षा एक मंत्रालय तक सीमित नहीं है।

केवल कर अदा करके अवैध संपत्ति को वैध नहीं बना सकते शिवकुमार

एजेंसी। नई दिल्ली

● ईडी ने अदालत से कहा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी अवैध संपत्ति पर केवल कर का भुगतान करके इसे वैध संपत्ति नहीं बना सकते।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ से कहा कि अगर शिवकुमार को रिहा किया जाता है तो वह धनशोधन के गंभीर अपराध की जानकारी रखने वालों को प्रभावित कर सकते हैं। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्होंने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया और 800 करोड़ रुपए की संपत्तियों को हासिल करने के स्रोत के बारे में कोई प्रामाणिक सफाई नहीं दे सके। जांच एजेंसी ने अदालत से कहा, उन्होंने संपत्ति की जो घोषणा की है, वह असंगत है। सवाल है कि उन्होंने इसे कैसे हासिल किया। अगर वह इस पर कर भी अदा करते हैं तो भी यह अवैध संपत्ति है। अवैध संपत्ति पर केवल कर अदा करके इसे वैध में नहीं बदला जा सकता। ईडी ने कहा कि शिवकुमार के दावे भरोसा करने लायक नहीं हैं।

एजेंसी ने कहा, वह कहते हैं कि वह कृषि के पेशे से जुड़े हैं। उन्होंने पिछले 20 साल में खेती से 1.38 करोड़ रुपए की आय का आकलन पेश किया। पूरी संपत्ति 800 करोड़ रुपए की है। 1.38 करोड़ रुपए का निवेश करके 800 करोड़ रुपए बना लेने की बात अविश्वसनीय है। कर्नाटक के कांग्रेस नेता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने दलील का विरोध करते हुए कहा कि उन्होंने कभी दावा नहीं किया कि केवल संपत्ति से आय 800 करोड़ रुपए हो गई। ईडी के विशेष सरकारी अभियोजकों अमित महाजन, एन के मट्टा और नीतेश राणा ने भी कहा कि शिवकुमार ने पूछताछ में सहयोग नहीं दिया और संपत्तियों को खरीदने के स्रोत पर कोई भरोसा

कर्नाटक कांग्रेस की विधायक प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश

नई दिल्ली। कर्नाटक में कांग्रेस की विधायक लक्ष्मी हेब्बालकर अपने वरिष्ठ सहकर्मी डी के शिवकुमार के खिलाफ चल रहे धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेलगावी (ग्रामीण) से विधायक लक्ष्मी सुबह 11 बजे एजेंसी के खान मार्केट कार्यालय में पहुंचीं।

समझा जाता है कि एजेंसी के जांच अधिकारी उनका बयान धन शोधन अधिनियम रोकथाम (पीएमएलए) के तहत दर्ज करेंगे और उनसे शिव कुमार तथा अन्य के बयानों को लेकर भी पूछताछ की जाएगी। हेब्बालकर ने इससे पहले तलब किए जाने वाले नोटिस की पुष्टि पीटीआई-भाषा से की थी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक की कनकपुरा सीट से कांग्रेस के विधायक शिवकुमार को ईडी ने धन शोधन के मामले में तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था। उन्हें दिल्ली की एक अदालत ने न्यायिक हिरासत में एक अक्टूबर तक के लिए भेज दिया। पूर्व मंत्री अपनी गिरफ्तारी के समय से प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में थे। इस मामले में शिवकुमार के तीन कथित सहयोगियों से भी प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की। ईडी ने शिवकुमार की बेटी ऐशवर्या से भी पूछताछ की है और उसके बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किए गए। वह प्रबंधन में स्नातक है।

करने लायक स्पष्टीकरण नहीं दिया। अदालत ने आवेदन पर अगली सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तारीख तय की। एजेंसी ने कहा कि न्यायिक हिरासत में बंद शिवकुमार ने पूछताछ में सहयोग नहीं दिया जबकि दस्तावेजी सबूत मामले में अपराध से उन्हें जोड़ते हैं।

सीबीआई ने राजीव कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट मांगा

● अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता की एक अदालत ने सारदा चिटफंड घोटाला मामले में पूर्व कोलकाता पुलिस आयुक्त राजीव कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट मांगने वाली सीबीआई की याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अलीपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने सीबीआई और कुमार के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। कुमार अभी पश्चिम बंगाल सीआईडी के अतिरिक्त महानिदेशक हैं। एजेंसी ने दावा किया कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद चिटफंड घोटाले की जांच में मदद के लिए उसके समक्ष पेश नहीं हुए। सीबीआई के वकीलों ने एसीजेएम सुब्रत मुखर्जी को बताया कि कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुमार यहां सॉल्ट लेक में सीबीआई कार्यालय आने के लिए और समय की मांग कर मामूली वजहों का हवाला देते हुए एजेंसी के अधिकारियों के समक्ष पेश होने से बच रहे हैं। सीबीआई के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में विभिन्न अदालतों के फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने एक मामले का हवाला दिया जिसमें एजेंसी को फरार अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट मिला था। कुमार के वकीलों ने कहा कि दाऊद से संबंधित आदेश इस मामले में लागू नहीं होता।



श्रीनगर में अनुच्छेद 370 खत्म करने व राज्य के दो हिस्सों में बाटने के खिलाफ हड़ताल के दौरान सड़क किनारे खड़ा सुरक्षा कर्मी

मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंची

नई दिल्ली। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के कल्याण से जुड़ी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस योजना के तहत कुल 4,000 करोड़ से अधिक की राशि लाभार्थियों को वितरित की गई है। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना है, जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को नकद लाभ सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाता है ताकि वे पौष्टिकता आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। यह योजना एक जनवरी, 2017 से लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत उन गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तीन किस्तों में पांच हजार रुपए का नकद लाभ प्राप्त होता है, जिन्होंने प्रसव का प्रारंभिक पंजीकरण कराया है, प्रसूति जांच कराई है, बच्चे के जन्म का पंजीकरण कराया है और परिवार के पहले बच्चे के लिए टीकाकरण का पहला चक्र पूरा किया है। पात्र लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना(जेएसवाई) के अन्तर्गत नकद प्रोत्साहन भी दिया जाता है। इस तरह औसत रूप में एक महिला को 6,000 रुपए मिलते हैं। गौरतलब है कि ओड़िशा और तेलंगाना दो ऐसे राज्य हैं जहां अब तक यह योजना लागू नहीं हो सकी है।

मुझे षड्यंत्र के तहत फंसाया गया: हरीश रावत

एजेंसी। देहरादून

स्टिंग मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पेश होने से एक दिन पहले उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को कहा कि उन्हें षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया है।

रावत ने कई ट्वीट करके अपनी व्यथा प्रकट करते हुए कहा, मैं एक षड्यंत्र का शिकार हूं। षड्यंत्र मेरी सरकार को गिराने का भी हुआ है, जो स्टिंगकर्ता की स्वीकारोक्ति से स्पष्ट है। बकौल स्टिंगकर्ता, षड्यंत्रकारियों में से एक व्यक्ति का पुत्र मुख्यमंत्री आवास में रहकर सैटर (दलाल) का काम करता था। उन्होंने कहा, मुझे षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया व मेरी सरकार को बर्खास्त किया गया और अब मेरी आवाज को घोंटने के लिए सीबीआई पर एफआईआर दर्ज करने व मेरा उत्पीड़न करने का दबाव बनाया जा रहा है। हाल में सीबीआई ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह जल्द ही इस मामले में रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, दिन के उजाले की तरह यह स्पष्ट है कि वह रुपया देकर किसी विधायक की खरीद-फरोख्त नहीं कर रहे हैं जबकि हमारे राज्य में ऐसे कुछ स्टिंग सार्वजनिक हैं जिनमें सत्ता के निकटस्थ लोग सरकारी काम करवाने के

एवज में भारी मात्रा में घूस स्वरूप रूपया मांग रहे हैं या ले रहे हैं। रावत ने कहा कि सीबीआई द्वारा जांच में सहयोग नहीं करने या जांच से भागने की बात कही जा रही है और दुष्प्रचारित किया जाता है कि अमुक व्यक्ति के कई-कई जगह या कई देशों में खाते हैं और संपत्तियां हैं। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरी सम्पत्ति और खाते, आयकर रिटर्न और चुनाव आयुक्त को दिए गए विवरण में साफ-साफ दर्शाए गए हैं। मैंने अपने पासपोर्ट को मुख्यमंत्री बनने के बाद रिनवल नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि वह अपने कुल देवता व इष्ट देवता का नाम लेकर नैनीताल की ओर प्रस्थान कर रहे हैं जहां कल न्याय के मंदिर में उनकी याचिका पर सुनवाई होने की सम्भावना है। अपने जीवन और स्वास्थ्य की कीमत पर भी उत्तराखण्ड की सेवा करने, गरीब व जरूरतमंद का दु:ख बांटने की बात कहते हुए रावत ने यह भी कहा कि उन्हें न्यायालय के समान ही जनता-जनार्दन के न्याय पर भी विश्वास है। उन्होंने कहा, यदि आपको लगता है कि मुझे षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है तो मेरे लिए यह प्रार्थना करें कि मैं भारत की न्याय व्यवस्था से न्याय प्राप्त करने में सफल होऊं। रावत ने यह भी कहा कि उनके पास न्यायालय का खर्चा उठाने की क्षमता नहीं है और वह अपने दोस्तों के सहारे ही न्यायलय के सम्मुख खड़े हैं। इस प्रकरण की तह तक जाने में न्यायालय की मदद करने की भगवान केदार से प्रार्थना करते हुए कांग्रेस नेता ने भरोसा जताया कि इस प्रसंग के निर्णय के बाद स्टिंग संस्कृति और स्टिंगबाजी के सहारे राजनीति करने वाले चेहरे बेपर्दा हो जाएंगे और उनको न्यायालय के सम्मुख अपराधी के तौर पर खड़ा होना पड़ेगा। गौरतलब है कि वर्ष 2016 में हरीश रावत सरकार से 10 असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद विधानसभा में शक्तिपरीक्षण से पहले एक स्टिंग सामने आया था जिसमें रावत उनका समर्थन वापस पाने के लिए कथित तौर पर खरीदफरोख्त करते दिखाई दे रहे थे।

न्यायालय का जेल अधीक्षक के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट स्थगित रखने से इंकार

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर की जिला जेल के अधीक्षक के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अमल स्थगित रखने से बृहस्पतिवार को इंकार कर दिया। यह वारंट एक आरोपी की जमानत शीर्ष अदालत द्वारा निरस्त किए जाने के बावजूद उसे जेल से रिहा करने के मामले में जारी किया गया है। न्यायमूर्ति एन वी रमण और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया गया। जेल अधीक्षक के वकील ने कहा कि यह अधिकारी 23 सितंबर को शीर्ष अदालत के निर्देशानुसार न्यायालय में पेश होगा लेकिन उस समय तक के लिए उसके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट स्थगित रखा जाए। पीठ ने कहा, उन्हें आने दीजिए। वकील ने कहा कि जेल अधीक्षक से गलती हुई है और उसने एक बार फिर गैर जमानती वारंट स्थगित रखने का अनुरोध किया। इस पर न्यायमूर्ति रमण ने कहा, नहीं, उन्हें पेश होने दीजिए। उस समय तक कुछ नहीं होगा। आप स्वीकार कर रहे हैं कि आपने आदेश का उल्लंघन किया है। मैं अपना आदेश बदलने नहीं जा रहा हूं। इससे पहले, न्यायमूर्ति रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने जेल अधीक्षक के खिलाफ न्यायालय की अवमानना याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए उनके नाम गैर जमानती वारंट जारी किया था। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायलय द्वारा एक आपराधिक मामले में आरोपी को जमानत देने के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देने वाले व्यक्ति द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल जुलाई में उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया था कि आरोपी, अगर अभी भी हिरासत में है, तो उसे अगले आदेश तक जेल से रिहा नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने बाद में तीन दिसंबर, 2018 को आरोपी को जमानत देने का उच्च न्यायालय का आदेश निरस्त कर दिया था। याचिकाकर्ता ने अपनी अवमानना याचिका में कहा कि शीर्ष अदालत के पिछले साल दिसंबर के आदेश के बाद जेल अधीक्षक ने आरोपी के लिए निचली अदालत से एक नया हिरासत का वारंट मांगा था।

विवाहित नाबालिग लड़की की याचिका पर जवाब देने असफल रहने पर उप्र के गृह सचिव न्यायालय में तलब

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने नाबालिग मुस्लिम लड़की की याचिका का जवाब देने में विफल रहने पर बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के गृह सचिव को तलब किया। इस लड़की ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है जिसमे उसके निकाह को अमान्य करार दे दिया गया है।

उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली लड़की का तर्क है कि वह 16 साल की है और मुस्लिम लॉ के तहत महिला के रजस्वला हो जाने की स्थिति (जो 15 साल की आयु है) प्राप्त करने के बाद वह अपनी जिंदगी के बारे में निर्णय लेने और अपनी मर्जी से किसी के भी साथ शादी करने में सक्षम है। न्यायमूर्ति एन वी रमण और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का अनुरोध किया। पीठ ने तल्खी के साथ टिप्पणी की, मुख्य सचिव को (न्यायालय में) पेश होने दीजिए। तभी वह मामले की गंभीरता समझेंगे। पीठ ने बाद में, उप्र सरकार के गृह सचिव को समन किया और उन्हे 23 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार के वकील को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिए जाने के बावजूद उसे संबंधित विभाग से उचित निर्देश नहीं मिले हैं। पीठ ने कहा, हम गृह सचिव (उत्तर प्रदेश के) को व्यक्तिगत रूप से सोमवार को (23 सितंबर) को तलब करने के लिए बाध्य हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत इस लड़की की याचिका पर विचार करने के लिए तैयार हो गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा इस लड़की का विवाह अमान्य घोषित किए जाने के बाद से उसे एक नारी निकेतन में रखा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, यह लड़की 16 साल की है और उसने उच्च न्यायालय के जुलाई के आदेश को चुनौती दी है। इस आदेश के तहत निचली अदालत के फैसले के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। अयोध्या की एक अदालत ने युवती के 18 साल को होने तक उसे नारी निकेतन में रखने का निर्देश दिया था। लड़की ने निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। लेकिन उच्च न्यायालय ने नाबालिग लड़की को नारी निकेतन भेजने के आदेश को सही ठहराते हुए उसकी अपील खारिज कर दी थी। अधिवक्ता दुष्यंत पराशर के माध्यम से इस लड़की ने शीर्ष अदालत में दायर याचिका में कहा है कि उच्च न्यायालय इस तथ्य की सराहना करने में विफल रहा कि उसका निकाह मुस्लिम कानून के अनुसार हुआ है। याचिका में कहा गया है कि उसके जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को संरक्षण प्रदान किया जाए। उसका कहना है कि जून के महीने में मुस्लिम रीति से उसका निकाह हो चुका है।

गुरदासपुर में पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने करतारपुर कॉरिडोर के लिए चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सीमा पार स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब को दूरबीन की मदद से देखा

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2019

विपक्ष की बदहाली

क्षेत्रीय के बजाए राष्ट्रीय दल हुए प्रभावी

यदि लोकसभा चुनाव परिणाम को विपक्ष का सफाया करने वाला राजनीतिक गणित माना जाए तो क्षेत्रीय राजनीति पर इसका प्रभाव संघीय पार्टियों की प्रासांगिकता समाप्त करने वाला प्रतीत होता है। एक समय केन्द्र के स्तर पर बनने वाले शक्तिशाली राजनीतिक गठबंधनों की रीढ़ समझे जाने वाली राज्य स्तरीय पार्टियां अब कबीलाई मुखियों जैसी हो गई हैं जो अपने छोटे से समर्थक समूह को किसी प्रकार एकजुट रख कर राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा उदरस्थ किए जाने से बचती हैं। इस परिदृश्य में उनके सामने केवल दो विकल्प हैं, या तो अपने खास क्षेत्रों में लौट जाएं या राजनीति में बने रहने के लिए बड़ी पार्टियों के इशारे पर चलें। महाराष्ट्र में अनेक नेता कांग्रेस व रांकापा छोड़ कर भाजपा-शिवसेना गठजोड़ में चले गए हैं और इस प्रकार विपक्ष का सफाया हो गया है। राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस इसी रास्ते पर चल रही है और उसने बसपा के 6 विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल कर दलित एकजुटता का सिद्धान्त धूल में मिला दिया है।

वर्तमान परिदृश्य में महाराष्ट्र में चुनाव जैसे निरर्थक हो गया है क्योंकि टकराव केवल सत्तारूढ़ भाजपा व शिवसेना के बीच सीटों के प्रतिशत तथा सत्ता में साझे पर है। यह लूट का माल बांटने की लड़ाई जैसा है। विधानसभा में नेता समेत विपक्षी शिविर के 26 विधायक सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए जिससे राजनीतिक खाली स्थान बन गया है। सबसे बुरी स्थिति राकांपा संस्थापक शरद पवार की है जो अब मराठा क्षत्रप नहीं रहे। स्थिति यह है कि प्रमख टीम को छोड़ कर हर

पार्टी सदस्य अपना दल छोड़ने को तैयार है। संपूर्ण सफाए से बचने के लिए रांकापा कांग्रेस से गठबंधन कर रही है, पर दोनों पार्टियों को 288 के सदन में लगभग 30 सीटें ही मिल सकती हैं। कतारों में असंतोष को देखते हुए कांग्रेस की तैयारी बहुत खराब है तथा मिलिंद देवड़ा के नेतृत्व में नौजवान नेता अपना अलग रास्ता अपना सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस ने नया राज्य प्रमुख बनाया है, पर जमीनी स्तर पर संघर्ष की इच्छा पूरी तरह गायब है। पार्टी इसी बात से खुश है कि कुछ नेता उसके साथ हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख व्यवस्था पर सवाल उठा कर कुछ नाटकीयता पैदा कर रहे थे, पर भाजपा के इशारे पर ईडी द्वारा अनेक मामले थोपे जाने के बाद अब वे मौन हो गए हैं। प्रकाश अंबेडकर व असदुद्दीन ओवैसी जैसे वोटकटवा नेता केवल अपने समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। जहां तक भाजपा-शिवसेना मतभेदों का सवाल है, भाजपा सालों तक शिवसेना का ध्यान रखती रही है, पर अब वह अकेले ही मैदान में उतर सकती है। शिवसेना सीटों में 50-50 प्रतिशत बटवारे के साथ ही सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे को उप-मुख्यमंत्री बनवाना चाहती है। हालांकि, उसने 2014 के बाद विपक्ष की तरह मोदी सरकार के कामकाज की आलोचना की है, लेकिन अब यह दृष्टिकोण निरर्थक हो गया है। शिवसेना को समझना चाहिए कि मोदी के करिश्मे के साथ ही भाजपा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने खामोशी से अपना आधार बनाया है। हालांकि, शिवसेना अब तक स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा उठाती रही है, पर कुछ वरिष्ठ नेताओं के कांग्रेस में चले जाने के कारण भाजपा के पास अनेक मराठा नेता हैं और वह छत्रपति शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोसले को साथ लाने में सफल रही है, अत: शिवसेना के पास कोई विकल्प नहीं है। कांग्रेस राजस्थान में कर्नाटक जैसे परिदृश्य से बचना चाहती थी, इसलिए गहलौत सरकार ने सहयोगियों पर हाथ आजमाया। दु:खद रूप से इस बेशर्म पालाबदल से एकीकृत संघवाद का नया पाठ तैयार हुआ है तथा अराजकता बढ़ी है।

उइघर मुसलमानों पर चीनी अत्याचार

चीन में उत्पीड़ित मुसलमानों पर विभिन्न देशों की चुप्पी, उनमें लालच, भय व गंभीरता की कमी का मिश्रण है। यहां तक कि वे चीन की आतंकवाद विरोधी रणनीति की सराहना करते हैं।

प्रशांत तिवारी
लेखक ओपीनियन एक्सप्रेस के प्रधान संपादक हैं)

चीनी हिरासत केंद्रों में बंद उत्पीड़ित उइघरों पर भयावह चुप्पी व्याप्त है। समृद्ध खाड़ी शेखों की यह चुप्पी आश्चर्यजनक है जो फिलिस्तीन, रोहिंग्या, बोस्निया या अब कश्मीर के मामले में बिना किसी सफलता के शोर मचाते रहते हैं। सऊदी अरब जैसे देशों ने इस क्षेत्र का प्रयोग अपनी सरकार को वैध ठहराने के लिए किया है तथा उम्मा के मामलों पर वे राजनीतिक दृष्टिकोण व वैश्विक प्रयास करते रहते हैं। लेकिन, उइघर मुसलमानों का चीन द्वारा भयानक उत्पीड़न किए जाने पर वे खामोश हैं। सैद्धांतिक रूप से, शक्तिशाली बहुपक्षीय मंच, जैसे इस्लामी सहयोग संगठन भी इस पर खामोश हैं। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े संगठन, इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) में 57 सदस्य देश हैं, और ये 1.8 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्वयं को मुस्लिम जगत की सामूहिक आवाज बताता है, पर बीजिंग की निंदा करने से डरता है।

इसके उलट, ओआईसी ने अबू धाबी में एक घोषणा कर मुस्लिम नागरिकों की देखभाल करने के लिए चीन लोक गणराज्य के प्रयासों की प्रशंसा की है। पाकिस्तान जैसे अस्थिर व उग्रवाद से पूर्ण देश आर्थिक व राजनयिक रूप से चीनी खैरात व बेल आउट पैकेजों पर जिंदा हैं। ऐसे में, उइघर मामले में वे मौन हैं तथा केवल कश्मीर के कैद में बंद होने की बात करते हैं। उइघर मुसलमानों को चीन के साथ सदाबहार मित्रता में बाधा डालने की अनुमति नहीं है। इसके उलट आस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी व अमेरिका समेत 22 देशों ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को लिखकर कहा है कि हम चीन का आह्वान करते हैं कि वह मनमाने यातना शिविरों को बंद कर जिनजियांग प्रांत में उइघरों तथा अन्य मुसलमानों व अल्पसंख्यक समुदायों को हिरासत में न ले तथा उनकी स्वतंत्रता का उल्लंघन न करे।

इस यथार्थ से इनकार नहीं किया जा सकता कि सार्वजनिक घोषणाओं के बावजूद सामान्य रूप से इस्लामी देश केवल अपनी सुविधा व स्वार्थ के आधार पर काम करते हैं जिसमें नैतिकता या चेतना का कोई स्थान नहीं है। पाकिस्तान स्वयं को कश्मीरियों का स्वघोषित संरक्षक बताता है, लेकिन उइघरों के मामले पर निराशाजनक रूप से मौन है। अपने देश में बलूच व हिन्दुओं, ईसाइयों व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ राज्य प्रायोजित उत्पीड़न जारी है। इनमें शिया व अहमदिया जैसे समुदाय भी हैं जिनको उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता है। पाकिस्तान के इसी दोमुहे बर्ताव के कारण ईरान व अफगानिस्तान जैसे इस्लामी पड़ोसी उसके खिलाफ हो गए हैं।

हालांकि, पाकिस्तानी बंधु इस्लामी देशों का जाप किया करते हैं, पर उन्होंने पाकिस्तान के भीतर से ईरान व अफगानिस्तान में नस्ली असहिष्णुता फैलाने के पूरे प्रयास किए हैं। अफगान अपने देश में सक्रिय आतंकी संगठनों को इस्लामाबाद के सक्रिय समर्थन से परेशान हैं। कश्मीर इस समय पाकिस्तान में राजनीति को एकजुट करने का माध्यम बन गया है। यह अकेला ऐसा सामाजिक मुद्दा है जो पाकिस्तानी सेना के अनावश्यक रूप से भारी बजट को उचित ठहराता है। पाकिस्तानी धर्मगुरुओं का जहरीला प्रचार पाकिस्तानी राजनेताओं को केंद्रीय भूमिका में ला देता है। कश्मीर जनता का ध्यान हटाने का एक हथियार है जिससे

पाकिस्तान जैसे अस्थिर व उग्रवाद से पूर्ण देश आर्थिक व राजनयिक रूप से चीनी खैरात व बेलआउट पैकेजों पर जिंदा हैं। ऐसे में, उइघर मामले में वे मौन हैं तथा केवल कश्मीर के कैद में बंद होने की बात करते हैं। उइघर मुसलमानों को चीन के साथ सदाबहार मित्रता में बाधा डालने की अनुमति नहीं है।

एक एकीकृत देश का भ्रम पैदा किया जा रहा है। उत्पीड़ित उइघरों पर कोई एक भी आंसू बहाने को तैयार नहीं है जबकि कश्मीरियों की स्थिति उनके प्रति व्यवहार व संवैधानिक स्थिति की तुलना किसी प्रकार उइघरों से नहीं की जा सकती। कश्मीरियों को सभी संवैधानिक अधिकार व अवसरों की गारंटी की गई है जो देश के दूसरे नागरिकों को प्राप्त हैं। स्पष्ट रूप से, राजनीतिक एवं वाणिज्यिक हित मध्य पूर्व में अन्य सभी सरोकारों पर हावी हो जाते हैं। चीन व्यापारिक संबंधों के शीर्ष पर है और अपना हिस्सा लेने के लिए शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। अनुग्रहीत करने अथवा पाकिस्तान जैसे देश, 60 अरब डॉलर के चीन-पाक आर्थिक गलियारे में निवेश से दबे हुए अथवा ईरान जैसे अमेरिका विरोधी देश जिनके प्रति चीन का नैसर्गिक आकर्षण है, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत व कतर जैसे अन्य देशों के बीजिंग के साथ व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में काफी बड़ा स्वार्थ जुड़ा हुआ है। जो शाश्वत रूप से चीन की नाराजगी मोल लेने से डरते हैं, वे उइघरों के मामले में क्या बोल पाएंगे।

प्रतिक्रियात्मक रूप से, चीन जमाल खाशोगी की हत्या, बलूच विरोध अथवा क्षेत्र में मानवाधिकार के मुद्दों पर कभी कोई चिंता व्यक्त नहीं करता है। यह पारस्परिक रूप से लाभकारी खामोशी है जो चीन तथा इन देशों ने कायम रखी है जो चयनात्मक ढंग से उइघरों के उत्पीड़न जैसे मुद्दे दफन कर दते हैं, व अन्य होने देते हैं। यहां तक कि जब पश्चिमी देशों द्वारा चीन के विरुद्ध व्यवहारिक राजनीतिक सरोकारों के चलते संयुक्त राष्ट्र के मंच पर उइघरों का मुद्दा उठाया जा रहा था, उस समय दौरे पर आए सऊदी अरब के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ने जिनजियांग में उइघरों के खिलाफ चीन की आतंकवाद निरोधक रणनीति का यह कहकर समर्थन किया कि, ''हम राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनज़र चीन द्वारा आतंकवाद विरोधी एवं अतिवाद निरोधक कदम उठाने के अधिकारों का समर्थन व सम्मान करते हैं। हम चीन के साथ सहयोग मजबूत करने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा कि सऊदी अरब चीन के अंदरूनी मामलों में बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करता है।

उसके कुछ ही समय पश्चात, विशालकाय ''वन बेल्ट, वन रोड'' पहल में भाग लेने के लिए समझौते एवं कई अरब डॉलर के सऊदी-चीन तेल सौदे की तत्परता से पुष्टि की गई। स्वतंत्र संस्थाओं ने सतत रूप से चीनी शिविरों में दस लाख उइघरों को बंद रखने की निंदा की है जिन्हें चीनी हुकूमत बोर्डिंग स्कूलों व पुन: शिक्षा केंद्रों की संज्ञा देती है। स्वतंत्र शोधकर्ताओं ने उन्हें युद्धकालीन यातना शिविरों की संज्ञा दी है जो सामाजिक पुन: अभियांत्रिकी एवं सांस्कृतिक जाति संहार हेतु चलाए जा रहे सुनियोजित व सुव्यवस्थित अभियान का हिस्सा हैं।

यातना दिए जाने, जबरन बंध्याकरण एवं राजनीतिक पुनर्शिक्षण आम बात है, फिर भी बड़े इस्लामिक देशों की ओर से निंदा का एक शब्द भी नहीं सुनाई देता। पहले से ही चीनियों ने निर्लज्जतापूर्वक लोगों पर कुछ इलाकों में इस्लाम धर्म का पालन करने से प्रतिबंधित कर दिया है और रोज़ा रखने, हिजाब पहनने, दाढ़ी बढ़ाने अथवा मुस्लिम नाम रखने जैसे धार्मिक तत्वों को प्रतिबंधित कर रखा है। चीनी सरकार ने एक तरफ से धर्म के परित्याग के माध्यम से इस्लाम को चीनी रूप देने के लिए खुलकर अपने पांच वर्षीय कार्यक्रम का ऐलान किया है। इस्लाम को समाजवाद के तुल्य बनाने के प्रयास में एवं धर्म को चीन वैचारिकता के अनुरूप बनाने के लिए निर्धारित उपायों को लागू करना एक छिपा हुआ सामाजिक-सांस्कृतिक जाति संहार है जिसकी निंदा इस्लामिक देश नहीं करते हैं।

उइघरों के उत्पीड़न व दमन को लेकर पाखंडपूर्ण मौन लोभ, भय एवं अगंभीरता का राजनीतिक सम्मिश्रण है जिससे कुछ इस्लामी देश प्रेरित होकर काम करते हैं, जो प्राय: फर्जी भावात्मकता का प्रदर्शन कर ऐसे मुद्दों पर जोरे देते हैं जिससे उन्हें पेट्रोडॉलर की आमदनी अथवा चीन जैसे देशों के कोप का भाजन नहीं बनना पड़ता है।

चुनावी खर्च का संज्ञान नहीं लेता कर विभाग

शोभित महाजन
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

रविवार प्रात:काल गाड़ियों का काफिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था जो सड़कों पर जाम लगने का समय नहीं होता। इसका कारण था बड़ी संख्या में एसयूवी वाहनों द्वारा मार्ग बाधित किया जाना। प्रत्येक वाहन पर बड़े पोस्टर लगे थे जो हमें जानकारी दे रहे थे कि यह इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के भावी प्रत्याशियों के समर्थन में की जा रही रैली है। रैली को उस पार्टी नेता को प्रभावित करने के लिए रोहतक तक जाना था जहां उसका अपना रोड शो होना था। भावी प्रत्याशी की तस्वीर लगे भगवा रंग के टी शर्ट पहने कई नौजवान एसयूवी वाहनों से उत्साहित होकर बाहर लटके हुए थे। मचे हुए जबर्दस्त शोर शराबे एवं फैली अव्यवस्था के बीच मैं कल्पना करने को मजबूर हो गया कि अगले कुछ सप्ताहों में क्या होने वाला है।

यद्यपि मुझे अचंभित नहीं होना चाहिए था। पिछले एक-दो महीनों से, संपूर्ण दिल्ली में चुनाव संबंधी गतिविधियां जोरों पर हैं। सत्ताधारी दल के नामांकन के लिए, टिकट मांगने वालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। और इन सभी संभावित उम्मीदवारों में से प्रत्येक मतदाताओं के समक्ष वादों की झाड़ी लगाकर तथा संपूर्ण शहर को होर्डिंगों से पाटकर एक-दूसरे को मात देने में लगा हुआ है। टी शर्टें, घड़ियां, बिल्ले, टोपियां एवं भगवा मफलरों की बाढ़ आ गई है। इनमें से प्रत्येक वस्तु में दयालु दानदाता के चित्र व हमारे नेता के चित्र होते हैं, जैसे कि उज्जवला योजना, उजाला योजना, आयुष्मान भारत व अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रचार करने वाले बिलबोर्ड पर्याप्त नहीं थे। होर्डिंगों की कहानी भी ऐसी ही है, शायद ही कोई बिजली का खंभा अथवा पेड़ या दीवार बची होगी जिस पर ढेर सारे पोस्टर न लगे हों।

इस चुनाव में एक नई चीज है सोशल मीडिया का उपयोग। लगभग सभी ने गूगल और फेसबुक में विज्ञापन के लिए स्थान खरीदा है। एक सर्च पेज खोलिए और आपको इनमें से एक या अधिक प्रत्याशियों के मुस्कुराते हुए चेहरे एवं धूल व गंदगी से भरे शहर को स्वर्ग बनाने वाले वादे नजर

आएंगे। सौभाग्य से कोई सड़कों को बच्चे के गालों जैसा चिकना बनाने का वादा नहीं कर रहा।

प्रोत्साहन, होर्डिंग और सोशल मीडिया ही केवल मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रयुक्त माध्यम नहीं है। कुछ प्रत्याशियों ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नवीन पद्धतियां खोज ली हैं। धार्मिक प्रवचन एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करना, नई पद्धति है धार्मिक पर्यटन। एक प्रत्याशी ने अत्यंत खर्चीली वैष्णो देवी की यात्रा आयोजित की। प्रत्येक दिन, लगभग एक महीने से, कुछ वातानुकूलित वोल्वो बसें लोगों को धर्मस्थल ले जाती हैं। उनके खाने, रहने, एवं यात्रा का ख्याल रखा जाता है। बसें विशाल बैनर एवं भगवा रंग की पोशाक पहने प्रत्याशी के चित्र साथ लेकर चलती हैं। अब यह देखना बाकी है कि जिन लोगों ने अपनी दयालुता के कारण धार्मिक योग्यता प्राप्त की वो चुनाव के दिन प्रतिक्रिया करेंगे या नहीं। फिर एक और प्रत्याशी है जो ऐसा कुछ कर रहा है जिससे मैनेजमेंट गुरु गर्व महसूस करेंगे। इन सज्जन ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत होर्डिंग पर लंबी मूछे वाले चेहरे के साथ की थी, जिसे मर्दाना छवि को नरम बनाने के लिए किया गया होगा। वो सज्जन एक अत्यंत समृद्ध परिवार के वंशज हैं, उनके पिता जो कई चुनावों में पराजित हो चुके हैं, शहर में उसके चारों ओर वृहत संपत्ति का स्वामित्व रखते हैं।

प्रत्याशी ने स्वाभाविक रूप से किसी छवि परामर्शदाता की साथ ही विभिन्न तबकों को प्रभावित करने के लिए किसी राजनीतिक रणनीतिकार की मदद ली होगी। इस तरह, उदाहरण के लिए, एक संगीत संध्या आयोजित की गई और किशोरों को आकर्षित करने के लिए लोकप्रिय गायक को बुलाया गया, जबकि कार्यक्रम मूछों वाले पूर्व सैन्य जनरलों को सम्मानित कर देशभक्ति की भावना प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था। चूंकि शहर में सबसे बड़े समुदायों में से एक पूर्वांचलवासियों का है, ऐसे में भोजपुरी सिनेमा के अग्रणी कलाकारों को बुलाकर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस समारोह के दौरान सोचे समझे तरीके से प्रत्याशी को दर्शाने के लिए क्रेन कैमरे व वृहद आकार के परदे लगाए गए जबकि प्रवासी पूर्वांचलवासी दर्शक अपने पसंदीदा कलाकारों की बारी आने की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहे थे। अग्रणी अंग्रेजी समाचार पत्रों में यह और अन्य समारोहों को विज्ञापनों के माध्यम से प्रचारित किया गया था।

कहने की आवश्यकता नहीं कि इन सब आयोजनों में भारी मात्रा में धन खर्च होता है। निश्चित रूप से, चुनावों की घोषणा नहीं हुई है और इसलिए चुनाव आचार संहिता लागू नहीं है। मुझे अचरज होता है कि कर विभाग उन दसियों हजार करोड़ रुपयों का संज्ञान लेता है या नहीं जो चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा खर्च किए जाते हैं जबकि आम आदमी को चंद हजार रुपयों का विवरण आयकर विभाग को देना पड़ता है, मुझे सर्वव्यापी मूछों वाले चेहरे याद आएंगे। मैं ट्रैफिक जाम के दौरान यह सब सोच रहा था जबकि एसयूवी वाहनों का काफिला साथ-साथ धीरे-धीरे आगे खिसक रहा था। मैंने देखा कि सभी कारों पर अनुक्रम में नंबर पड़े थे और प्रत्येक पर एक और नंबर 370 भी था। इससे पता चलता है कि प्रत्याशी वर्तमान सरकार द्वारा वर्तमान में उठाए गए जोरदार कदम से अभिभूत थे कि उन्होंने नेता के स्वागत के लिए 370 एसयूवी का काफिला लेकर चलने का निर्णय लिया था। मैं अपने संविधान निर्माताओं का आभारी हूं कि उन्होंने संविधान में अनुच्छेदों की संख्या 448 तक सीमित रखी।

आप की बात

भारत में भाषाई विविधता

वर्तमान समय में हिन्दी को एकीकरण की भाषा के रूप में देखने की बात हो रही है। यह सच है कि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है मगर देश में व्याप्त भाषाई विविधता को देखते हुए हमें एक भाषा को न थोपकर क्षेत्रीय भाषाओं का भी सम्मान करना होगा। राष्ट्रीय एकता का यही तकाजा है। यदि सरकारी मशीनरी को किसी एक भाषा को कार्य का माध्यम बनाना पड़े तो निश्चि रूप से यह उन अधिकारियों के साथ भेदभाव होगा जिनकी भाषा हिंदी नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, 'केन्द्र की आधिकारिक भाषा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी होगी। संविधान लागू होने के बाद 15 वर्ष तक अंग्रेजी भाषा केन्द्र के सभी आधिकारिक कार्यों में प्रयोग होती रहेगी, जिसके लिए उसका प्रयोग हो रहा है।' अनुसूची 8 हिंदी प्रयोग में बढ़ोत्तरी की समीक्षा की अनुमति देता है, पर यह अंग्रेजी को पीछे नहीं छोड़ता न ही राज्य विधायिका को अपनी भाषा प्रयोग करने से रोकता है। यह स्पष्ट करता है कि सभी आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में भी होंगे। अंग्रेजी के बिना बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवर क्षेत्र में दखल कैसे हो सकता है?

– **चिरंजीव कुमार**, आगरा

आवारा कुत्तों का संहार

हिरण्यमय कार्लेकर के प्रकाशित अग्रलेख 'निंदनीय है आवारा कुत्तों का संहार (पायनियर, 18 सितंबर) में लेखक ने मूलत: देशी आवारा कुत्तों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण में देखने की चेष्टा की है। दरअसल हम यह समझ बैठे हैं कि यह दुनिया सिर्फ हम इंसानों की संपत्ति है जो महज अपने फायदे के लिए आपस में ही मार-काट मचाये हुए हैं। ऐसे में इस दुनिया में रहने वाले दूसरे जीव-जंतुओं के हित के बारे में सोचने की भला किसको पड़ी है। उच्चतम न्यायालय के हाल में दिए एक अंतरिम फैसले को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। पीठ ने केंद्र सरकार द्वारा 2001 में पारित पशु जन्म नियंत्रण नियम के अनुरूप इस मामले के निष्पादन का आदेश दिया गया है। लेकिन आदेश में न्यायालय ने भी माना है कि जीवन प्रकृति का एक अनमोल उपहार है और पशुओं के प्रति करुणा और मानव जीवन में तालमेल होना चाहिए। भारत में कुत्तों को बिना किसी मकसद से सदियों से बेरहमी से जान से मारा जाता रहा है। अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परंपरा को आजाद भारत में भी बरकरार रखा गया परंतु उससे कोई फायदा हुआ हो उसका कोई ठोस प्रमाण आज तक किसी के हाथ नहीं आया है।

– **साधना राय**, जमशेदपुर

बुनियादी ढांचे में निवेश

सरकार को बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश के लिए खजाने का मुंह खोलना होगा। यह इसलिए जरूरी है ताकि इस निवेश का असर चालू वित्त वर्ष में ही महसूस हो और मंदी पर काबू पाया जा सके। यदि लगे तो राजकोषीय अनुशासन के मामले में कुछ छूट ली जा सकती है, लेकिन यह केवल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश की शर्त पर ही हो। वैसे भी यह क्षेत्र शिद्दत से सुधार का इंतजार कर रहा है और इसमें अर्थव्यवस्था को व्यापक रूप से फायदा पहुंचाने की विपुल संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री को संवाद स्थापित करने की कला में महारत हासिल है। अपने इस कौशल का उपयोग उन्हें सभी क्षेत्रों के उद्यमियों और निवेशकों का प्रत्येक मोर्चे पर हौसला बढ़ाने में करना होगा। उन्हें आधुनिक भारत का सपना इस तबके के बीच लोकप्रिय बनाना होगा। इस साल 15 अगस्त को पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि संपत्ति सृजित करने वालों का सम्मान करना होगा। प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त करना होगा कि वास्तविक गलतियां और नुकसान स्वीकार्य होंगे तथा कानूनी ढंग से कमाई स्वागतयोग्य है।

– **डॉ. हेमंत कुमार**, गोराडीह

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

फरमाया

सांप्रदायिक शक्तियों को कमजोर करने के बजाय कांग्रेस ने हमेशा उन शक्तियों को कमजोर किया जो उसके खिलाफ आवाज उठाती थीं।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

कोई नहीं कह सकता कि कांग्रेस ने विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई। हमारे नेताओं ने विधायिकाओं, संसद व सड़क पर संघर्ष किया।

– **अजय माकन**
कांग्रेस नेता

मैं भी गैर-हिंदी भाषी राज्य से हूं। मेरा भाषण ध्यान से सुनें। यदि कोई इस पर राजनीति करे तो उसकी मर्जी।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय मंत्री

नींव तैयार, अब सर्वोत्तम प्रदेश की यात्रा पर यूपी

ढाई वर्षों में योगी सरकार ने जो कीर्तिमान स्थापित किये वह पन्द्रह सालों में भी नहीं बने: स्वतंत्र देव

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा प्रमुख पर साधा निशाना, कहा प्रदेश के चहुंमुखी विकास की हकीकत को स्वीकारें अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा मुखिया अखिलेश यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए बीजेपी ने कहा कि हार की हताश से घर में बैठे पूर्व मुख्यमंत्री ढाई साल में पहली बार अपने महल से बाहर भी निकले तो सीधे गरीबों की जमीन कब्जाने वाले भूमाफिया को बचाने के लिए निकले। ऐसे में उन्हें सही तस्वीर कहां समझ में आएगी। ढाई साल में योगी सरकार ने विकास सुशासन व सबकी खुशहाली की नींव तैयार की है। इस पर अगले ढाई साल में उप्र सर्वोत्तम प्रदेश की यात्रा तय करेगा।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा प्रमुख को यकीन नहीं हो रहा है कि इतने अल्पसमय में कोई सरकार इतने बड़े विजन और ईमानदारी के साथ इतना विकास भी कर सकती है। इस हताशा और निराशा में ही वे ऐसे बयान दे रहे हैं जिनमें ना तो कोई तथ्य हैं ना ही भरोसे लायक कोई बात। प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की सरकार का भ्रष्टाचार ओर अराजकता अभी भूली नहीं है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि ढाई वर्षों में योगी सरकार ने जनकेन्द्रित उपलब्धियों के जो कीर्तिमान स्थापित किये हैं वह पन्द्रह वर्षों में भी नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास की हकीकत को स्वीकार करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी टीम चुनना भ्रष्टाचार है तो अखिलेश बताएं अपने चाचा को किस भ्रष्टाचार में उन्हें उनके पद से बेदखल किया? उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख शायद भूल गए है कि जियाउल हक से लेकर जवाहर बाग तक उनके राज में पुलिस अधिकारियों की कैसे दुर्दान्त हत्याएं हुईं। आज अपराधी या तो सलाखों के पीछे हैं या दुनिया छोड़ चुके हैं। विकास के नाम पर अखिलेश ने मैनपुरी और इटावा को ही प्रदेश समझा और निवेश के नाम पर सरकारी धन की लूट कर अपने परिवार में उसकी बंदरबांट की। सिंह ने कहा कि पांच सालों में गन्ना किसानों के बकाए से अपना घर भरने वालों को मालूम होना चाहिए कि पिछले दस सालों में जितना गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ उससे ज्यादा ढाई वर्ष में हुआ है। पूरे प्रदेश में खुलेआम गौकशी कराने वाले आज गौमाता की चिंता कर रहे हैं। यह हृदय परिवर्तन भी योगी सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर दंगे से लेकर दर्जनों मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सपा सरकार के बारे में क्या टिप्पणी की थी, इसके पन्ने अखिलेश को पटलने चाहिए। युवाओं को भी सबसे ज्यादा अखिलेश सरकार ने ठगा। भर्ती आयोग को भ्रष्टाचार आयोग में बदल डाला और स्वास्थ्य योजनाओं में केवल खुली लूट हुई। सपा सरकार के भ्रष्टाचार व कुशासन की वजह से टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियां यूपी छोडकर जा रहीं थीं। योगी सरकार ने उन्हें तो रोका ही 4.68 लाख करोड़ के निवेश की भी जमीन तैयार की। बीजेपी ने कहा कि अखिलेश की सरकार में प्रदेश में बिजली भी जाति और धर्म देखकर दी जाती थी। कुछ खास शहरों को छोड़ बाकी प्रदेश अंधेरे में डूबा रहता था। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल थीं। योगी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास की नीति के साथ हर तबके का विकास किया जा रहा है। आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने, चौबीस घंटे बिजली देने, सौभाग्य योजना को शत प्रतिशत लागू करने और चीनी उत्पादन में आज प्रदेश पहले स्थान पर है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश जी! यह सुशासन और जनता की सेवाओं से मिले आशीर्वाद का उत्सव है। आप ने तो समाजवाद के नाम पर सैफई में जिस तरह के जश्न आयोजित किये और जनता के पैसे को पारिवारिक जश्न का जरिया बनाया, आपको योगी सरकार में जनता के चेहरे पर आयी मुस्कान का उत्सव कैसे समझ में आयेगा।

प्रदेश सरकार के ढाई वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर प्रतिक्रिया देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि यूपी बीजेपी सरकार का ढाई साल का कार्यकाल जनहित, जनकल्याण व प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए विकास के अधिकतर मामलों में निराशाजनक रहा है। खासकर अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के मामलों में तो यह सरकार बुरी तरह से विफल साबित हुई है।

मायावती ने सोशल मीडिया में ट्वीट करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार अपनी इन कमियों पर पर्दा डालते रहने के बजाय उन्हें दूर करने पर ध्यान केन्द्रित करे तो यह प्रदेश व जनहित में ज्यादा बेहतर होगा। इससे पूर्व मायावती ने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में वाल्मिकी मंदिर को गिराए जाने पर ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में प्राचीन संत रविदास मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया। फिर कर्नाटक में सत्ताधारी बीजेपी के ही दलित सांसद को मंदिर में जाने से रोका गया और अब लखनऊ किंग जार्ज मेडिकल कालेज परिसर में वाल्मिकी मंदिर को जबर्दस्ती गिरा दिया गया। ये सब शर्मनाक व अति-निन्दनीय है। उन्होंने अगले ट्वीट में लिखा कि केन्द्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि इन सब मामलों को पूरी गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में त्वरित सख्त कार्रवाई करें, यह बीएसपी की मांग है।

धवस्त कानून व्यवस्था व पुलिसिया उत्पीड़न का कार्यकाल रहा: कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के आधा कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता व पूर्वी उत्तर प्रदेश के इंचार्ज अजय कुमार लल्लू ने कई गंभीर मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। कांग्रेस नेता ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से जवाब मांगा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का वादा था कि उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन आजाद भारत के इतिहास में युवा पीढ़ी कभी इतनी परेशान और लाचार नहीं थी। 45 साल में इतने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी दर कभी भी नहीं रही है। लोकसेवा आयोग से लेकर तमाम भर्ती परीक्षाओं का बुरा हाल है। पिछले ढाई साल में शायद कोई भर्ती रही हो जिसमें पेपर लीक नहीं हुआ हो, सिर्फ इतना ही नहीं रोजगार मांगने पर बेरोजगार नौजवानों पर लाठीचार्ज किया जाता है, जेल भेजा जाता है। फर्जी मुकदमें में फंसाया जाता है। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यह बड़े शर्म की बात है कि भाजपा के एक केन्द्रीय मंत्री युवा पीढ़ी को ही निकम्मा करार देते हुए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का बीता आधा कार्यकाल धवस्त कानून व्यवस्था और पुलिसिया उत्पीड़न का कार्यकाल रहा है। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। सरेआम बलात्कारियों के संरक्षण में पूरा शासन-प्रशासन लगा हुआ है। कुलदीप सिंह सेंगर से चिन्मयानन्द तक के मामले में प्रदेश की जनता ने इसका खेल देखा है। शाहजहांपुर मामले में उन्होंने कहा कि चिन्मयानन्द स्वामी की जगह तो जेल में होनी चाहिए लेकिन भाजपा लगातार उनको संरक्षण दे रही है यही इस सरकार का असली चरित्र है।

ढाई साल में ढाई कोस भी नहीं चल पायी सरकार: अखिलेश

● सपा मुखिया ने कहा, बैलगाड़ी की रफ्तार से चल रही है डबल इंजन वाली सरकार

● बिजली की दरों में वृद्धि के खिलाफ पहली अक्टूबर को सभी तहसील मुख्यालों पर धरना देगी सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में ढाई साल का कार्यकाल पूरा करने वाली भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार पर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को जमकर हमला बोला। वह सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार बैलगाड़ी की रफ्तार से चल रही है। सरकार ढाई साल में ढाई कोस भी नहीं चल पायी। प्रदेश में अराजकता, लूटपाट और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि बढ़ी हुई बिजली दरों के विरोध में सपा पहली अक्टूबर को प्रदेश में सभी तहसीलों पर धरना देगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश के निर्देश पर पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद मामले से जुड़ी एक खबर की सीडी भी चलायी गयी।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार खुशी मना रही है। सरकार झूठा जश्न मना रही है और मैंने हमेशा इस बात को कहा कि डबल दि स्पीड, ट्रिपल दि इकॉनामी। यूपी की जनता को लगा कि डबल इंजन की जब सरकार हो गयी है तो विकास की रफ्तार बढ़ेगी लेकिन जो पुरानी कहावत है कि ढाई साल में भी ढाई कोस भी सरकार नहीं चल पायी। सरकार की विकास और खुशहाली की जो रफ्तार है वह डबल इंजन वाली नहीं बची है। बैलगाड़ी की रफ्तार से ये लोग उत्तर प्रदेश को चला रहे हैं। जहां बड़े बड़े सपने दिखा रहे हैं। डालर में बात होती है कि ट्रिलियन इकॉनामी हो जाएगी देश की और जब देश की बात हो रही हो तो उत्तर प्रदेश कैसे पीछे छूट सकता है क्योंकि उत्तर प्रदेश से ही प्रधानमंत्री हैं, राष्ट्रपति हैं, कई और मंत्री हैं, बड़ी संख्या में राज्यपाल बने हैं। सबसे ज्यादा जनता का समर्थन विधायक और सांसद के रूप में उत्तर प्रदेश से मिला है। उत्तर प्रदेश की सरकार भी कह रही है कि हम भी एक ट्रिलियन एकोनामी में जोड़ेंगे।

अखिलेश ने कहा कि कानून व्यवस्था के नाम पर सरकार के आंकड़े जो बताते हैं और जो होम डिपार्टमेंट के आंकड़े हैं उनमें अंतर है। बेटियों के साथ सबसे अधिक घटनाएं उत्तर प्रदेश में हुई हैं। किस शहर की बात की जाए कि जहां घटनाएं नहीं हो रही हैं। राजधानी में भी बलात्कार की घटनाएं बढ़ी हैं। इतनी हत्याएं उत्तर प्रदेश में कभी नहीं हुई जितनी हत्याएं हो रही है। अपराधी जब चाहे हत्या कर दें किसी की, कोई सुरक्षित नहीं है। सरकार आंकड़े छिपाकर बात कर रही है। होम डिपार्टमेंट के आंकड़ों को देखें तो आज हत्या, लूट, बलात्कार में उत्तर प्रदेश सबसे आगे दिखायी दे रहा है। अखिलेश ने कहा कि जहां तक यूपी में अपराधियों का सवाल है, सबसे ज्यादा सरकार को मानवाधिकार आयोग से नोटिस मिली है। कई पुलिस अधिकारियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कई ने आत्महत्या भी की है। पुलिस अभिरक्षा में भी सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हुई हैं। जहां बताया जा रहा है कर्ज माफी से बहुत लाभ किसानों को पहुंचाया तो हकीकत यह है कि कर्ज में डूबे कई किसान आत्महत्या कर चुके हैं। देश की अर्थ व्यवस्था लगातार नीचे जा रही है। राष्ट्रवाद के चोले से भाजपा इसे कब तक ढकेगी। भारत भी जीडीपी को लेकर अपने आंकड़ों में हेराफेरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट की इतनी भरी रकम सरकार ने गौ संरक्षण पर बर्बाद कर दिया और गऊ माता सड़क पर पड़ी है। आज तो गाय भी रो रहीं हैं। दुर्घटनाओं में लाखों जानवरों की जान जा रही है। इसके लिए सरकार दोषी है।

उपलब्धियों का सफरनामा बयां करती है लघु फिल्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सियासत की स्क्रीन पर फिल्मी तरानों और जुमलों की गूंज अक्सर सुनायी देती रही है। अतीत के इन पन्नों में योगी सरकार की ढाई साल की पटकथा का एक नया फिल्मी तराना जुड़ गया है। गोविन्दा की फिल्म बीवी नम्बर वन के गाने की धुन को लेकर सियासत की इस पटकथा में योगी आदित्यनाथ को सीएम नम्बर-वन होने का संदेश दिया गया है। सरकार के कामकाज पर बनी बीस मिनट की इस लघु फिल्म में उपलब्धियों को गाने की धुनों के साथ खूबसूरत तरीके से परोसा गया है।

सरकारी फिल्म की शुरूआत 65 सालों से अच्छे योगी जी के ढाई साल से होती है। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास, प्रयागराज कुंभ, अप्रवासी दिवस, इन्वेस्टर समिट सहित ऊर्जा, निर्माण, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा तथा किसानों को लेकर हुये कार्यों का चित्रण किया गया है। सरकार बनने से पहले केन्द्र सरकार की जिन योजनाओं में यूपी फिसड्डी था, उनमें मिली कामयाबियों में परोसा गया है और दस बात का संदेश दिया गया है कि यूपी नम्बर वन, सीएम योगी नम्बर वन। इससे पहले सपा सरकार में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के साथ हुये गठबंधन पर यूपी को यह साथ पसंद है, का राजनीति जुमला खूब चला था।

योगी सरकार के ढाई साल के कार्यकाल पूरा होने पर आया नया फिल्मी तराना क्या कमाल दिखायेगा, यह आने वाला समय बतायेगा। फिलहाल इसके प्रदर्शन राज्यपाल आनंदी बेन और ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में किया गया। पूरी फिल्म में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि देश के सबसे बड़े राज्य की भूमिका में यूपी आ चुका है और यह सब सन्यासी योगी के जन्मयोग का असर है। जिससे यूपी चमक रहा है। सूचना विभाग की देखरेख में तैयार योगी सरकार की इस लघु फिल्म को लेकर सरकार के अधिकारी खासे उत्साहित हैं। इनका कहना है कि सरकार के कामकाज और उपलब्धियों पर आधारित यह फिल्म चर्चा का विषय बनेगी।

जानकारों के मुताबिक इस लघु फिल्म को सोशल मीडिया, टीवी तथा अन्य संशाधनों की मदद से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की कोशिश होगी। फिल्म के अलावा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित कई लाख किताबों भी तैयार की गई है, जिन्हे सरकार और भाजपा संगठन गांव-गांव लोगों तक पहुंचायेगा।

प्रियंका ने योगी सरकार पर चिन्मयानंद को संरक्षण देने का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर बलात्कार और यौन शोषण के आरोपी पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि सरकार चिन्मयानंद को उसी तरह से संरक्षण दे रही है जैसे उसने उन्नाव मामले के आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिया था। उन्नाव बलात्कार मामले में भाजपा सरकार और पुलिस की लापरवाही व आरोपी को संरक्षण दिए जाने का हश्र सबके सामने है। प्रियंका ने कहा, अब भाजपा सरकार और उप्र पुलिस शाहजहांपुर मामले में वही दोहरा रही है। पीड़िता भय में है, लेकिन भाजपा सरकार पता नहीं किस चीज का इंतजार कर रही है। गौरतलब है कि चिन्मयानंद के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज छात्रा ने बुधवार को सुबह इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। पीड़ित छात्रा का कहना है कि स्वामी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह आत्मदाह कर लेगी।

एमएसएमई की वित्तीय सहायता के लिए बनेगा वेंचर कैपिटल फंड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के प्रमुख सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने ओडीओपी की समीक्षा करते हुए कहा कि एमएसएमई कंपनियों के विकास के लिए वित्तीय अनुउपलब्धता प्रमुख बाधाओं में से एक है। इस मुद्दे को महसूस करते हुए एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन विभाग और ओडीओपी सेल ने एमएसएमई कंपनियों को बैंक ऋण प्राप्त करने में सहायता के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई है। इनमें मार्जिन मनी योजना, क्रेडिट गारंटी आदि योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एमएसएमई इकाइयां जिनमें ओडीओपी इकाइयां भी शामिल हैं को अधिक ऋण देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई कंपनियों को अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी और बैंक ऑफ बड़ोदा जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के साथ वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक और वेंचर कैपिटल फंड एमएसएमई के अधिकांश फंड की आवश्यकता का ध्यान रख सकते हैं किन्तु वे एमएसएमई क्षेत्र में इक्विटी पूंजी के इंजेक्शन की कमी को संबोधित नहीं कर रहे हैं। इसके लिए एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश ने अगस्त 2018 में एमओयू किए गए हैं। एमओयू का उद्देश्य ओडीओपी कंपनियों सहित एमएसएमई कंपनियों के लिए वित्त विकास पूंजी का एक और स्रोत खोलना था।

गन्ना उद्योग के विकास के लिए पीपीपी प्रणाली फायदेमंद: भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप्र में गन्ना के समग्र विकास के लिए सीआईआई ने शुगर टेक 2019 का आयोजन किया। प्रदेश के प्रमुख सचिव गन्ना उद्योग संजय भूसरेड्डी ने गन्ना उद्योग के सदृढ़ विकास के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप प्रणाली पर बल दिया। उन्होंने बताया की सरकार नीतियों के नज़रिये से सम्पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने निजी कंपनियों को शर्करा उद्योग में अधिक से अधिक निवेश करने क साथ साथ शोध एवं अनुसन्धान पर भी सामान रूप से बल देने का अवाहन किया। आरएल तमक कार्यकारिणी निदेशक ने बताया की इस तकनीक.चालित उद्योग जगत में शुगर के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद है। आज के समय में शर्करा को एक हानिकारक पदार्थ के रूप में देखा जाने लगा है जबकि इसके विपरीत इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। इथेनॉल, अल्कोहल स्पिरिट्स, फार्मा उत्पाद, बगास इत्यादि जैसे उत्पादों का सृजन का मुख्या स्रोत गन्ना ही है। डॉ जीएससी राओ महानिदेशक ग्लोबल कंसुगर ने शर्करा उद्योग के क्षेत्र में जैविक खेती, क्रॉप मैपिंग तथा उत्पादन का आलेख जैसे प्रणालियों का इस्तेमाल कर मुनाफे को बढ़ने की सलाह दी, उनका मानना है की शुगर उत्पादकों को गन्ने से उत्पन्न होने वाले अन्य पदार्थों के उत्पादन पर सामान रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अंकित गुप्ता निदेशक दयाल ग्रुप ने कहा कि भारत विश्व में शुगर उत्पादन में 15 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही साथ यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की एक महत्वपूर्ण इकाई है। शुगर उद्योग तकरीबन ढाई लाख लोगों के रोज़गार भी मुहैया करता है। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण है की हमें फार्म तथा उद्योग स्टार पर उत्पादन के बढ़ने की अत्यधिक आवश्यकता है। डॉ ए डी पाठक निदेशक आईआईइसआर ने भी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप तथा शोध एवं अनुसन्धान के महत्ता देते हुए गन्ने की विविधता के विक्षित करने के लिए आग्रह किया। इस चर्चा परिचर्चा में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने डायवर्सिफि केशन, तकनिकी विकास और फार्म लेवल पर वांछनीय विकास पर चर्चा की।

इटावा के भूमि संरक्षण अधिकारी व परियोजना प्रभारी निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर इटावा के भूमि संरक्षण अधिकारी महेन्द्र सिंह एवं परियोजना प्रभारी सुशील कुमार को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। कृषि मंत्री ने बताया कि भूमि संरक्षण इकाई सहसों, इटावा 'नगला सलहदी' परियोजना में एनएमएसए योजनान्तर्गत कार्य निष्पादन में अनियमितता बरतने के आरोप में महेन्द्र सिंह एवं सुशील कुमार को निलम्बित किया गया है।

शाही ने बताया कि परियोजना के कतिपय लाभार्थियों द्वारा शिकायत की गयी कि योजना की धनराशि उनके खाते में न भेजकर भूमि संरक्षण अधिकारी, महेन्द्र सिंह एवं परियोजना प्रभारी, सुशील कुमार द्वारा धोखाधड़ी करते हुये अन्य किसी के खाते में स्थानान्तरित कर दी गयी। उन्होंने बताया कि उप कृषि निदेशक, भूमि संरक्षण, इटावा द्वारा करायी गयी जांच में पाया गया कि इन कार्मिकों द्वारा मनमाने ढंग से परियोजना कार्यों को सम्पादित किया गया।

अनुदान की धनराशि सही लाभार्थी के खाते में स्थानान्तरित न करके अन्य के खाते में स्थानान्तरित की गयी। इस प्रकार सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा योजना के कार्यों में पारदर्शिता को ध्यान में न रखते हुए अनियमितता बरती गयी। शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को पूरी पारदर्शिता के साथ मिले। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिजली कर्मियों का 72 घंटे का कार्य बहिष्कार छह नवंबर से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

निजीकरण के विरोध में एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए तमाम बिजली कर्मचारी व अभियन्ता 6 नवम्बर से 72 घण्टे का कार्य बहिष्कार करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने घोषणा की है कि प्रदेश के बिजली कर्मचारी व अभियन्ता 6 से 8 नवम्बर को 72 घण्टे का कार्य बहिष्कार करेंगे। नेशनल कोआर्डीनेशन कमीटी ऑफ़ एलेक्ट्रीसिटी एम्प्लोयीज ऐण्ड इन्जीनियर्स के अवाहन पर उप्र के बिजली कर्मचारियों व अभियन्ताओं का लखनऊ में प्रान्तीय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में केन्द्र व राज्य सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में एवं कर्मचारियों की अन्य न्यायोचित समस्याओं के समाधान के लिए प्रान्त व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन में पारित प्रस्ताव में केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय मदद देने के नाम पर राज्य सरकारों पर बिजली आपूर्ति के निजीकरण के लिए बेजा दबाव बनाने की भर्त्सना करते हुए चेतावनी दी गयी है कि बिजली, संविधान की 7 वीं अनुसूची में राज्य का विषय है और केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों पर निजीकरण के लिए दबाव डालना राज्यों के कार्यक्षेत्र में अनुचित हस्तक्षेप है।

खादी की लोकप्रियता बढ़ाएगा महोत्सव

● 1000 सोलर चर्खे, 500 विद्युत चालित कुम्हारी चाक, 250 दोना पत्तल मशीनों का होगा वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की अध्यक्षता में खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की 48 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के अवसर खादी महोत्सव एवं फैशन-शो, खादी स्वदेशी ड्राइंग कम्पटीशन तथा पर्यावरण की दृष्टि से राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहभागिता करने जैसे मुद्दों पर निर्णय लिए गए।

सिंह ने कहा कि खादी को जन-जन में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर से इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में खादी महोत्सव-2019 का आयोजन किया जायेगा। इसमें 10 दिवसीय प्रदर्शनी के साथ-साथ उत्कृष्ट आधुनिक खादी परिधानों का फैशन-शो भी होगा।

फैशन-शो में ख्याति प्राप्त फैशन डिजाइनर रितु बेरी, रीना ढाका सहित अन्य डिजाइनरों द्वारा तैयार खादी के विभिन्न परिधानों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 1000 सोलर चर्खे, 500 विद्युत चालित कुम्हारी चाक एवं 250 दोना पत्तल मशीनों का वितरण भी कराया जायेगा। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड शुरू से ही ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा पूर्व से ही पर्यावरण मित्र उद्योगों की स्थापना पर बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आगे कदम बढ़ाते हुए एकल इस्तेमाल में प्रयुक्त होने वाली प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए पूरे प्रदेश में 15000 खादी से निर्मित थैले जिसपर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित स्लोगन अंकित होगा का वितरण कराया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती को यादगार बनाने के लिए खादी स्वदेशी ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कम्पटीशन में श्रेष्ठ 10 कृतियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। विजेताओं को खादी महोत्सव के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा हनी मिशन (मधुमक्खी पालन उद्योग) को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को 10 हनी बाक्स किट्स उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। साथ ही खादी संस्थाओं के माध्यम सोलर चर्खों के प्रशिक्षण एवं उत्पादन कार्य कराने जाने पर विचार-विमर्श हुआ।

प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा नवनीत सहगल ने बैठक में बोर्ड के पदाधिकारियों को विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

पायनियर
नई दिल्ली , शुक्रवार, 20 सितंबर 2019

चिन्मयानंद केजीएमयू लखनऊ रेफर लेकिन आयुर्वेद से इलाज कराने का हवाला देकर आश्रम लौटे

पायनियर समाचार सेवा। शाहजहांपुर

चिन्मयानंद को डॉक्टरों ने गुरुवार को लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया लेकिन वह अपना इलाज आयुर्वेद से कराने की बात कहकर मेडिकल कॉलेज से आश्रम लौट गए। चिन्मयानंद को स्वास्थ्य खराब होने के कारण शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां हालत ज्यादा खराब होने के चलते उन्हें डॉक्टरों ने केजीएमसी लखनऊ रेफर कर दिया। परंतु चिन्मयानंद अपना इलाज आयुर्वेद से कराने की बात कहकर मेडिकल कॉलेज से अपने आश्रम लौट गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज की जन संपर्क अधिकारी डॉक्टर पूजा पांडे ने बताया कि चिन्मयानंद को यहां मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उनको डायबिटीज, दस्त और हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत थी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनके हृदय में रक्त की आपूर्ति कत हो रही थी। उनकी आयु 72 वर्ष है, ऐसे में दिल का दौरा पड़ने का भी खतरा है। डॉक्टर पूजा ने बताया कि इसी कारण चिन्मयानंद को केजीएमसी लखनऊरेफर किया गया। दूसरी ओर चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने चिन्मयानंद को केजीएमसी रेफर किया था लेकिन वह वहां ना जाकर अपने दिव्य धाम वापस आ गए हैं। उनका कहना है कि वह आयुर्वेद पद्धति से अपना इलाज कराएंगे और ठीक हो जाएंगे। अधिवक्ता के मुताबिक आयुर्वेद के डॉक्टर चिन्मयानंद के आवास पर पहुंच गए हैं और उनका इलाज शुरू कर दिया है। इससे पहले विधि की छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में चिन्मयानंद के एक इंटर कॉलेज में अध्यापन का कार्य कर रही पीड़ित की मां से जुड़े सभी रिकॉर्ड कॉलेज प्राचार्य ने गुरुवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे।

मुमुक्षु आश्रम के प्रशासनिक सूत्रों ने आज बताया कि पीड़ित की मां को मई 2019 में चिन्मयानंद के स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में बतौर अध्यापक नियुक्त की गई थी। एसआईटी ने इससे जुड़ी पूरी जानकारी मांगी थी, जो प्राचार्य ने आज उन्हें सौंप दी। चिन्मयानंद पर लगे बलात्कार और अन्य आरोपों के मामले में एसआईटी भाजपा नेता की ओर से दर्ज कराए गए रंगदारी के मामले, पीड़ित के पिता की ओर से दर्ज कराए गए अपहरण एवं जान से मारने की धमकी के मामले और पीड़ित द्वारा दिल्ली में दिए गए 12 पेज के प्रार्थना पत्र को आधार बनाकर जांच कर रही है। एसआईटी प्रमुख नवीन अरोड़ा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हमें 23 सितंबर तक पूरी जांच रिपोर्ट इलाहाबाद उच्च न्यायालय को देनी है। हम विवेचना में दोनों मामलों में कड़ी से कड़ी जोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद पीड़ित छात्रा ने चिन्मयानंद की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि अगर सरकार उसके मरने का इंतजार कर रही है तो वह आत्मदाह कर लेगी। अरोड़ा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शीर्ष अदालत के निर्देश पर मुख्य सचिव ने एसआईटी का गठन किया है। उन्होंने बताया कि टीम ने मुमुक्षु आश्रम परिसर देखा तथा जरूरत के अनुसार कॉलेजों के प्राचार्य तथा स्टाफ से पूछताछ की। दोनों वादीगणों को भी बुलाया गया और उनके बयान दर्ज किए गए। उनसे भी सवाल-जवाब किए गए और पीड़िता का बयान भी लिया गया।

जयपुर में गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और कांग्रेस सांसद शशि थरूर

एक स्थान पर खड़े होकर समस्याएं हल नहीं कर सकते : नायडू

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने गुरूवार को नेताओं से यह समझने का आग्रह किया कि लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं और वे अपनी समस्याओं के हल के लिए राजनीतिक दलों को ज्यादा समय नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लुटियन दिल्ली के मित्र कभी-कभी गलत हो जाते हैं क्योंकि लोगों तक पहुंचे बिना समाधान नहीं मिल सकता है। पत्रकार-सांसद एमपी वीरेंद्रकुमार की पुस्तक हिमालयन ओडिसी के विमोचन के मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा , पहले वे (लोग) एक पार्टी को 50 साल देते थे। अब चीजें बदल गई हैं (ऐसा नहीं चलता) ... (लोग) अधिकतम पांच साल या 10 साल (देते हैं)। नायडू ने कहा कि जब तक नेता और नीति निर्माता कड़ी मेहनत नहीं करेंगे और लोगों की आकांक्षाओं को समझने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक वे उनके मुद्दों को हल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा, मुझे और सभी को यह समझना होगा (कि) लोगों की समस्याएं और उनकी जीवन स्थिति नेताओं के लिए, नीति निर्माताओं के लिए गहन अध्ययन ... यही कारण है कि कभी-कभी लुटियन दिल्ली के हमारे मित्र गलत हो जाते हैं, क्योंकि अगर आप यहां से सोचना शुरू करते हैं, यहां से कल्पना करें, बिना घूमे, फिर लोगों की, उनके बदले हुए मनोविज्ञान को समझने में ... हमेशा एक परिवर्तन चल रहा होता है ... हमें समाधान खोजना चाहिए।

कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हत्या मामले में गवाह से संपर्क नहीं करने को कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि आरोपी के परिवार के सदस्य या सगे-संबंधी सीबीआई के एक अहम गवाह से संपर्क करने की कोशिश नहीं करें। अदालत की कार्यवाही से जुड़े एक वकील ने बताया कि गवाह से जिरह पूरी करने के लिए और भी वक्त मांगे जाने को लेकर जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने मामले में एक आरोपी एवं उत्तर प्रदेश के विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के भाई अतुल सेंगर पर 25,000 रुपए का अदालती खर्च भी लगाया। अदालत के बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान अतुल के वकील ने गवाह से जिरह के लिए कुछ समय मांगते हुए कहा कि उन्हें एक दिन पहले ही कुछ दस्तावेज मुहैया किए गए हैं और उन्हें इस पर अपने डॉक्टरों के पैनल से परामर्श करने की जरूरत है। वकील ने बताया कि इस पर, बलात्कार पीड़िता एवं उसके परिवार के वकील ने कहा कि यदि गवाह को वापस भेजा जाता है और बाद की किसी तारीख पर बुलाया जाता है तो आरोपी उन्हें

कोर्ट ने विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के भाई अतुल सेंगर पर 25,000 रुपए का अदालती खर्च भी लगाया

प्रभावित करने की कोशिश कर सकता है। बहरहाल, अदालत ने गवाह का आगे का बयान दर्ज करने के लिए विषय को 23 सितंबर की तारीख के लिए निर्धारित कर दिया। अदालत ने कहा, चूंकि गवाह ने कहा कि वह अपनी जिरह के लिए सोमवार को फिर से उपस्थित (उन्नाव से) हो सकता है, इसलिए इस विषय को आरोपी पर 25,000 रूपए का अदालती खर्च लगा कर स्थगित किया जाता है...। अदालत ने कहा कि हालांकि यह निर्देश दिया जाता है कि आरोपी के परिवार के किसी सदस्य या रिश्तेदार द्वारा गवाह से संपर्क करने की कोई कोशिश नहीं की जाए। इस मामले में सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। पीड़िता के पिता को तीन अप्रैल 2018 को गिरफ्तार किया गया था और पिछले साल नौ अप्रैल को न्यायिक हिरासत में उनकी मौत हो गई थी।

बिहार में 5 स्थानों पर गंगा खतरे के निशान से ऊपर, नीतीश ने किया निरीक्षण

एजेंसी। पटना

बिहार में पांच स्थानों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से उपर रहने के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को इस नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा बिहार में बक्सर, पटना जिला के दीघाघाट, गांधीघाट, हाथीदह एवं मनेर, भागलपुर जिला के कहलगांव में खतरे के निशान से उपर बह रही है।

मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से गंगा के जल प्रवाह का मुआयना करने के क्रम में सबसे पहले पटना के दीघा घाट के पाटी पुल पहुंचे। दीघा घाट के पश्चात जेपी सेतु से हाजीपुर पहुंचे और वहां गंडक पुल से गंडक नदी के जल प्रवाह का मुआयना किया। नीतीश गंडक पुल के बाद गांधी सेतु पहुंचे और वहां गंगा नदी के जलस्तर का सूक्ष्मता से मुआयना किया। गांधी सेतु के बाद वह अधिकारियों के साथ गांधी घाट पहुंचे जहां अभियंताओं से विमर्श किया और बढ़े हुए जलस्तर के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने गंगा नदी के अलावा सोन नदी, गंडक और घाघरा के जलस्तर की वर्तमान स्थिति के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। वह उत्तराखंड में वर्षा की स्थिति से भी अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने गांधी घाट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विभिन्न जगहों पर जाकर गंगा नदी के जलस्तर को हम देख रहे हैं और कल भी हम हवाई सर्वे कर बक्सर से आगे तक की स्थिति को देखेंगे। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। जलस्तर बढ़ भी सकता है, इसके लिए पहले से ही सतर्क रहना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा हालांकि वर्ष 2016 में गंगा नदी के दोनों किनारों के 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए थे। अभी जल का वह स्तर नहीं है लेकिन कोई नहीं जानता है कि कल क्या हो सकता है।

तेजस का सफर रोमांचक रहा: राजनाथ सिंह

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु स्थित एचएएल हवाईअड्डे से तेजस लड़ाकू विमान में बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के साथ ही स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) में उड़ान भरने वाले पहले रक्षा मंत्री बन गए। करीब 30 मिनट के इस संक्षिप्त सफर के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने तेजस को इसलिए चुना क्योंकि यह स्वदेशी तकनीक से बना है। उन्होंने कहा कि विमान में सफर का उनका अनुभव रोमांचक रहा।

सिंह ने विमान से उतरने के बाद कहा, उड़ान सहज, आरामदायक रही। मैं रोमांचित था। यह मेरे जीवन की सबसे यादगार घटनाओं में से एक थी। मंत्री ने कहा, यह स्वदेश निर्मित विमान है। इसलिए तेजस में उड़ान भरना और इसका अनुभव करना सहज रूप से मेरे मन में आया। साथ ही यह जानने के लिए भी कि हमारे लड़ाकू पायलट किन परिस्थितियों में ये विमान उड़ाते हैं, मैंने इस विमान में यह उड़ान भरी। जी सूट पहने, हाथों में हेलमेट पकड़े और एविएटर चश्मे लगाए सिंह पूरी तरह एक लड़ाकू विमान के पायलट लग रहे थे। उन्होंने कहा, मैं एचएएल, डीआरडीओ और संबंधित कई एजेंसियों को बधाई देना चाहता हूं। हम ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं जहां हम दुनिया को लड़ाकू विमान बेच सकते हैं...दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों ने तेजस विमान खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। एक अधिकारी ने बताया कि मंत्री ने करीब दो मिनट तक विमान को नियंत्रित कर उड़ाया भी। हालांकि मंत्री ने कहा कि वह निर्देशों का पालन कर रहे थे। उन्होंने कहा, लेकिन ये दो मिनट यादगार थे। सिंह के साथ एयर वाइस मार्शल एन तिवारी भी थे। तिवारी बेंगलुरू में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के नेशनल फ्लाइट टेस्ट सेंटर में परियोजना निदेशक हैं। रक्षा मंत्री के साथ उड़ान का अनुभव साझा करते हुए तिवारी ने कहा, रक्षा मंत्री ने हवा में विमान उड़ाया (दो मिनट के लिए) और उन्हें यह पसंद आया। हम दो से 2.5 जी तक ऊपर गए। लेकिन मैं उन्हें विमान में मौजूद जटिल उपकरणों और उसमें इस्तेमाल विज्ञान एवं तकनीक की जानकारी दे रहा था। जब एक व्यक्ति धरती पर एक जगह खड़ा होता है तो धरती के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र द्वारा लगाया जाने वाला बल एक जी के बराबर होता है। लड़ाकू विमान के पायलटों को ज्यादा बल सहना होता है क्योंकि वे ज्यादा उंचाई पर और ज्यादा गति से विमान उड़ाते हैं। तिवारी ने कहा कि मंत्री उड़ान की गुणवत्ता से बहुत खुश थे, सहज, नियंत्रित और जिस तरीके से विमान उड़ान भर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना में सामान्य विमान उड़ाने के लिए फिलहाल 20.5 साल की उम्र निर्धारित है और भारतीय वायु सेना में एक पायलट 22 साल की उम्र तक लड़ाकू विमान उड़ाने के लिए तैयार हो जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि लड़ाकू विमान उड़ाने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। अधिकारी ने कहा कि जब तक एक पायलट चिकित्सीय रूप से फिट है यानि भारतीय वायुसेना द्वारा तय मानकों पर खरा उतरता है, वह लड़ाकू विमान उड़ान सकता है। एयर चीफ की उम्र 62 वर्ष है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया था कि स्वदेशी तकनीक से निर्मित तेजस के विकास से जुड़े अधिकारियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री इस हल्के लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगे। अधिकारी ने कहा था उनके इस कदम से भारतीय वायुसेना के उन पायलटों का मनोबल भी बढ़ेगा जो यह विमान उड़ा रहे हैं।

भारतीय वायुसेना तेजस विमान की एक खेप को पहले ही शामिल कर चुकी है। एलसीए का नौसैन्य संस्करण फिलहाल निर्माण चरण में है। पिछले शुक्रवार को गोवा में तेजस ने विमान वाहक पोत पर उतरने की काबिलियत दिखाई थी यानि अरेस्टेड लैंडिंग की थी। इस लैंडिंग के दौरान नीचे से लगे तारों की मदद से विमान की रफ्तार कम कर दी जाती है। इसी के साथ लड़ाकू विमान के नौसैन्य संस्करण के निर्माण की राह आसान हो गई थी। बृहस्पतिवार को ही सिंह बेंगलुरु में रक्षा अनुसंधान और शोध संगठन (डीआरडीओ) के उत्पादों की प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे।

ट्रेन से गिरकर किसान की मौत

बरेली। लखनऊ से पंजाब जा रहे एक किसान की बरेली रेलवे जंक्शन पर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने पर बरेली पहुंचे मृतक के घर वालों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली।पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा थाने के गांव दादुपुर निवासी गुरविन्दर पुत्र हरभजन सिंह की बीती रात बरेली रेलवे जंक्शन पर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि गुरविन्दर सिंह कुछ दिन पूर्व लखनऊ निवासी अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए उसके घर गया था। जहां से 2 दिन पहले वह वापस अपने घर लौटने के लिए लखनऊ से पंजाब जाने वाली ट्रेन पर सवार हुआ था। रास्ते में बरेली रेलवे जंक्शन पर पहुंचने पर बोगी के दरवाजे पर खड़े गुरविन्दर का पैर फिसल गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा।

छत से गिरकर ग्रामीण की मौत

बरेली। छत से नीचे उतर रहा ग्रामीण छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव घंघोरा पिपरिया निवासी जमुना प्रसाद पुत्र भीखे राम की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल सुबह घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि जमुना प्रसाद दो दिन पूर्व शाम के समय खाना खाकर अपने घर की छत पर सोने चले गए था। रात में हुई बरसात से पहले वह छत से नीचे उतर रहे थे। नींद में उतरते समय छत से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए घरवाले उन्हें पहले स्थानीय स्वास्थ्य में ले गए और सुबह होने पर इलाज के लिए बरेली ले आये। जहां एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहीं बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक दो बच्चों के पिता था। उसकी पत्नी का नाम गोमती देवी है।

मृतक किसान का कर्ज माफ कराए सरकार

बरेली। कर्ज से परेशान आंवला के पथरी गांव के किसान कुंवरपाल ने 12 सितम्बर को फांसी लगाकर जान दे दी थी। बैंक आंफबड़ौदा व ओवरसीज बैंक का लाखों का कर्ज था। इंकलाबी मजदूर केन्द ने बैंको का कर्ज माफकराने की मांग की है।संस्था के संजीव मल्होत्रा व राम सेवक ने कहा कि उसने सूदखोरों से भी कर्ज ले रखा था, जिसकों रद्द कराया जाये।

महायोजना में बस स्टैण्ड निर्माण की उठायी मांग

ललितपुर। ललितपुर क्षेत्र की आबादी अब पूर्व से दोगुनी हो गई है लेकिन स्थानीय बस स्टैंड आज भी सुविधाओं के लिए शासन-प्रशासन की ओर निहार रहा है। इसी तारतम्य में आज जनहित सेवा समिति जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को एक पत्र के माध्यम से ललितपुर बस स्टैंड को महायोजना प्रारूप 2011 नियंत्रक प्राधिकरण क्षेत्र सन 1996 के अनुसार निर्माण करने की मांग उठाई है।

स्थाई बस स्टैंड प्राइवेट बसों के लिए सुविधाजनक उपलब्ध हो जिससे यात्री गणों को सुविधा महायोजना के अनुसार मिल सके। पत्र में बताया गया है कि 1996 से आज तक शासन प्रशासन ने महायोजना प्रारूप 2000 के अंतर्गत बस अड्डा का निर्माण नहीं कराया गया, जिससे और जनता आज भी परेशान हैं। सितंबर 1982 को तत्कालीन जिलाधिकारी नूर मोहम्मद अली क्रमिक विकास हेतु नए बस स्टैंड का उद्घाटन किया था। बताते चलें कि उस समय नगर की आबादी 7000 की लगभग थी आज नगर की आबादी दो लाख से ऊपर है और हर मिली चारों दिशाओं की ओर बसें रवाना होती है। सन 2003 में रक्षा विभाग ने अपनी भूमि पर कब्जा कर बस स्टैंड को हटवा दिया था। रक्षा विभाग का कहना था कि यह भूमि मेरी है सन 2003 में नगर पालिका ने पास ने अपनी भूमि अस्थाई बनाया था। दूसरी ओर नगर पालिका का कहना था कि जितनी भूमि रक्षा विभाग की है उसने पास में नगर पालिका को पड़ी है जिसे वह देना चाहत हैं। लेकिन रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण नहीं मान रही है उस समय इस लड़ाई का खामियाजा ललितपुर की भोली-भाली जनता को भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय के बाद नगर पालिका परिषद अधिकारी एवं रक्षा विभाग के अधिकारी जनों के बीच वार्ता हुई और उस निष्कर्ष में रक्षा विभाग ने कुछ जमीन नगर पालिका परिषद को दी। जिस पर वर्तमान समय में बस स्टैंड बना हुआ है। बता भी चलेंगे इस समय डेढ़ सौ बसें प्राइवेट एवं 20 बसें उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की संचालित जनपद की तहसील एवं विकास योजना के अंतर्गत ललितपुर के विकासखंड तालबेट जखोरा महरौनी व मड़ावरा को जोड़ती है। ग्रामीण जनों को सुविधा हो सके और उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम द्वारा 50 बसें संचालित निगम द्वारा प्रस्ताव है। सिर्फ निगम द्वारा सप्पू ललितपुर भूमि पर के ऊपर से बिजली के तार निकले हैं निगम द्वारा नगर के जिलाधिकारी एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्तालाप जारी है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र तैयार हो जाएगा और निगम द्वारा प्रसारित की जाएगी वर्तमान समय में 170 हो गई है।

हर 2 मिनट में बस अपने गंतव्य स्थान की ओर जा रही है। बस स्टैंड की जगह संकीर्ण है होने के कारण आए दिन प्राइवेट बस कर्मचारी एवं सरकारी बसों के कर्मचारियों के बीच जगह नहीं होने के कारण विभाग होती नजर आ रही हैं। इसी वर्तमान बस स्टैंड की करीब कई एक्सीडेंट हो चुके हैं जिनमें कई जाने जा चुकी है। वर्तमान समय में हुसैनी मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे छात्राएं स्कूल टेबल जाते हैं और उनके परिजनों को हर समय है। खूब बना रहता है कि कहीं कोई दुर्घटना ना हो जाए अभिलाषा पेट्रोल पंप के बीच भी भारी भीड़भाड़ रहती है क्योंकि इस मार्ग से जिला चिकित्सालय कई नामी-गिरामी विद्यालय कचहरी और शहर की ओर आना जाना लगा रहता है। महायोजना के अंतर्गत सन 2019 के पूर्व गल्ला मंडी का निर्माण हुआ एवं नगर विकास हेतु आवास विकास कॉलोनी परिवहन कार्यालय बच्चों की जेल निर्माण आदि का निर्माण किया गया है।

जनहित में जन सुविधा हेतु बस स्टैंड पर महा योजना के अंतर्गत बस अड्डा का निर्माण होना चाहिए। नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी गणों को अंतर राज्य बस स्टैंड जैसी सुविधाएं आज नागरिकों को मिलनी चाहिए। इस ज्ञापन पर समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद सोनी, कांग्रेस के नेता हरीबाबू शर्मा, आरिफ बेग, प्रदीप चौबे, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र दिवाकर, रितेश चौरसिया, आशीष रजक, लखनलाल ताम्रकार, महेंद्र कुमार जैन, अजय जैन, मुन्ना खान, राजेंद्र सिंह वर्मा के हस्ताक्षर बताए जाते हैं।

पेज एक का शेष

भारत को ...

व्यापार करने में तरजीह मिलती थी। जीएसपी अमेरिकी व्यापार में तरजीह का सबसे बड़ा और पुराना कार्यक्रम है। इसका मकसद लाभार्थी देशों के हजारों उत्पादों को शुल्क मुक्त प्रवेश देकर उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। गोखले ने कहा, हमने 40 अमेरिकी सांसदों द्वारा लिखे पत्र को देखा है। भारत का हमेशा से यह मानना रहा है कि जीएसपी एकतरफा फैसला है। इसमें कुछ मानदंडों पर देशों द्वारा अन्य देशों को छूट दी जाती है। गोखले कहा, हम विकासशील देश हैं, हम उन मानदंडों को पूरा करते हैं। मुझे याद नहीं है कि हमने यह कहा है कि हमारी जीएसपी में रुचि नहीं है...अमेरिका ने इस व्यवस्था के तहत दी गई छूट को एकतरफा वापस लिया है। उन्होंने कहा, इस मामले में हमारी स्थिति बिल्कुल साफ है। हमारा मानना है कि जीएसपी ऐसा है जो हमारे उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन अंतत: यह अमेरिका का मामला है और उन्हें फैसला करना है। जीएसपी के तहत भारत 6.3 अरब डॉलर का निर्यात करता था और वह इस योजना के तहत सबसे बड़ा लाभार्थी था। जून में अमेरिका द्वारा यह फैसला लिए जाने के बाद भारत ने भी अमेरिका से आयात होने वाले 28 उत्पादों, जिसमें बादाम और ताजा सेब आदि शामिल हैं, पर टैरिफ बढ़ा दिया। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका ने इसका विरोध किया था। दरअसल दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव दो सालों से चल रहा है, जिसमें पिछले साल अमेरिका ने स्टील और अल्युमिनियम के उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिया था। इसका भारत के निर्यात पर विपरीत प्रभाव पड़ा, जिसके चलते भारत को डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटारा संस्था के पास जाना पड़ा। भारत द्वारा जरूरी चिकित्सा उपकरणों की अधिकतम खुदरा कीमतों को कम करने तथा डेयरी उत्पाद निर्यातकों को अपने उत्पादन के प्रमाणीकरण की मांग करने के बाद अमेरिका ने ये मुद्दे उठाए थे। गोखले ने कहा कि मोदी शनिवार को ह्यूस्टन पहुंचेंगे। एक दिन बाद मेगा इवेंट 'हाउडी मोदी' में उनके साथ ट्रंप भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भाग लेंगे। प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र वार्षिक सभा 27 सितंबर को संबोधित करेंगे। दुनिया महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष मना रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 सितंबर को एक विशेष कार्यक्रम नेतृत्व का विषय : समसामयिक विश्व में गांधी की प्रासंगिकता में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में कुछ अन्य देशों के नेता भी शामिल होंगे।

घाटी को...

मोदी ने कहा, साल 2009 में 1.86 लाख बुलेटप्रूफ जैकेटों की मांग की गई। साल 2014 तक हमारे जवान बिना बुलेटप्रूफ जैकेटों के सीमाओं पर लड़ते रहे। राकांपा के समर्थन वाली कांग्रेस सरकार ने कभी इस मांग पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई तो हमने इस प्रक्रिया को बहाल किया और यह सुनिश्चित किया कि जैकेट भारत में बने। शिवाजी महाराज के वंशज द्वारा भेंट की गई पगड़ी पहने हुए मोदी ने पाकिस्तान पर टिप्पणी के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार पर भी निशाना साधा। मोदी ने यह भी कहा कि राजनीतिक अस्थिरता के कारण पहले भी राज्य को नुकसान उठाना पड़ा है और उन्होंने भाजपा के पास पूर्ण बहुमत न होने के बावजूद पिछले पांच साल में स्थाई सरकार देने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में अनुच्छेद 370 पर किए गए निर्णय में सरकार का समर्थन करने के बजाए विपक्षी नेता अपनी क्षुद्र राजनीति के लिए बयान दे रहे हैं। मोदी ने कहा, मैं कांग्रेस का भ्रम समझ सकता हूं लेकिन शरद पवार? मुझे खराब लगता है जब उनके जैसा अनुभवी नेता वोट के लिए गलत बयान देता है। उन्होंने कहा कि पवार पड़ोसी देश को पसंद करते हैं। लेकिन हर कोई जानता है कि आतंकवाद की फैक्टरी कहां है?

उत्तर प्रदेश ...

सबसे बड़े राज्य को अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता था, लेकिन अब यह धारणा बदली है और प्रदेश को उसकी पहचान वापस मिली है। इस मौके पर सीएम ने पिछली सरकार में खत्म की गई पीएसी की 54 कम्पनियों को फिर से बहाल करने तथा देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण सहित विकास की कई बड़ी योजनाओं को शुरू करने का भी ऐलान किया। सरकार के ढाई वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं डॉ. दिनेश शर्मा तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि गुजरे इन सालों में लोगों का नजरिया बदला है। कामकाज की बदौलत उनकी सरकार ने जनता का विश्वास हासिल किया है। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश में ढाई साल में जो भी किया वह सब टीम वर्क का नतीजा है। हमारे सभी मंत्री अपने विभाग को हर स्तर पर सुधारने में लगे रहे और अब सुधार का अंजाम दिखने लगे हैं। प्रदेश में 14 वर्ष के वनवास के बाद भाजपा की सरकार ढाई वर्ष पहले बनी थी। हमने प्रदेश को ढाई वर्ष में पहचान के संकट से उबारा। अब विकास और सुशासन के 30 माह पूरे हुए है।

ओएलएक्स पर...

अधिकारी ने बताया कि ओएलएक्स को भी नोटिस भेजा जा रहा है, क्योंकि ऐप के अधिकारी कई सवालों के जवाब देने में नाकाम रहे हैं। ओएलएक्स प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस ऐप के जरिए चोरी के और क्या-क्या सामान बेचे जा रहे हैं और ऐसे संदिग्ध सामान की बिक्री का विज्ञापन लगाने की अनुमति प्रबंधन आखिर कैसे दे रहा है। पुलिस ने बदमाश से चोरी की तीन लग्गरी कारें बरामद की हैं। इस शातिर चोर की पहचान दिल्ली के रहने वाले अंकित पूठी उफ अंकित अरोड़ा के रूप में हुई है। पूर्वी जिले के डीसीपी जसमीत सिंह ने बताया कि बीते 8 जुलाई को रवि सक्सेना नाम के व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसने ओएलएक्स ऐप पर विज्ञापन देखकर वॉक्सवैगन पोलो कार मात्र 1,70,000 रुपये में अंकित से खरीदी है। अंकित ने उसे आरसी और इंश्योरेंस की फोटो कॉपी दी है। उसने भरोसा दिलाया कि रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर के बाद वह जल्द ही असली कागजात दे देगा। जब अंकित ने गाड़ी के असली कागजात नहीं दिए तो सक्सेना राज्य ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी पहुंचे जहां उन्हें पता चला कि कार का रजिस्ट्रेशन नंबर स्कोडा लौरा का है। ठगी के शिकार सक्सेना ने पुलिस से शिकायत की। डीसीपी ने बताया कि जांच में पता चला कि इस धंधे में दिल्ली व राजस्थान का गिरोह काम कर रहा है। पुलिस ने 14 सितंबर को मुख्य आरोपी अंकित को जयपुर से दबोच लिया। दिल्ली का रहने वाला अंकित पता बदलकर जयपुर का निवासी हो गया और मोबाइल नंबर भी बदल लिया था। पुलिस ने सीकर से वॉक्सवैगन विंटो और केयूवी-100 भी उसके कब्जे से बरामद की हैं। ये कारें दिल्ली के हौजखास और महरौली से चोरी की गई हैं।

अपराधियों में खौफ, थाने में खुद कर रहे सरेंडर: श्रीकान्त

बरेली। योगी सरकार में अपराधियों के चेहरे पर खौफदिखाई दे रहा है। वे ले में तख्ती डालकर थो पहुंचते है और सरेंडर करते है। यह कहना है जिले के प्रभारी मंत्री श्रीकांत शर्मा का। उन्होने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त बिजली कनेक्शन देकर उनके घर रोशन किए है। गांव की सड़कों की मुख्य मार्ग से जोड़ा गया। गरीबों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।विकास भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रीाारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तिना विकास हुआ है। उतना अन्य सरकारों में किसी ने नहीं कराया है। केन्द्र सरकार ने 25 लाख से अधिक गरीबों को पीएम आवास का लाभ दिया जा चुका है।बसपा सरकार परकटक्ष रते हुये कहा कि बसपा सरकार में जहां चीनी मिलों को बंद किया गया था,हमारी सरकार ने चीनी मिलों को शुरू कराया जा रहा है। गन्ना किसानों का मूल्य भी मिल मालिकों से दिलाया जा रहा है। शहर एवं गांव में अधिकार खत्म करके उजाला फैलाया जा चका है।

यादवपुर विवि में छात्रों ने बाबुल सुप्रियो का घेराव किया

राज्यपाल परिसर में पहुंचे

एजेंसी। कोलकाता

यादवपुर विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो का घेराव कर काले झंडे दिखाए और उनके साथ धक्का-मुक्की की। सुप्रियो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक सेमिनार को संबोधित करने आए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों ने बताया कि वामपंथी विचारधारा वाले छात्र संगठनों-आर्ट फैकल्टी स्टूडेंट्स यूनियन (एएफएसयू) और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्यों ने शुरू में सुप्रियो को दोपहर ढाई बजे से करीब डेढ़ घंटे तक विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया। छात्र बाबुल सुप्रियो वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। बाद में भाजपा नेता को विश्वविद्यालय में रोककर रखा गया और छात्र उन्हें बाहर नहीं निकलने दे रहे थे।

भारी सुरक्षा के बीच सेमिनार में शिरकत करने वाले सुप्रियो ने परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैं यहां राजनीति करने नहीं आया था। विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों के व्यवहार से दुखी हूं, जिस तरह उन्होंने मेरे साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने मेरे बाल खींचे और मुझे धक्का दिया। छात्रों के इस तरह के बर्ताव को निंदनीय बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वे अन्य छात्रों और सेमिनार आयोजकों को उकसा कर शांति के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा करना चाह रहे थे।

सुप्रियो ने यह दावा भी किया कि प्रदर्शनकारियों ने खुद को खुल्लमखुल्ला नक्सली बताकर उन्हें उकसाने का प्रयास किया। प्रदर्शन में शामिल एएफएसयू नेता देवराज देवनाथ ने कहा कि फासीवादी ताकतों को परिसर में नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम भाजपा, आरएसएस और एबीवीपी को जेयू जैसे उदार संस्थान में उनकी विचारधारा का प्रसार नहीं करने देंगे। एक टीवी फुटेज में देखने को मिला कि सुप्रियो प्रदर्शनकारियों से कह रहे हैं कि वे प्रदर्शन करते रहें और वह उनसे डरने वाले नहीं हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदीप धनखड़ घटना के बाद परिसर में पहुंच गए।

विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया कि आंदोलनकारी छात्र राज्यपाल के सामने भी प्रदर्शन कर रहे थे और कोशिश कर रहे थे कि वह भी केंद्रीय मंत्री के साथ परिसर से चले जाएं। इससे पहले धनखड़ ने छात्रों द्वारा सुप्रियो के घेराव को बहुत गंभीर मामला कहा था। राज भवन के सूत्रों के अनुसार उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव से मामले में तत्काल कार्वाई करने को कहा।सूत्रों ने बताया कि घटना के बारे में पता चलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति सुरंजन दास ने प्रदर्शनकारी छात्रों से कारण जानने की कोशिश की, लेकिन छात्रों ने विश्वविद्यालय के द्वार से हटने से इनकार कर दिया। दास ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं इस घटना पर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजूंगा। भाजपा के राज्यसभा सदस्य स्वप्न दासगुप्ता ने केंद्रीय मंत्री सुप्रियो के समर्थन में ट्वीट करके प्रदर्शनकारी छात्रों की आलोचना की और उन पर विश्वविद्यालय में अशोभनीय दृश्य पैदा करने का आरोप लगाया।

जबलपुर में अपने रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन करते नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय के डॉक्टर

सिंगापुर मॉडल पर कानपुर में स्थापित होंगे भारतीय कौशल संस्थान : महेंद्र पांडे

नई दिल्ली। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री महेन्द्र नाथ पांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि सिंगापुर के कौशल विकास मॉडल के आधार पर भारत में तीन भारतीय कौशल संस्थान -आईआईएस स्थापित किए जा रहे हैं जिसमें से एक संस्थान कानपुर में होगा। फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर पांडे ने भाषा को बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान वहां के वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर गए थे। इसके बाद ही देश में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्किल्स -आईआईसी के विचार को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि इस श्रृंखला के तहत तीन आईआईएस स्थापित किए जाने को मंजूरी दी गई। इसमें मुम्बई में पहले इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्किल्स का कुछ ही दिनों पहले शिलान्यास किया गया है। इसे टाटा समूह के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने बताया, इसके अलावा एक आईआईएस अहमदाबाद में स्थापित किया जाएगा। इसमें भी टाटा समूह का सहयोग रहेगा। पांडे ने बताया, तीसरा आईआईएस कानपुर में स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि 2020 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का दूसरा चरण आरंभ होगा। हम प्रथम चरण के किसी भी चीज को छोड़ेंगे नहीं बल्कि उनके अनुभवों से सीखते हुए व्यवस्था में नई चीजों को जोड़ेंगे। उन्होंने वर्ल्ड स्किल कम्पिटिशन को कौशल विकास का महाकुंभ बताया और कहा कि 2019 में कजान में हुई प्रतियोगिता में देश ने एक स्वर्ण सहित चार पदक जीते और 2021 में चीन में होने वाले वर्ल्ड स्किल कम्पिटिशन में अच्छे प्रदर्शन के लिए विभाग समग्रता से अभी से प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में फिक्की की ओर से प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

कीटनाशक, बीज विधेयकों को संसद के अगले सत्र में मंजूरी मिलने की उम्मीदः रूपाला

एजेंसी। नई दिल्ली

कृषि राज्यमंत्री परषोत्तम रूपाला ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को कीटनाशक प्रबंधन और बीज से जुड़े दो बहुप्रतीक्षित विधेयकों के संसद के आगामी सत्र में पारित होने की उम्मीद है। कीटनाशक प्रबंधन विधेयक में कीमत निर्धारित और नियामकीय प्राधिकरण गठित करके कीटनाशक क्षेत्र के नियमन पर जोर दिया गया है। यह विधेयक कीटनाशक कानून 1968 का स्थान लेगा। वहीं बीज विधेयक बीजों के उत्पादन, वितरण और बिक्री को नियमित करने पर जोर देता है। यह बीज कानून 1966 का स्थान लेगा। विधेयक में जीन संवर्द्धित फसलों के प्रावधान होने के कारण विभिन्न तबकों की आलोचना के कारण 2015 में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। रूपाला ने उद्योग मंडल एसोचैम के कार्यक्रम में कहा, हम दो महत्वपूर्ण विधेयकों...कीटनाशक प्रबंधन विधेयक और बीज विधेयक... पर काम कर रहे हैं। ए काफी समय से लंबित हैं। मुझे उम्मीद है कि ए संसद के अगले सत्र में पारित हो जाएंगे। सरकार मिलावटी कीटनाशकों और बीजों की बिक्री को लेकर चिंतित हैं। इन विधेयकों का मकसद इस मसले का समाधान करना भी है। रूपाला ने कहा कि घरेलू बीज उद्योग के पास निर्यात की काफी संभावना है। जैविक उपज के बारे में मंत्री ने कहा कि दुनिया में प्राकृतिक तरीकों से उत्पादित खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत एकमात्र देश है जिसके पास इस मांग को पूरा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि भारत एकमात्र देश है जिसके पास दुनिया में जैविक उपज की मांग को पूरा करने की क्षमता है। अन्य देशों में उपयुक्त कृषि-जलवायु परिस्थिति नहीं होने के कारण वे जैविक खेती नहीं कर सकते। मंत्री ने कहा कि जैविक उपज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए किसानों को जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे उसके अनुसार उत्पादन कर सके। संसद का शीतकालीन सत्र सामान्य तौर पर नवंबर-दिसंबर में होता है।

हिन्दू धर्मस्थलों पर दिग्विजय के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग को लेकर शहर में लगाए गए पोस्टर

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भगवा धारी लोगों के संबंध में दिए गए विवादास्पद बयान के बाद शहर की दीवारों पर ऐसे पोस्टर दिखाई दिए जिनमें हिंदू धर्मस्थलों में सिंह के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग की गई। हालांकि बाद में पोस्टर हटा लिए गए जिन पर किसी संगठन या व्यक्ति का नाम नहीं था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि बुधवार देर रात के बाद शहर के कुछ मंदिरों के बाहर ऐसे पोस्टर देखे गए। एक पोस्टर चार इमली इलाके के एक मंदिर के पास भी देखा गया।

पोस्टर में लिखा है, हिंदू समाज की यही पुकार, हिंदू विरोधी दिग्विजय सिंह के लिए मंदिरो के दरवाजे बंद हों, बंद हों- हिंदू समाज। पोस्टर में दिग्विजय सिंह की तस्वीर भी लगाई गई है। हालांकि, बाद में सुबह इन पोस्टरों को हटा दिया गया। इससे पहले मंगलवार को सिंह ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि भगवा वस्त्र पहनकर लोग चूरन बेच रहे हैं। भगवा वस्त्र पहनकर बलात्कार हो रहे हैं, मंदिरों में बलात्कार हो रहे हैं, क्या यही हमारा धर्म है, हमारे सनातन धर्म को जिन लोगों ने बदनाम किया है, उन्हें ईश्वर भी माफ नहीं करेगा। दक्षिणपंथी संगठन संस्कृत बचाओ मंच के प्रमुख चंद्रशेखर तिवारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मुझे भी दिग्विजय सिंह के बारे में ऐसे पोस्टरों के बारे में पता चला है। उनके बार-बार दिए गए हिन्दू विरोधी बयानों पर यह स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। यह गुस्सा भोपाल सीट से हालिया लोकसभा चुनावों के दौरान उनकी हार के रुप में भी देखने को मिला है। दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने दिग्विजय सिंह को कट्टर हिंदू करार दिया। सलूजा ने कहा, दिग्विजय जी की तुलना में सनातन धर्म या हिंदू धर्म का कोई बड़ा अनुयाई नहीं है। भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए उनके बयान को विकृत कर दिया। उन्होंने ऐसे कामों में शामिल भगवाधारी लोगों के बारे में बात की और उनके बारे में लोगों को पता है। हर कोई जानता है कि दिग्विजय जी बहुत धार्मिक व्यक्ति हैं।

गूगल बेंगलुरू में स्थापित कर रही कृत्रिम मेधा प्रयोगशाला

नई दिल्ली। गूगल बेंगलुरू में एक कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई) शोध इकाई स्थापित कर रही है। कंपनी की योजना भारत के लिए उत्पाद विकसित करना और उसे वैश्विक स्तर पर ले जाना जारी रखने की है। कंपनी की एआई प्रयोगशाला गूगल रिसर्च इंडिया कंप्यूटर विज्ञान के बुनियादी शोध और एआई शोध पर ध्यान देगी। एआई विज्ञानी मनीष गुप्ता के नेतृत्व में गूगल की शोध टीम के अलावा कंपनी देशभर में शोधार्थियों के समुदाय के साथ साझेदारी भी करेगी ताकि स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों के समाधान खोजे जा सकें। गुगल के उपाध्यक्ष (नेक्स्ट बिलियन यूजर्स एंड पेमेंट्स) सीजर सेनगुप्ता ने कहा, हम भारत से अविश्वसनीय तौर पर प्रेरित हैं। यहां विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग प्रतिभा, मजबूत कंप्यूटर विज्ञान कार्यक्रम और उद्यमिता है। भारत के पास एआई के विकास और इसे लागू करके बड़ी चुनौतियों से निपटने की क्षमता है।

नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू के साथ भाजपा नेता संजय सेठ और उनकी पत्नी

बांस मेला का मुख्य उद्देश्य झारखंड के बांस कारीगरों को नई तकनीक दिखानाः दास

संवाददाता। दुमका (झारखंड)

झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में बांस मेले के आयोजन का एकमात्र लक्ष्य बांस कारीगरों को उद्योग से जुड़ी नई तकनीकों से वाकिफ कराना है ताकि वह अपना काम और बेहतर कर सकें। मुख्यमंत्री दास ने आउटडोर स्टेडियम दुमका में आयोजित दो दिवसीय बांस कारीगर मेले के समापन समारोह में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड संभावनाओं से भरा प्रदेश है। कुटीर उद्योग, लघु और ग्राम उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने का कार्य कर रही है।

यह रेखांकित करते हुए कि दुनिया तेजी से तकनीक, ज्ञान और विज्ञान के साथ बढ़ रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश के बांस कारीगरों को भी पीछे नहीं रहना चाहिए और नई तकनीकों से अवगत होकर उनका इस्तेमाल करना चाहिए। दास ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास है कि पूरी दुनिया में झारखंड के बांस उत्पादों की अलग पहचान बने। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भविष्य में देश ही नहीं विदेशी बाजारों में भी झारखंड के हस्तशिल्पकारों के उत्पाद नजर आएंगे। सरकार का लक्ष्य हुनरमंद युवाओं और महिलाओं के अंदर छिपी कला को निखारना, उन्हें अत्याधुनिक तकनीक से अवगत कराना, उनसे बेहतरीन उत्पाद का निर्माण कराना और उनकी कला का सम्मान व उनका मान बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी है कि झारखंड में बने बांस के सामान की गुणवत्ता देश में सबसे अच्छी है। झारखंड वन प्रदेश है। झारखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 33 प्रतिशत वन है। यहां के युवाओं, महिलाओं को हुनरमंद बनाकर हम वनोत्पादों के माध्यम से उनकी आय और रोजगार बढ़ा सकते हैं। इसी सिलसिले में बांस कारीगर मेले का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा 20 करोड़ बांस के पौधे किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। पांच साल की विकास योजना तैयार की जा रही है।

दिग्विजय के बयानों पर कांग्रेस ने ही प्रतिक्रिया बंद कर दी तो हम क्यों दें: जावड़ेकर

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा साधु संतों के बारे में दिए गए एक विवादित बयान को लेकर भाजपा ने गुरुवार को कोई प्रतिक्रिया न देते हुए सिंह पर कटाक्ष किया। केन्द्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, अब तो कांग्रेस ने भी उनके बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करना बंद कर दिया है तो हम क्यों प्रतिक्रिया व्यक्त करें। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा, लेकिन दिग्विजय सिंह की एक मानसिकता रही है, जिसे हमने मुंबई विस्फोट के बाद से ही देखा है कि वे इसी तरह से कुछ भी बोलते रहते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को यह कहकर एक विवाद को जन्म दे दिया कि भगवा वस्त्र पहनकर बलात्कार हो रहे हैं, तथा हमारे सनातन धर्म को जिन लोगों ने बदनाम किया है, उन्हें ईश्वर भी माफ नहीं करेगा। हालांकि कुछ ही घंटे बाद उन्होंने अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा कि साधु-संत हमारे सनातन मत के प्रतीक है तथा वह स्वयं सनातन धर्म का पालन करते हैं। सिंह के इस बयान को खारिज करते हुए कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपराधी का वस्त्र और धर्म नहीं देखना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने संवाददाताओं से कहा, यह बयान हमारे संज्ञान में आया है।

कोल इंडिया 7,000 लोगों को देगी नौकरी

कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में 7,000 लोगों को नौकरी पर रखेगी। यह आम तौर पर हर साल 6,000 लोगों को नौकरी पर रखे जाने से 17 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि मौजूदा समय में आधुनिक, स्वचालित और पर्यावरण अनुकूल खनन गतिविधियों के चलते कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि कोल इंडिया पदोन्नति के माध्यम से अपने कार्यकारी काडर में भी 2,000 लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया में है। गैर-कार्यकारियों की पदोन्नति से जुड़ी अधिकतर कानूनी बाधाएं खत्म कर दी गई हैं। कोल इंडिया एक धारक कंपनी है। इसकी आठ अनुषंगिया हैं। यह प्रति वर्ष औसतन ।,000 अधिकारियों की नियुक्ति करती है लेकिन चालू वित्त वर्ष में कंपनी की योजना इसे दोगुना कर 2,000 लोगों को नियुक्त करने की है। अधिकारी ने कहा, हमने इस साल औसतन ।,000 अधिकारियों की नियुक्ति के बजाय 2,000 नए अधिकारियों की भर्ती करने का फैसला किया है।

बुलेट ट्रेन के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ 120 से अधिक याचिकाएं खारिज

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली किसानों की 120 से अधिक याचिकाओं को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। हालांकि न्यायमूर्ति ए एस दवे और न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को आंशिक राहत देते हुए कहा कि अधिक मुआवजे का विषय अब भी खुला हुआ है और किसान अपनी जमीन के ऐवज में और अधिक धन की मांग के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि अधिक धन की मांग करते हुए किसान पिछले उदाहरणों का जिक्र कर सकते हैं जहां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या अन्य किसी संस्थान ने जमीन अधिग्रहण के लिए अधिक मुआवजे की पेशकश की थी। पीठ ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम की वैधता को कायम रखा जिसे गुजरात सरकार ने 2016 में संशोधित किया था और इसके बाद राष्ट्रपति ने मुहर लगाई थी। अदालत ने किसानों के इस दावे को खारिज कर दिया कि गुजरात सरकार के पास भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी करने का अधिकार नहीं है क्योंकि परियोजना गुजरात और महाराष्ट्र, दो राज्यों के बीच बंटी हुई है। अदालत ने कहा कि सामाजिक प्रभाव का आकलन किए बिना भूमि अधिग्रहण शुरू करने की घोषणा के लिए अधिसूचना जारी करना भी वैध है। पीठ ने यह भी कहा कि मुआवजे का हिसाब लगाने की पूरी प्रक्रिया भी उचित है। याचिकाकर्ताओं के वकील आनंद याग्निक ने कहा कि अधिकतर किसान दक्षिण गुजरात से हैं और वे आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में जाएंगे। इन किसानों ने अपनी याचिकाओं के माध्यम से दावा किया कि भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 के तहत किसानों की भूमि की कीमत में संशोधन से पहले भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। उन्होंने दावा किया कि उन्हें बाजार दरों पर मुआवजे की पेशकश की जा रही है जो 2011 में तय हुई थीं। भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 26 का हवाला देते हुए उन्होंने मांग की कि मुआवजे का आकलन करने से पहले राज्य सरकार को पहले जमीन की बाजार दरें संशोधित करनी चाहिए और उन दरों पर मुआवजा देना चाहिए, ना कि 2011 की दरों पर। याचिकाकर्ताओं ने गुजरात संशोधन अधिनियम, 2016 को भी चुनौती दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने सितंबर 2017 में बुलेट ट्रेन परियोजना की शुरूआत की थी। अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन कॉरिडोर 508 किलोमीटर लंबा होगा जिसमें 12 स्टेशन होंगे। इस पर बुलेट ट्रेन 320 से 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी।

खनन आश्रितों ने प्रस्तावित प्रदर्शन वापस लिया

जीएसटी परिषद की बैठक

पणजी। गोवा में खनन उद्योगों पर निर्भर लोगों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली जीएसटी परिषद के बैठक स्थल के बाहर शुक्रवार को प्रस्तावित अपना प्रदर्शन मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के आश्वासन के बाद वापस ले लिया है। गोवा माइनिंग पीपुल्स फ्रंट के अध्यक्ष पुति गावंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि खनन पर आश्रित लोगों की इससे पहले केंद्रीय मंत्री तक अपनी शिकायतें रखने के लिए शुक्रवार को जीएसटी परिषद के बैठक स्थल तक जाने की योजना थी। उन्होंने कहा कि लेकिन सावंत ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके प्रतिनिधियों की सीतारमण के साथ भेंट करवा देंगे जिसके बाद प्रदर्शन वापस लिया गया। गावंकर ने कहा कि उनका संगठन सीतारमण को एक ज्ञापन देगा जो इस तटीय राज्य में खनन संकट पर गौर करने के लिए बनाए गए मंत्रिसमूह की सदस्य हैं। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि गोवा में जीएसटी परिषद की बैठक के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और यह कि यदि खनन पर आश्रित लोगों ने बैठक स्थल की ओर मार्च करने का प्रयास किया तो उन्हें रोका जाएगा। सरकार के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत रहे खनन का काम मार्च, 2018 में बंद हो गया था क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने 88 खनन लीज रद्द कर दिए थे। भाजपा नीत राज्य सरकार ने इससे पहले केंद्र से वर्तमान खनन कानूनों को संशोधित करने का अनुरोध किया ताकि लीज को बढ़ाया जा सके।

क्विक न्यूज

गांधी की 150वीं जयंती पर शाह भाजपा सांसदों, पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली। महात्मा गांधी की 150वी जयंती को व्यापक रूप से मनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह इस सिलसिले में शनिवार को पार्टी के सभी सांसदों और प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि भाजपा अध्यक्ष एवं गृह मंत्री शाह वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सांसदों और अन्य नेताओं के साथ चर्चा करेंगे और इस उद्देश्य के लिए योजना का खाका प्रस्तुत करेंगे। पार्टी के एक नेता ने बताया कि इस कवायद में सार्वजनिक समारोहों के माध्यम से गांधी के आदर्शों को प्रस्तुत करना और स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान सहित गरीबों तक पहुंचने की पहल शामिल होगी। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार 2 अक्तूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वी जयंती को एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में मनाए जाने का उल्लेख कर चुके है। अगस्त में मन की बात कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी लोगों से महात्मा गांधी की 150वी जयंती को प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में अहम पहल के रूप में मनाने का आह्वान कर चुके है।

जंगल में टेंट से स्थानीय लोगों में भय, नक्सलियों से जुड़े होने का शक

मंगलुरु। कर्नाटक के उडुपी जिले के कोल्लुर गांव से सटे जंगल के इलाके में एक खाली टेंट को लेकर स्थानीय लोगों में भय पैदा हो गया है। उन्होंने नक्सलियों के होने की आशंका जताते हुए वन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हे जंगल विभाग के अधिकारियों ने इसकी सूचना दी। बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया गया। वहां पर खाने के बर्तन, सिंदूर की डिब्बी, राख, धोती और कुर्ता मिला। बाद में स्पष्ट हुआ कि संभवतः इस स्थान का इस्तेमाल आध्यात्मवादियों ने ध्यान लगाने के लिए किया था। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सोमवार को दाली मदीबारे इलाके के संरक्षित वन क्षेत्र में टेंट को देखा था। सूचना पर नक्सल निरोधी बल कैंप के पुलिस उपाधीक्षक गणेश एम हेगड़े उस स्थान पर पहुंचे। पुलिस एंव वन विभाग के अधिकारियों ने इलाके की छानबीन की।

सरकार के काम को पसंद कर रही है जनता : सचिन

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि जनता को सरकार के पहले नौ महीने का काम पसंद आ रहा है और चुनावी वादों को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा। पायलट ने यहां पार्टी मुख्यालय में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि चुनावी घोषणा पत्र के वादों पर दिल्ली में चर्चा हुई है। घोषणा पत्र के वादों को जल्दी लागू करने के लिए हम युद्ध स्तर पर काम करेंगे ताकि लोगों की उम्मीदें पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारी सत्ता और संगठन मिशन मोड में लगे हुए है। सरकार ने नौ महीने के दौरान जो कार्य किए है जनता उन्हे पसंद कर रही है। पायलट ने बताया कि राज्य में नवम्बर माह में 52 जगहों पर होने वाले निकाय चुनावों के लिए बैठक में अच्छी चर्चा हुई है। हम सब मिलकर एक अच्छा चुनाव लड़ेंगे और जनता का विश्वास हासिल करेंगे। उन्होंने बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के प्रश्न पर कहा कि यह तो राजस्थान और देश में नैतिकता का उच्चतम उदाहरण है कि बिना किसी लोभ के क्षेत्र के विकास को देखते हुए सरकार को जो बाहर से समर्थन कर रहे थे अब अंदर समर्थन कर रहे है।

क्विक न्यूज

टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन के लिए नई पावरट्रेन प्रणाली लाने की घोषणा

मुंबई। बैटरी चालित वाहन (ई-वाहन) बनाने वाली घरेलू बाजार की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को ई-वाहन के लिए एक नई पावरट्रेन प्रणाली पेश करने की घोषणा की। यह प्रणाली कंपनी के आने वाले ई-वाहन मॉडलो मे उपलब्ध होगी। इसमे एक मॉडल चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही मे पेश किया जाना है। किसी वाहन मे पावरट्रेन वह प्रणाली होती है जो इंजन की शक्ति को वाहन के पहियो तक पहुंचाने का काम करती है। कंपनी ने बताया कि जिप्ट्रॉन (नई प्रणाली) उसे अपने वाहन उद्योग की अर्थव्यवस्था चलाने मे मदद करेगी। साथ ही ग्राहको एवं अन्य के लिए नए ई-वाहनो को अधिक वहनीय बनाएगी। जिप्ट्रॉन दक्ष उच्च वोल्टेज प्रणाली, बेहतर प्रदर्शन, लंबी दूरी तक जाने और तेजी से चार्ज होने की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही बैटरी वारंटी आठ साल देगी। इसे पेश करने के वक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुंटर बटशेक ने कहा कि जिप्ट्रॉन को कंपनी के वैश्विक इंजीनियरिंग नेटवर्क का उपयोग कर यही डिजाइन किया गया है। हमारे भविष्य के ई-वाहनो के लिए इस प्रणाली का दस लाख किलोमीटर तक परीक्षण किया गया है।

जियो का 4जी नेटवर्क सबसे बड़ा, एयरटेल का तीन गुना हुआ : ट्राई

नई दिल्ली। देश मे रिलायंस जियो का 4जी नेटवर्क सबसे बड़ा है और इसके बेस स्टेशनो की संख्या 7.46 लाख से अधिक है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ो मे यह जानकारी दी गई है। भारती एयरटेल का 4जी नेटवर्क कवरेज रिलायंस जियो का आधा ही है, लेकिन सितंबर, 2017 के बाद यह तीन गुना से अधिक हो गया है। ट्राई द्वारा मोबाइल कॉल टर्मिनेशन शुल्क समाप्त करने की समयसीमा की समीक्षा के लिए जारी परामर्श पत्र मे प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार जियो का 4जी नेटवर्क दोगुना हो गया है। सितंबर, 2017 मे उसके 4जी बेस ट्रांससीवर स्टेशनो (बीटीएस) की संख्या 3.81 लाख थी जो जून, 2019 मे बढ़कर 7.46 लाख हो गई। एयरटेल का 4जी नेटवर्क 97,130 बीटीएस स्टेशनो से 3.26 लाख स्टेशनो पर पहुंच गया है। आंकड़ो के अनुसार वोडाफोन आइडिया के पास 4जी सेवाओ के लिए सबसे अधिक स्पेक्ट्रम है। यह रिलायंस जियो के पास मौजूद स्पेक्ट्रम का डेढ़ गुना है।

देश में कोई आर्थिक संकट नहीं: जावड़ेकर

● कहा-सरकार के कदम अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा मे

एजेंसी। नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने देश की अर्थव्यवस्था की बदहाली की आशंकाओं को एक बार फिर दरकिनार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कोई आर्थिक संकट नहीं है। सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव कारगर कदम उठाए हैं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, मैं फिर से बताना चाहता हूं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल आधार मजबूत हैं और संकट की ऐसी कोई स्थिति नहीं है। यह गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की ओर से ऋण वितरण कम होने के चलते अर्थव्यवस्था में इस प्रकार की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह निश्चित समयांतराल के बाद पैदा होने वाली स्थिति है। जावड़ेकर ने इस दिशा में मोदी सरकार के उपायों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार लगातार स्थिति को संभाले हुए है और इस स्थिति को बरकरार रखने के लिए लगातार उपाय भी कर रही है, यही सरकार की दक्षता का प्रतीक है। इसलिए आर्थिक मंदी की बात सच नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी अमेरिका दौरे के समय आयोजित होने वाले कार्यक्रम हाउडी मोदी के बारे में कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए जावड़ेकर ने कहा, वहां

के लोगों ने स्टेडियम में सभी स्थानों को आरक्षित कर लिया है। कांग्रेस को ऐसा कभी नसीब नहीं हुआ इसलिए उनको (कांग्रेस), अंगूर हो या बेर, सभी खट्टे लगते हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाउडी मोदी कार्यक्रम पर तंज कसते हुए सरकार से अर्थव्यवस्था का हाल पूछने के लिए ट्वीट कर कहा था कि हाउडी इकोनॉमी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की भगवाधारी बलात्कारी टिप्पणी पर जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेती है। उन्होंने कहा, यहां तक की कांग्रेस भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। इस पर हम क्यों प्रतिक्रिया करें। हम मुंबई हमलों के बाद उनकी मानसिकता देख चुके हैं। वह तभी से इस तरह के बयान दे रहे हैं। सिंह ने मंगलवार को भोपाल के एक कार्यक्रम में भगवाधारी लोग मंदिर तक में बलात्कार कर रहे हैं वाला बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया था।

सीतारमण, किरन मजूमदार के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर ट्विटर पर संवाद

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दवा कंपनी बायोकॉन की प्रमुख किरन मजूमदार शॉ के बीच बृहस्पतिवार को ट्विटर पर अर्थव्यवस्था को कर सवाल जबाव हुए। बाद में शॉ ट्वीटर पर इसे बहस बताए जाने को लेकर स्पष्ट किया कि यह कोई बहस नहीं बल्कि एक संवाद जैसा था।

दरअसल मामला शॉ के एक ट्वीट से शुरू हुआ जिसमें उन्होंने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध की घोषणा स्वास्थ्य मंत्री के बजाय वित्त मंत्री द्वारा किए जाने पर हैरानी जताई।शॉ ने बृहस्पतिवार सुबह ट्वीट किया, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि ई-सिगरेट प्रतिबंधित। क्या इसे स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा घोषित नहीं किया जाना चाहिए था? गुटखा को भी प्रतिबंधित करना कैसा रहेगा? वित्त मंत्रालय का

अर्थव्यवस्था को फिर पटरी पर लाने के कदमों की घोषणा करना कैसा रहेगा? आमतौर पर ट्विटर पर इस तरह की बहस में नहीं उलझने वाली सीतारमण ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया में तीन ट्वीट किए। उन्होंने अपने पहले ट्वीट में कहा, किरन जी, कुछ बातें हैं। यह संवाददाता सम्मेलन मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में था। मैं यहां से शुरू करना चाहती हूं कि मैं वहां (संवाददाता सम्मेलन में) इस मामले पर गौर करने वाले मंत्री समूह की अध्यक्ष के तौर पर मौजूद थी। डॉक्टर हर्षवर्द्धन (स्वास्थ्य मंत्री) अंतरराष्ट्रीय बैठक के लिए देश से बाहर हैं। उन्होंने कहा, साथ में जरूरत पड़ने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर मौजूद थे और विस्तृत जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य सचिव भी मौजूद थे। यह सरकारी संवाददाता सम्मेलन का प्रोटोकॉल है जिसका पालन किया गया। अपने तीसरे ट्वीट में सीतारमण ने कहा, आपने मुझे एक वित्त मंत्री के तौर पर भी देखा होगा।

मैं काम कर रही हूं और नियमित तौर पर बता रही हूं कि अर्थव्यवस्था के मामले में हम क्या कदम उठा रहे हैं। गौरतलब है कि सीतारमण ने हाल ही में तीन चरणों में सरकार की ओर से अर्थव्यवस्था को संभालने वाले विभिन्न कदमों की घोषणा की थी।कुछ ट्विटर खाताधारकों ने इसे दोनों के बीच तीखी बहस के रूप में देखा। इस पर शॉ ने स्पष्ट किया कि यह कोई तीखी बहस नहीं थी।

जीएसटी परिषद की बैठक में कर दरों में कटौती पर होगा निर्णय

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को होगी। बैठक में राजस्व और तथा आर्थिक वृद्धि को गति देने की जरूरत को ध्यान में रखने में हुए कर भार हल्का करने के मुद्दे पर विचार किया जाएगा। विभिन्न उद्योगों की जीएसटी में कटौती की मांग के बीच यह बैठक हो रही है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की गोवा में यह 37वीं बैठक है। इसमें सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब आर्थिक वृद्धि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में छह साल के न्यूनतम सतर 5 प्रतिशत पर आ गई है।आर्थिक नरमी के बीच बिस्कुट, होटल और रोजर्मा के उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों समेत कई उद्योग जीएसटी दरों में कटौती की मांग कर रहे हैं। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती की मांग के पीछे दलील यह दी जा रही है कि इससे खपत और घरेलू मांग को बढ़ावा मिलेगा।

हालांकि कई राज्यों का मानना है कि इस समय जीएसटी दर में कटौती की अनुमति कर के लिहाज से बुद्धिमानी भरा निर्णय नहीं होगा। उनका कहना है कि क्षतिपूर्ति उपकर कोष में राशि घट गई है। जीएसटी कानून के तहत इस राशि का उपयोग राज्यों के राजस्व के लक्षित वृद्धि दर से नीचे जाने पर उनकी क्षतिपूर्ति के लिए किया जाता है। इस बीच, सूत्रों के अनुसार जीएसटी परिषद की समायोजन समिति राजस्व की कड़ी स्थिति का हवाला देते हुए बिस्कुट से लेकर कार उद्योग की जीएसटी में कटौती की मांग खारिज कर दी है। समिति में केंद्र एवं राज्यों के राजस्व अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि जीएसटी परिषद ईंट भट्टा, बालू खनन गतिविधियां और पत्थर की गिट्टियों (स्टोन क्रशर्स) की आपूर्ति करने वाले करदाताओं के लिए विशेष एक मुश्त योजना की पेशकश कर सकती है।

पेप्सिको इंडिया मथुरा में लगाएगी चिप्स बनाने का कारखाना

एजेंसी। मथुरा

शीतल पेय एवं खाद्य उत्पाद बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको इंडिया उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आलू चिप्स बनाने का कारखाना लगाएगी। यह जानकारी यहां औद्योगिक विकास विभाग एवं मथुरा जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश महाना ने दी।

महाना ने कहा कि पेप्सिको इंडिया जिले के कोसीकलां औद्योगिक क्षेत्र में 550 करोड़ की लागत से आलू के चिप्स आदि खाद्य उत्पाद बनाने का कारखाना स्थापित करने जा रही है। इसके लिए सरकार ने उसे भूमि भी आंवटित कर दी है। कंपनी के यहां 2021 तक उत्पादन शुरू करने संभावना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों एवं जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करने यहां आए कैबिनेट मंत्री ने बताया, उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से पिछड़ते जा रहे राज्य को एक नई दिशा देने के लिए नीतियों में आमूल-चूल बदलाव ला रही है। उद्यमियों को अपने राज्य में निवेश करने के लिए प्रेरित करने हेतु कई बड़े काम किए गए हैं। इसके चलते उद्यमियों ने एक बार फिर राज्य में निवेश करने के मामले में अपना विश्वास दिखाया है और विगत डेढ़ दशक में निवेश की गई राशि के ढाई गुने से भी ज्यादा राशि का निवेश इस दौरान किया है।

संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया, पिछली सरकारों में उद्यमियों के साथ इतनी लूट-खसोट हुई है कि उद्यमियों ने सूबे में पैसा न लगाने की ठान ली थी। जो परियोजनाएं यहां लगाई जानी थीं, उन्हें वे अन्य प्रदेशों में ले गए। इसके पीछे उन्होंने यहां की खराब कानून व्यवस्था तथा कारोबार में आने वाली तमाम दुश्वारियां थीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया, कोसीकलां औद्योगिक क्षेत्र में 54 एकड़ के दायरे में मेगा फूड पार्क स्थापित किया जा रहा है। इसमें पेप्सी ने अपने चिप्स ब्रांड (लेज़) सहित अनेक खाद्य उत्पाद बनाने की इकाई लगाने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके लिए उन्हें जमीन का आवंटन भी कर दिया गया है।

उन्होंने कहा, इन उत्पादों को तैयार करने के लिए कंपनी कच्चा माल तो यहां के किसानों से ही खरीदेगी। ऐसे में इससे सीधे-सीधे यहां के किसानों को भी बड़ा फायदा होगा। विशेष तौर पर जलभराव से भूमि के नष्ट होने तथा छाता चीनी मिल बंद हो जाने के बाद से रोजगार से विमुख हुए किसानों को आलू आदि फसलों के अच्छे दाम मिलने के अवसर प्राप्त होंगे।



विदेशों से मिली काले धन की जानकारी अनुमति के बाद ही दूसरी एजेंसियों को दे आयकर विभाग : सीबीडीटी

एजेंसी। नई दिल्ली

आयकर विभाग को दूसरे देशों से काले धन की जांच में प्राप्त जानकारी गोपनीय होती है और ऐसे में विभाग संबंधित देश से मंजूरी मिलने के बाद ही उन सूचनाओं को अन्य एजेंसियों को साझा कर सकता है। आयकर विभाग को विभिन्न देशों के साथ कर संधियों के तहत मिलती है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को इस बारे में निर्देश जारी किया है। सीबीडीटी ने आयकर अधिकारियों से कहा है कि अनधिकृत तरीके से किसी सूचना का खुलासा नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा होता है तो यह गंभीर मामला होगा। आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाले सीबीडीटी ने बुधवार को इस बारे में निर्देश जारी किया। सीबीडीटी ने भारत की अन्य देशों के साथ कर संधियों में गोपनीयता के प्रावधान में किसी तरह की चूक से बचने का निर्देश दिया है। कुछ प्रमुख कर संधियों में...दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए), कर सूचना आदान प्रदान कर (टीआईईए) और कर मामलों पर आपसी प्रशासनिक सहयोग की बहुस्तरीय संधि (एमएसी) शामिल हैं। सीबीडीटी द्वारा जारी निर्देश की प्रति पीटीआई के पास है। इसमें कहा गया है कि कर संधियों के तहत मिली किसी भी सूचना का खुलासा अनधिकृत व्यक्ति को जानबूझकर या अनजाने में करना एक गंभीर मामला है।

इंडियन एनर्जी एक्सचेंज के निदेशक मंडल ने गैस एक्सचेंज के गठन को मंजूरी दी

नई दिल्ली। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईएक्स) के निदेशक मंडल ने गैस के कारोबार एक्सचेंज स्थापित करने को लेकर अनुषंगी इकाई बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईएक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि निदेशक मंडल ने बुधवार को इसकी मंजूरी दी। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने प्रस्ताव पर विचार किया और पूर्ण अनुषंगी इकाई के गठन को मंजूरी दी। प्रस्तावित इकाई गैस एक्सचेंज के विकास के कारोबार की जिम्मेदारी लेगी। यह बाजार विभिन्न प्रकार के गैस आधारित अनुबंधों में सौदा ओर उसके निपटान का काम करेगा। एक्सचेंज का गठन 10 करोड़ रुपए तक के शुरूआती निवेश से किया जाएगा।

बिस्कुट उद्योग ने की जीएसटी घटाकर 12 प्रतिशत करने की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली

बिस्कुट बनाने वाली कंपनियों के संगठन आईबीएमए ने सरकार से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि उच्च जीएसटी के साथ मैदा जैसे कच्चे माल की लागत बढ़ने से कंपनियों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है। संगठन ने जीएसटी परिषद की शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले यह मांग की है। परिषद की गोवा में बैठक होनी है। इंडियन बिस्कुट्स मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईबीएमए) के महासचिव केपी मोहन दास ने भाषा से फोन पर बातचीत में कहा, लगातार मार्जिन में गिरावट से बिस्कुट उद्योग इस समय संकट में है। इसका कारण 18 प्रतिशत की उच्च दर से जीएसटी लागया जाना तथा मैदा, चीनी, खाद्य तेल, दूध आदि जैसे कच्चे माल के दाम में वृद्धि है। संगठन के अनुसार अगस्त में ही मैदा के भाव में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खाद्य तेल के दाम में भी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी से पहले बिस्कुट उद्योग की वृद्धि दर 15 से 17 प्रतिशत तक थी वह पिछले वित्त वर्ष में घटकर 5.6 प्रतिशत पर आ गई। जीएसटी जुलाई 2017 में अमल में आया। उन्होंने अन्य खाने-पीने के सामान से तुलना करते हुए कहा, मिठाइयों, सूखे मेवा और चाय जैसे सामान पर जीएसटी 5 प्रतिशत है। जूस, नमकीन, जैम, पास्ता जैसे उत्पादों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत है लेकिन बिस्कुट पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाना समझ से परे है। मोहन दास ने जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की मांग करते हुए कहा कि बिस्कुट उद्योग श्रम गहन उद्योग है और करीब 70 लाख लोग इसमें कार्यरत हैं। मार्जिन प्रभावित होने से कंपनियों की स्थिति बिगड़ी है और अगर स्थिति नहीं सुधरी तो छंटनी करनी पड़ सकती है।

नहीं बढ़ी मुकेश अंबानी की हिस्सेदारी

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि उसके प्रवर्तक और चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी में कोई नया शेयर नहीं लिया है और उनकी हिस्सेदारी नहीं बढ़ी है। कंपनी ने 17 सितंबर को सेबी के नियमों के तहत शेयर बाजारों को जानकारी दी कि कि एक योजना के तहत रिलायंस सर्विसेज एंड होल्डिंग्स लि. ने कंपनी में 17.18 करोड़ शेयर यानी 2.71 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। रिलायंस सर्विसेज होल्डिंग्स लि. का नियंत्रण पेट्रोलियम ट्रस्ट के पास है जो प्रवर्तक । प्रवर्तक समूह का हिस्सा है। सूचना में कहा गया है कि इसमें लक्षित कंपनी (रिलायंस) को सीधे संलिप्त नहीं किया गया है। सूचना के अनुसार इस अधिग्रहण के बाद प्रवर्तक और

प्रवर्तक समूह की सकल हिस्सेदारी । वोटिंग अधिकार 48.87 प्रतिशत हो गया है।कंपनी ने शेयरधारित प्रतिरूप के लिए शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी 47.29 प्रतिशत थी। कंपनी ने ई-मेल के जरिए दिए बयान में कहा, शेयर की खरीद का कोई सौदा नहीं हुआ है। बयान के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 41.28 करोड़ शेयर में से- (1) पेट्रोलियम ट्रस्ट के पास 24.09 करोड़ शेयर और (2) आरआईएल की अनुषंगी इकाइयों के पास 17.19 करोड़ शेयर है। आरआईएल अनुषंगियों के पुनर्गठन के तहत 17.19 करोड़ शेयर रखने वाली 5 अनुषंगी इकाइयों का रिलायंस सर्विसेज एंड होल्डिंग्स लि. (आरएसएचएल) में विलय किया गया है। आरएसएचएल का नियंत्रण पेट्रोलियम ट्रस्ट के पास है। पेट्रोलियम ट्रस्ट 2002 में शुरू होने के बाद से प्रवर्तक समूह इकाई बनी हुई है। सूचना के अनुसार, पेट्रोलियम ट्रस्ट का एकमात्र लाभार्थी रिलायंस इंडस्ट्रियल इनवेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग लि. है। यह आरआईएल की शत प्रतिशत अनुषंगी इकाई है। इसीलिए अंतत: इससे जिनको लाभ होगा, वे आरआईएल के शेयरधारक हैं।

ईपीएफओ अंशधारकों को मिलेगा 8.65 प्रतिशत ब्याज

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने 2018-19 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.65 प्रतिशत ब्याज को मंजूरी दे दी है।

एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ी हुई ब्याज दर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के छह करोड़ से अधिक अंशधारकों के खातों में डाली जाएगी। ईपीएफओ फिलहाल निकासी दावों का निपटान 2017-18 के लिए निर्धारित 8.55 प्रतिशत ब्याज पर कर रहा था। अब ईपीएफओ 2018-19 के लिए उच्च दर से 8.65 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगा।मामले से जुड़े सूत्र ने कहा, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने अपने छह करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए ईपीएफ जमा पर 8.65 प्रतिशत ब्याज दर को अधिसूचित किया है। अब ब्याज अंशधारकों के खातों में डाल दिया जाएगा और दावों का निपटान उसी दर पर किया जाएगा। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाला शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इस साल 21 फरवरी को पिछले वित्त वर्ष के लिए 8.65 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दी थी। प्रस्ताव को मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा गया था और श्रम मंत्रालय उसकी मंजूरी का इंतजार कर रहा था।इसी सप्ताह श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने कहा था, ...त्योहारों से पहले छह करोड़ से अधिक ईपीएफओ अंशधारकों को 2018-19 के लिए 8.65 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। ईपीएफ ब्याज दर अधिसूचित किए जाने में देरी के बारे में मंत्री ने कहा था, वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) इन दिनों व्यस्त हैं। उनके पास फाइल पड़ी है। वह इससे सहमत हैं। हमने अंशधारकों के लिए 8.65 प्रतिशत ब्याज को मंजूरी दी है। यह अंशधारकों को मिलेगा।

निफ्टी सात महीने के निचले स्तर पर, सेंसेक्स 470 अंक लुढ़का

एजेंसी। मुंबई

बैंक और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 470 अंक लुढ़क गया।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से सख्त रुख के संकेत तथा विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 626 अंक के दायरे में घूमने के बाद अंत में 470.41 अंक या 1.29 प्रतिशत के नुकसान से 36,093.47 अंक पर बंद हुा। कारोबार के दौरान यह एक बार नीचे में 35,987.80 अंक तथा ऊंचे में 36,613.93 अंक तक गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 135.85 अंक या 1.25 प्रतिशत के नुकसान से 10,704.80 अंक पर बंद हुआ। यह इसका सात माह का निचला स्तर है। इससे पहले 19 फरवरी, 2019 को निफ्टी 10,604.35 अंक पर बंद हुआ था। केंद्र सरकार का प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक सिर्फ 4.7 प्रतिशत बढ़ा है। पूरे वित्त वर्ष में इसमें 17.5 प्रतिशत की वृद्धि का बजटीय लक्ष्य तय किया गया है। विश्लेषकों ने कहा प्रत्यक्ष कर संग्रह में धीमी

वृद्धि मांग में गिरावट और कुल वृद्धि दर में सुस्ती को दर्शाती है। एस बैंक के शेयर में 15.52 प्रतिशत की जोरदार गिरावट आई। मूडीज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एल्टिको का डिफॉल्ट बैंकों की साख की दृष्टि से नकारात्मक है। बैंकों ने रियल एस्टेट क्षेत्र को काफी कर्ज दिया हुआ है। मूडीज का कहना है कि बैंकों में एस बैंक और इंडसइंड बैंक द्वारा वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में सबसे अधिक कर्ज है। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के कुल कर्ज में वाणिज्यिक रियल एस्टेट का हिस्सा पांच प्रतिशत से अधिक है। इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3.59 प्रतिशत तक का नुकसान रहा।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में टाटा स्टील,मारुति, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी, वेदांता, बजाज फाइनेंस, हीरो मोटोकॉर्प और टीसीएस में 3.66 प्रतिशत तक का नुकसान रहा।वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयर 1.97 प्रतिशत तक चढ़ गए। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, कर संग्रह के कमजोर आंकड़ों से बृहस्पतिवार को बाजार प्रभावित हुआ। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी जारी है। निजी क्षेत्र के बैंकों के वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में भारी कर्ज से भी दोपहर के कारोबार में बिकवाली बढ़ी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को लेकर निवेशक आशंकित हैं क्योंकि इनका बाजार पूंजीकरण घट रहा है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 1.48 प्रतिशत तक का नुकसान रहा। इस बीच, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती की है। लेकिन आगे और कटौती की संभावना से इनकार किया है। इससे भी बाजार धारणा कमजोर हुई। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट दर्ज हुई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में चल रहे थे। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को 959.09 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 780.45 करोड़ रुपए की लिवाली की। इस बीच, ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 1.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.81 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में कारोबार के दौरान रुपया छह पैसे के नुकसान के साथ 71.30 प्रति डॉलर पर चल रहा था।

निवेशकों की पूंजी 1.65 लाख करोड़ रुपए घटी

नई दिल्ली। बंबई शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को भारी बिकवाली से निवेशकों की पूंजी 1.65 लाख करोड़ रुपए घट गई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 470.41 अंक या 1.29 प्रतिशत के नुकसान से 36,093.47 अंक पर आ गया। बाजार में गिरावट के रुख के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण।,65,437.91 करोड़ रुपए घटकर।,38,54,439.41 करोड़ रुपए पर आ गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने और भविष्य में फेडरल रिजर्व द्वारा सख्त रुख अपनाए जाने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। प्रत्यक्ष कर संग्रह की वृद्धि उम्मीद से कम रहने और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से सरकार की ओर से वित्तीय प्रोत्साहन की गुंजाइश कम होगी।

ट्रम्प ने हाउडी मोदी में कोई घोषणा करने का दिया संकेत

- यह पहली बार होगा, जब ट्रम्प और मोदी मंच साझा करेंगे।
- इस कार्यक्रम में ट्रम्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करीब 50,000 भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करेंगे

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि वह रविवार को ह्यूस्टन में होने वाले हाउडी मोदी कार्यक्रम में कोई घोषणा कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में ट्रम्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करीब 50,000 भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के बीच विशेष जुड़ाव रेखांकित करते हुए सोमवार को घोषणा की थी कि ट्रम्प 22 सितंबर को मोदी के साथ ह्यूस्टन रैली में भाग लेंगे। यह पहली बार होगा, जब ट्रम्प और मोदी मंच साझा करेंगे। यह दोनों नेताओं की तीन महीनों में तीसरी बैठक होगी। इससे पहले उन्होंने जून में जापान में जी-20 शिखर सम्मेलन और पिछले महीने फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन में मुलाकात की थी। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी से कैलिफोर्निया जाते समय एयर फोर्स वन विमान में बुधवार को संवाददाताओं से कहा, हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या वह ह्यूस्टन रैली में कोई घोषणा करेंगे, जिसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दोनों देशों के अधिकारी ह्यूस्टन में मोदी और ट्रम्प की मुलाकात से पहले एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प ने शिकायत की थी कि भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क अब स्वीकार्य नहीं हैं, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ गया है।

ह्यूस्टन कार्यक्रम के लिए भारतीय-अमेरिकियों के रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण कराने के बारे में ट्रम्प ने कहा कि उनके रैली में शामिल होने की घोषणा के बाद इस कार्यक्रम के लिए भीड़ और बढ़ गई है। इस कार्यक्रम के लिए 50,000 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों ने पंजीकरण कराया है। ट्रम्प ने कहा कि उनके भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र के लिए 21 से 27 सितंबर तक अमेरिका में होंगे। मोदी दूसरी बार लोकसभा चुनाव मई में जीतने के बाद पहली बार अमेरिका जाएंगे। दोनों नेता इस सत्र के इतर न्यूयार्क में भी मुलाकात करेंगे।

अमेरिका में अगले हफ्ते दो बार होगी मोदी और ट्रंप की मुलाकात : श्रृंगला

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने एक हफ्ते से भी कम अंतराल पर दो बार मुलाकात कर सकते हैं। अमेरिका में भारत के शीर्ष राजदूत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों में यह क्षमता है कि वह इस शताब्दी की परिभाषित करने वाली साझेदारी बन जाए। मई में फिर से निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। इससे पहले इन दोनों के बीच की दो मुलाकातें जापान के जी-20 शिखर सम्मेलन और फ्रांस में हुए जी-7 शिखर वार्ता से इतर हुई थी। अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को वाशिंगटन के लोगों को बताया कि इस हफ्ते के अंत में जब मोदी अमेरिका पहुंचेंगे तो उन दोनों के बीच, दो बार और मुलाकात होगी। श्रृंगला ने इंडिया ऑन द हिल : चार्टिंग अ फ्यूचर फॉर इंडो-यूएस रिलेशन्स कार्यक्रम के दौरान कहा कि इन दोनों के बीच कुछ ही महीनों के अंतराल पर चार मुलाकातें हो जाएंगी।

नीरव मोदी की न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ी, अगले साल मई में प्रत्यर्पण पर सुनवाई

लंदन। भगोड़े हीरा कारोबारी एवं यहां एक जेल में कैद नीरव मोदी को बृहस्पतिवार को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 17 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने यह भी कहा कि वह उसके प्रत्यर्पण मुकदमे की सुनवाई अगले साल मई में करने की दिशा में काम कर रही है। नीरव पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी करने और धनशोधन मामले में भारत में वांछित है। नीरव (48) एक नियमित कॉल ओवर सुनवाई के लिए जेल से वीडियो लिंक के जरिए वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष उपस्थित हुआ। वह भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मुकदमे का सामना कर रहा है। न्यायाधीश डेविड रॉबिन्सन ने नीरव से कहा कि इस मामले में कुछ ठोस नहीं है और अदालत उसके प्रत्यर्पण मुकदमे की सुनवाई पांच दिनों तक, 11-15 मई 2020 को, करने की दिशा में काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) और सीबीआई अधिकारियों की एक टीम भी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थी। ब्रिटेन के कानून के तहत लंबित प्रत्यर्पण मुकदमे के लिए हर 28 दिन पर इस सुनवाई की जरूरत होती है। मुकदमे की तैयारियों के लिए अगले साल फरवरी में सुनवाई होने की भी संभावना है। नीरव मार्च में गिरफ्तार होने के बाद से दक्षिण-पश्चिम लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है। यह इंग्लैंड की सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाली जेल है।

एंटी-ब्रेक्सिट प्रचारक जीना मिलरए (मध्य में) लंदन में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में आती हुई

ब्रिटिश प्रधानमंत्री जॉनसन को अस्पताल में बीमार बच्ची के पिता से झूठ बोलते पकड़ा गया

एजेसी। लंदन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि बुधवार को अस्पताल में एक बीमार बच्ची के पिता से बहस के दौरान झूठ बोलने को लेकर वह शर्मिंदा नहीं हैं। बच्ची का क्रोधित पिता उनके समक्ष अपनी शिकायतें रख रहा था। जॉनसन लंदन स्थित अस्पताल के दौरे पर थे। वहां पर अपनी बच्ची का इलाज कर रहे एक पिता ने जॉनसन को रोक लिया और स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट कटौती की

शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि वह केवल मीडिया को दिखाने के लिए वहां आए हैं। उस दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री को यह कहते हुए सुना गया कि यहां कोई मीडिया नहीं है जबकि नजदीक ही मीडिया के लोग खड़े थे और पूरे घटनाक्रम को रिकॉर्ड कर रहे थे। बच्ची के पिता ने कैमरों की ओर संकेत करते हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री से कहा, आपका क्या मतलब है कि यहां कोई प्रेस नहीं ह - ए लोग कौन हैं?

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा शुरू हो गया। कई लोगों ने जॉनसन की झूठ बोलने के लिए आलोचना की। बाद में जॉनसन ने ट्वीट कर कहा कि यह शर्मिंदगी पैदा करने वाली घटना नहीं है यह उनका काम है। वह समस्या बताने वाले व्यक्ति के शुक्रगुजार हैं।

भारतीय-अमेरिकी दोहरी नागरिकता का समर्थन करते हैं : सर्वेक्षण

एजेंसी। वाशिंगटन

बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी चाहते हैं कि भारत सरकार दोहरी नागरिकता को मंजूरी दे और प्रवासी भारतीय सीधे डाक मतपत्रों से मतदान के बजाए प्रॉक्सी मतदान को तरजीह देते हैं। एक सर्वेक्षण में यह दावा किया गया है। प्रॉक्सी मतदान का अर्थ है कि मतदाता अपना मत देने के लिए किसी प्रतिनिधि को नियुक्त करता है, जो उसकी अनुपस्थिति में मतदान करता है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) अमेरिका ने यह सर्वेक्षण ऐसे समय में किया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताहांत करीब 50,000 भारतीय-अमेरिकियों को ह्यूस्टन में एक कार्यक्रम में संबोधित करेंगे।

इस सर्वेक्षण में आव्रजन मुद्दा, निवेश, दोहरी नागरिकता, दोहरा कर और सामाजिक सुरक्षा कोष का हस्तांतरण समेत कई विषयों को शामिल किया गया। इस सर्वेक्षण में पूछे गए सवालों में से लोगों ने दोहरी नागरिकता की मांग का सबसे ज्यादा समर्थन किया और उसे 4.4 स्टार दिए। एफआईआईडीएस ने कहा, जहां अन्य देशों के लोगों के पास अपने गृह देश की नागरिकता छोड़े बगैर अमेरिकी नागरिकता के लिए आवेदन करने की क्षमता है, वहीं प्रवासी भारतीय लंबे समय से भारत सरकार से यह मौका देने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं।

एल एम सिंघवी ने आठ जनवरी, 2002 में दोहरी नागरिकता की सिफारिशों को जमा किया था। वह भारतीय समुदाय की एक उच्च स्तरीय समिति के तत्कालीन अध्यक्ष थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जनवरी, 2003 में सिफारिशों को स्वीकार किया था। हालांकि नागरिकता अधिनियम, 1955 में 2005 में संशोधन किया गया और प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) का अधिकार दिया गया लेकिन यह दोहरी नागरिकता नहीं है।

पाकिस्तानी अदालत ने हिंदू पुजारियों को जमानत दी

पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में यहां की एक अदालत ने सिख समुदाय के 10 नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप में हिरासत में लिए गए चार हिंदू पुजारियों को जमानत दे दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट लतीफ शाह ने पुजारियों शिवनाथ शर्मा, सूरज कुमार, राम प्रकाश और कवल नाथ शर्मा की रिहाई के आदेश दिए। इन्हें सिख धार्मिक नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए पेशावर पुलिस ने हिरासत में लिया था। इस घटना से सिख समुदाय भड़क गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुजारियों ने सिख समुदाय के 10 धार्मिक नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियां कीं। पुजारियों के खिलाफ पेशावर में 22 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई गई।

पाकिस्तान की आत्ममुग्धता से जमीनी हकीकत पर पर्दा नहीं डल सकता: मनीष तिवारी

एजेंसी। वाशिंगटन

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान के आत्ममुग्ध होने से उसके यहां की चिंताजनक जमीनी हकीकतों पर पर्दा नहीं डल सकता। तिवारी ने पाकिस्तान के आला नेताओं द्वारा रोजाना परमाणु हथियारों की धमकी दिए जाने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के भड़काऊबर्ताव पर दुनिया को सोचना चाहिए। इंडिया ऑन द हिल: चार्टिंग ए फ्यूचर फॉर इंडो-यूएस रिलेशन्स में अपने व्याख्यान में कांग्रेस नेता ने कहा, समस्या पाकिस्तान द्वारा भड़काऊ तरीकों से परमाणु कार्वाई की है और असफल देश के तौर पर वह जमीनी हकीकत को नहीं स्वीकार कर रहा तथा अपने ही अस्तित्व पर वास्तविक खतरा पैदा कर रहा है।

अमेरिका के द हेरिटेज फाउंडेशन और भारत के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका और भारत के शीर्ष विशेषज्ञों ने भाग लिया। तिवारी ने कहा, पाकिस्तान आत्ममुग्ध होकर कर्णभेदी ढोल पीटता रहे लेकिन वह अब अपने यहां की चिंताजनक जमीनी हकीकत पर पर्दा नहीं डाल सकता। भारत ने जब पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे संबंधी प्रावधानों को समाप्त कर दिया था तो दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया था। कश्मीर पर भारत के रुख पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ कूटनीतिक संबंधों को कमतर करते हुए भारतीय उच्चायुक्त को हटा दिया था। अफगानिस्तान के हालात और तालिबान से बातचीत को चुनौती बताते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि अत्यंत महत्वपूर्ण है कि अमेरिका और भारत सतत रूप से तथा पारदर्शी तरीके से सलाह मशविरा करें।

अगले दलाईलामा के चयन पर अमेरिका चीन के लिए सीमाएं तय करने पर कर रहा विचार

वाशिंगटन। दलाई लामा के स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बीच अमेरिका चीन के लिए कुछ सीमाएं तय करने पर विचार कर रहा है ताकि वह तिब्बतियों के आध्यात्मिक गुरु का उत्तराधिकारी चुनने में हस्तक्षेप नहीं कर पाए। एक वरिष्ठ अधिकारी से मिली चेतावनी और कांग्रेस में विचाराधीन एक विधेयक के जरिए अमेरिका चीन को पहले ही यह बात स्पष्ट कर देने पर विचार कह रहा है कि अगर वह उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करेगा तो उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपमान झेलना पड़ेगा। 84 साल के 14वें दलाई लामा ने अपनी लगातार यात्राओं को कम कर दिया है और उन्हें इस साल की शुरुआत में सीने में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था।

नेतन्याहू के प्रतिद्वंद्वी गैंट्ज ने खुद को अगले प्रधानमंत्री के तौर पर पेश किया

एजेंसी। यरूशलम

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी बेनी गैंट्ज ने बृहस्पतिवार को खुद को प्रधानमंत्री के रूप में पेश किया। इससे कुछ घंटे पहले ही नेतन्याहू ने ब्लू एंड व्हाइट पार्टी के नेता गैंट्ज से उनके साथ मिलकर एकता सरकार बनाने की अपील की थी ताकि तीसरी बार चुनाव की नौबत नहीं आए। बृहस्पतिवार तक देश में पांच महीने के अंदर दूसरी बार हुए चुनाव की करीब 97 प्रतिशत मतगणना हो गई और गैंट्ज की ब्लू एंड व्हाइट पार्टी को इस्राइल की 120 सीटों वाली संसद में 33 सीटें प्राप्त हुई हैं। नेतन्याहू की लिकुद पार्टी को 31 सीटें मिली हैं। 60 साल के गैंट्ज ने कहा कि वह एक व्यापक, उदार और एकता सरकार बनाना चाहते हैं और उसकी अगुवाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस्राइल पर थोपे गए चुनाव में जनता ने मतदान किया और स्पष्ट संदेश दिया। गैंट्ज ने कहा कि इस्राइल की जनता पिछले चुनाव के बाद भी एकता सरकार चाहती थी। उन्होंने दक्षिणपंथी गुटों के नेतन्याहू को अगला प्रधानमंत्री चुनने की सिफारिश का जिक्र करते हुए कहा, एकता सरकार बनाने के लिए कोई राजनीतिक गुटों और झुकाव के साथ नहीं आ सकता। हारेज अखबार ने गैंट्ज के हवाले से कहा, आप गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ आएं। मैं उसी हिसाब से काम करुंगा। उन्होंने कहा कि वह किसी फरमान पर अमल नहीं करेंगे। इससे पहले 69 वर्षीय नेतन्याहू ने कहा था कि वह दक्षिणपंथी सरकार बनाना चाहते थे, लेकिन चुनाव परिणाम दिखाते हैं कि यह संभव नहीं है। इसके बाद नेतन्याहू ने 60 वर्षीय गैंट्ज से प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द से जल्द मिलने को कहा।

दक्षिणी अफगानिस्तान में आत्मघाती हमले में 20 लोगों की मौत

ग़ाबुल, अफगानिस्तान में गुरुवार को एक आत्मघाती हमले के बाद घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त कारें

एजेंसी। काबुल

अफगानिस्तान के दक्षिणी शहर का एक अस्पताल बृहस्पतिवार तड़के आत्मघाती ट्रक बम विस्फोट से दहल गया। एक अधिकारी ने बताया कि इस धमाके में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 90 से अधिक लोग घायल हो गए। इस हमले में दक्षिणी जाबुल प्रांत की राजधानी कलत के अस्पताल का एक हिस्सा पूरी तरह बर्बाद हो गया और वहां खड़ी एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। अपने परिवार के बीमार सदस्यों से मिलने आए निवासी घायलों को शॉल एवं कंबलों से ढक कर क्षतिग्रस्त अस्पताल के भीतर ले गए जबकि अधिकारी गंभीर रूप से घायल लोगों को पास में कंधार रिपीट कंधार के अस्पतालों तक ले जाने की जद्दोजहद करते नजर आए।

विस्फोट के शुरुआती घंटों में मृतकों एव घायलों के विरोधाभासी आंकड़े सामने आए। प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता गुल इस्लाम सेयाल ने मृतकों की संख्या 12 बताई थी लेकिन कहा था कि अधिकारी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं। प्रांतीय परिषद के प्रमुख अट्टा जन हकबयान ने मृतकों की संख्या 20 बताई। अमेरिका के साथ चल रही शांति वार्ता के इस महीने की शुरुआत में बंद हो जाने के बाद से लगभग रोज हमले कर रहे तालिबान का कहना है कि उसका निशाना पास की सरकारी खुफिया विभाग की इमारत थी। हकबयान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा विभाग (एनडीएस) की इमारत की दीवार को नुकसान पहुंचा है। वह यह नहीं बता पाए कि इस हमले के हताहतों में खुफिया विभाग का कोई कर्मी भी शामिल था या नहीं।

ड्रोन हमले में भी नौ नागरिकों की मौत

जलालाबाद (अफगानिस्तान)। पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में बुधवार रात को किए गए ड्रोन हमले में कम से कम नौ आम नागरिकों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जिला गवर्नर शमसुल हक ने एएफपी को बताया कि हमले में छह लोग घायल हुए हैं और ए सभी आम नागरिक हैं। नंगरहार के पुलिस प्रवक्ता मुबारिज अट्टल ने कहा, यह हमला इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों को निशाना बनाकर किया गया था लेकिन गलती से आम नागरिक निशाना बन गए।

मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बारे में बताया था

डेविड कैमरन का खुलासा

एजेंसी। लंदन

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने बृहस्पतिवार को अपने संस्मरण का विमोचन किया जिसमें उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को संत पुरुष बताया है और कहा है कि सिंह ने उन्हें बताया था कि अगर मुंबई की तरह दूसरा आतंकवादी हमला हुआ तो पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्वाई करनी होगी। कैमरन ने फॉर द रिकॉर्ड में अपने 52 वर्ष के निजी एवं व्यावसायिक जीवन के घटनाक्रम को लिपिबद्ध किया है और इसमें 2010 से 2016 के बीच का विशेष तौर पर जिक्र है जब वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे। इस दौरान उनके सिंह के साथ ही मोदी के साथ भी अच्छे रिश्ते रहे।

कैमरन ने कहा, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ मेरे रिश्ते अच्छे रहे। वह संत पुरुष हैं लेकिन भारत के खतरों के प्रति वह कड़ा रुख भी रखते थे। भारत के एक यात्रा के दौरान उन्होंने मुझसे कहा कि मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमले की तरह कोई दूसरा आतंकवादी हमला होता है तो भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्वाई करनी होगी। उन्होंने कहा, भारत के संदर्भ में मैंने कहा था कि हमें आधुनिक सहभागिता की जरूरत है न कि औपनिवेशिक अपराध की भावना के साथ। यह सहभागिता दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ हो। ब्रिटेन के कई सफल व्यवसाई

और सांस्कृतिक हस्तियां भारतीय मूल के रहे हैं और इस प्रयास में वे काफी सहायक साबित हो सकते हैं। अपने संस्मरण में भारत- ब्रिटेन संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कंजरवेटिव पार्टी के 52 वर्षीय पूर्व नेता ने भारत के दो नेताओं की प्रशंसा की - सिंह और मोदी। उन्होंने नवम्बर में वेम्बले स्टेडियम में संबोधन के दौरान स्टेज पर मोदी से गले मिलने की घटना को याद किया। उन्होंने कहा, कई क्षण रहे जिसमें वेम्बले स्टेडियम में भारतीय मूल के लोगों की सबसे बड़ी भीड़ का इकट्ठा होना भी शामिल है।

कैमरन ने कहा, मोदी के संबोधन से पहले मैंने 60 हजार की भीड़ से कहा कि मुझे लगता है कि किसी दिन भारतीय मूल का ब्रिटिश व्यक्ति दस डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री के तौर पर आएगा। लोगों की भीड़ ने चिल्लाकर इसे मंजूरी दी जो अद्भुत था। और जैसे ही स्टेज पर मोदी और मैंने एक-दूसरे को गले लगाया मुझे उम्मीद जगी कि यह ब्रिटेन द्वारा दुनिया को खुले हृदय से स्वागत करने का संकेत देगा। कैमरन ने दिल्ली में टुक टुक से यात्रा करने और मुंबई की झुग्गी-झोपड़ियों घूमने का भी जिक्र किया।

कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडू ने नस्ली मेकअप करने की बात स्वीकारी

एजेंसी। ओटावा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडू ने 18 साल पहले एक स्कूल की पार्टी में चेहरे पर काले रंग का मेकअप करके जाने के लिए बुधवार को माफी मांगी। ट्रूडू 18 साल पहले इस स्कूल में पढ़ाते थे। टाइम पत्रिका ने संघीय चुनाव प्रचार शुरू होने से महज एक हफ्ते पहले यह तस्वीर प्रकाशित की है जहां ट्रूडू की लिबरल पार्टी और एंड्रयू शीर के बीच कड़ा मुकाबला है। 2015 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली ट्रूडू की पार्टी नैतिकता में चूक और अन्य विवादों के चलते पहले से ही निशाने पर है। काले-सफेद रंग की इस तस्वीर में उस वक्त 29 साल के रहे ट्रूडू एक पगड़ी और पोशाक पहने तथा चेहरे, गर्दन और हाथों का रंग स्याह किए हुए दिख रहे हैं।

नासा चंद्रयान-2 के लैंडिंग स्थान की तस्वीरों का विश्लेषण कर रहा

एजेंसी। ह्यूस्टन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने चंद्रमा ऑर्बिटर द्वारा चांद के उस हिस्से की खींची गई तस्वीरों का विश्लेषण, प्रमाणन एवं समीक्षा कर रहा है जहां भारत के चंद्रयान-2 मिशन ने अपने विक्रम मॉड्यूल की सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया था। एजेंसी के एक प्रोजेक्ट साइंटिस्ट के हवाले से मीडिया ने यह खबर दी है। नासा के लूनर रिकॉनिसंस ऑर्बिटर (एलआरओ) अंतरिक्षयान ने चंद्रमा के अनछुए दक्षिणी ध्रुव के पास , वहां से गुजरने के दौरान कई तस्वीरें ली जहां से विक्रम ने उतरने का प्रयास किया था।

एलआरओ के डिप्टी प्रोजेक्ट साइंटिस्ट जॉन कैलर ने नासा का बयान साझा किया जिसमें इस बात की पुष्टि की गई कि ऑर्बिटर के कैमरे ने तस्वीरें ली हैं। सीनेट डॉट कॉम ने एक बयान में कैली के हवाले से कहा, एलआरओसी टीम इन नई तस्वीरों का विश्लेषण करेगी और पूर्व की तस्वीरों से उनकी तुलना कर यह देखेगी कि क्या लैंडर नजर आ रहा है (यह छाया में या तस्वीर में कैद इलाके के बाहर हो सकता है)। रिपोर्ट में कहा गया कि नासा इन छवियों का विश्लेषण, प्रमाणीकरण और समीक्षा कर रहा है। उस वक्त चंद्रमा पर शाम का समय था जब ऑर्बिटर वहां से गुजरा था जिसका मतलब है कि इलाके का ज्यादातर हिस्सा बिंब में कैद हुआ होगा।

सात सितंबर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-2 के विक्रम मॉड्यूल की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास तय योजना के मुताबिक पूरा नहीं हो पाया था। लैंडर का आखिरी क्षण में जमीनी केंद्रों से संपर्क टूट गया था। नासा के एक प्रवक्ता ने इससे पहले कहा था कि इसरो के विश्लेषण को साबित करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी चंद्रयान-2 विक्रम लैंडर के लक्षित इलाके की पहले और बाद में ली गई तस्वीरों को साझा करेगी।

मीराबाई का राष्ट्रीय रिकार्ड सुधारा, पदक से चूकी

एजेंसी। पटाया (थाईलैंड)

- विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 49 किग्रा में पदक जीतने में नाकाम रही
- चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा

पूर्व चैंपियन मीराबाई चानू ने अपने राष्ट्रीय रिकार्ड में सुधार किया लेकिन वह गुरुवार को यहां विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 49 किग्रा में पदक जीतने में नाकाम रही और उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा।

पच्चीस वर्षीय मीराबाई ने तीनों वर्गों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 87 किग्रा, क्लीन एवं जर्क में 114 किग्रा और इस तरह से कुल 201 किग्रा भार उठाया। मीराबाई का इससे पहले का राष्ट्रीय रिकार्ड 199 किग्रा (88 और 111 किग्रा) था जो उन्होंने अप्रैल में चीन में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। चीन की जियांग हुइहुआ ने 212 किग्रा (94 और 118 किग्रा) भार उठाकर नया विश्व रिकार्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले का रिकार्ड चीन की ही होउ झीहुइ (210 किग्रा) के नाम पर था। झीहुइ ने यहां 211 किग्रा के साथ रजत पदक जीता। उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 204 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मीराबाई ने स्नैच में 87 किग्रा भार उठाने के बाद क्लीन एवं जर्क में 110 किग्रा से शुरुआत की और फिर 114 किग्रा भार उठाया। अपने तीसरे प्रयास में हालांकि वह 118 किग्रा भार नहीं उठा पाई जिससे उन्हें नुकसान हुआ। अगर वह इसमें सफल रहती तो कांस्य पदक जीत सकती थी।

इससे वह क्लीन एवं जर्क में रजत पदक भी हासिल कर लेती। विश्व चैंपियनशिप और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल योग पर अलग अलग पदक दिए जाते हैं लेकिन ओलंपिक में केवल कुल योग पर ही पदक मिलता है। भारत की ही स्नेहा सोरेन 55 किग्रा में ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रही। इस 18 वर्षीय भारोत्तोलक ने 173 किग्रा (72 और 101 किग्रा) भार उठाया। ग्रुप ए की समाप्ति के बाद उनकी आखिरी पोजीशन तय होगी।

भारत फीफा रैंकिंग में 104वें स्थान पर खिसका

ज्यूरिख। भारतीय फुटबाल टीम गुरुवार को जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से 104वें स्थान पर खिसक गई। इगोर स्टिमाक के मार्गदर्शन में भारतीय टीम जुलाई में 2019 इंटरकांटिनेंटल कप के बाद नियमित रूप से खेल रही है। इसी महीने भारत ने दोहा में कतर को गोल रहित ड्रा पर रोककर 2022 विश्व कप क्वालीफायर में पहला अंक हासिल किया था। यह मैच 2023 एएफसी एशियाई कप का शुरुआती क्वालीफायर भी था। विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में भारत को ओमान, कतर, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। भारत के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम करने के बावजूद कतर 62वें स्थान पर बरकरार है। भारत को 2-1 से हराने वाला ओमान तीन स्थान के फायदे से 84वें स्थान पर पहुंच गया है। बेल्जियम शीर्ष स्थान पर बना हुआ है जबकि फ्रांस ने ब्राजील को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that the following original equity shares certificates in the name of Sanjiv Saran Dass alias Sanjeev Saran Dass has been lost. Any person in possession may kindly contact Krishna Saran Dass at 9818530976

Name of Company- Jubilant Life Science Ltd.
Qty.- 300
Folio No. 13830
Certificate No. 207816

Name of Company- India Glycols Ltd.
Qty.- 2400
Folio No. 00111215
Certificate No. 162834-162857

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that the following original equity shares certificates in the name of Chittranjan Dass alias Dass C R, has been lost. Any person in possession may kindly contact Krishna Saran Dass at 9818530976

Name of Company- Ashok Leyland Ltd.
Qty.- 21000
Folio No. 820
Certificate No. S00820, 33992

Name of Company- IndusInd Bank Ltd.
Qty.- 495
Folio No. 00700002
Certificate No. 635707

Public Notice

I, Arshad Jamal, son of Mr. Mohd. Ahmad, resident of 2113, Kaley Sahib, Gali Kasim Jaan, Delhi-110006, hereby inform that a bag containing original documents, viz., share certificate, possession letter, allotment letter etc., of Punjabi Saudagar Cooperative Group Housing Society Limited (Regd.), Mayur Vihar Phase-I Extension, Delhi-110091 has been lost. An FIR LR No. 1497529/2019 dated 06 September 2019 has already been filed in P.S. Crime Branch Delhi. If found please return the same at the following addresss- Flat No. B-II/310, Punjabi Saudagar Apartment, Mayur Vihar Phase-I Extension, Delhi-110091

भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा- 390007,
कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक दुसरी मंजिल, विडियोकॉन टॉवर, झंण्डेवालान एक्स., नई दिल्ली 110055

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र.	कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र.	सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	आभा जैन / राज कुमार जैन / आदित्य जैन/ LBDEL00002080406	यूनिट नंबर डीपीटी 340, पार्किंग नंबर 2254 डीएलएफ प्राइम टावर्स, ओखला, नई दिल्ली और फ्लैट नंबर-डीपीटी 340, तीसरी मंजिल, प्राइम टॉवर, प्लॉट नंबर -79 और 80, ब्लॉक- एफ, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज -1, दिल्ली/ 16 सितंबर, 2019	सितंबर 29, 2018 रु. 61,90,412/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

हस्ते/
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

दिनांक: 20 सितंबर, 2019
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा, गुजरात-390 007
कार्पोरेट कार्यालय :आईसीआईसीआई बैंक लि. आरपीजी टॉवर्स, अंधेरी कुर्ला रोड, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीडियोकॉन टॉवर, झंडेवालान, नई दिल्ली -110055

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस लिमिटेड, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

क्र. सं. (क)	कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या (ख)	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई (ग)	बकाया राशि (रू. में) (घ)	सुरक्षित मूल्य (रू. में) (ङ)	धरोहर राशि जमा (रू. में) (च)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय (छ)	नीलामी की तिथि एवं समय (ज)
1.	वीर पाल सिंह (कर्जदार) स्नेह लता (सह- कर्जदार) NHRWI00000844451	मस्टिल नंबर- 40, किला नंबर -22 /1/2 (0-3), 23/1/1/1 (0-4) धारुहेड़ा तहसील रेवाड़ी, जिला- रेवाड़ी हरियाणा माप 7 मरला यह 2/7 वॉ हिस्सा है। आई ई 2 मारला आई ई 53 वर्ग यार्ड	रु. 16,59,466/- सितम्बर 05, 2019 तक)	रु. 18,70,000/- (रुपये अठारह लाख सत्तर हजार मात्र)	रु. 1,87,000/- (रुपये एक लाख सत्यासी हजार मात्र)	अक्टूबर 04, 2019 दोपहर 02:00 से दोपहर 03:00 तक	अक्टूबर 29, 2019 सुबह 11.30 बजे से

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **अक्टूबर 28, 2019 को अथवा पूर्व सायं. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'च' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई -1, झंडेवालान एक्सटेंशन, रानी झांसी रोड दिल्ली-110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड, दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली - 110034** स्थित कार्यालय में **अक्टूबर 28, 2019 को अथवा पूर्व सायं. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस लिमिटेड,** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8657549734 / 9650193259** पर अथवा **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** के **9910453434** पर सम्पर्क करें।

केवल बैंक/ई--नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : **www.icicibank.com/n4p4s**

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

तिथि : सितम्बर 20, 2019
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

युवराज ने टाटा स्टील पीजीटीआई में जीत दर्ज की

नोएडा। चंडीगढ़ के उदीयमान खिलाड़ी युवराज सिंह संधू ने गुरुवार को यहां प्ले आफ में दिल्ली के वसीम खान को हराकर टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेऑफ टूर का खिताब जीता। युवराज की मौजूदा सत्र में प्लेऑफ टूर यह दूसरी जीत है जिससे उन्होंने आर्डर आफ मेरिट में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। प्लेऑफ टूर पर मौजूदा सत्र में अब सिर्फ एक टूर्नामेंट बचा है।

आतंकी हमले के डर के बावजूद पाक दौरे पर जाएगा श्रीलंका

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि खिलाड़ियों पर आतंकी हमले की आशंका के बावजूद उनकी टीम छह मैचों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डिसिल्वा ने कहा कि उन्हे पाकिस्तान का दौरा करने के लिए रक्षा मंत्रालय से हर तरह की मंजूरी मिल गई है। डिसिल्वा ने एएफपी से कहा, हमे रक्षा मंत्रालय से हरी झंडी मिल गई है। दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। मै स्वयं और हमारे पदाधिकारी भी टीम के साथ जाएंगे। पिछले सप्ताह की रिपोर्ट में संभावित आतंकी हमले की आशंका जताई गई थी जिसकी जांच के लिए रक्षा मंत्रालय को कहा गया था।

संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए धनंजय पर 12 महीने का प्रतिबंध : आईसीसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए श्रीलंकाई आफ स्पिनर अकिला धनंजय पर गुरूवार को 12 महीने का प्रतिबंध लगाया। उनके एक्शन के स्वतंत्र आकलन के बाद यह फैसला किया गया। गाले में 14 से 15 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर सवाल उठाए जाने के बाद 25 साल के खिलाड़ी के एक्शन की जांच की गई। चेन्नई में 29 अगस्त को स्वतंत्र जांच में खुलासा हुआ कि उनका गेंदबाजी एक्शन अवैध है। धनंजय को दिसंबर 2018 में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था। उनके गेंदबाजी एक्शन में सुधार किया गया और फिर इसके आकलन के बाद फरवरी 2019 में उन्हे फिर से गेंदबाजी शुरू करने की अनुमति दी गई।

भारत के अंडर-16 कोच बिबियानो ने आत्ममुग्धता से बचने को कहा

ताशकंद (उज्बेकिस्तान)। भारतीय जूनियर फुटबाल टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने शुक्रवार को बहरीन के खिलाफ होने वाले एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप के दूसरे मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आत्ममुग्धता से बचने की सलाह दी है। भारत अंडर-16 ने अपने पहले मैच में तुर्कमेनिस्तान को आसानी से 5-0 से हराया था। इस तरह से भारतीय टीम पिछले 12 मैचों से अजेय है। लेकिन बिबियानो ने गुरुवार को साफ किया कि खिलाड़ियों को आत्ममुग्धता से बचना होगा। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, आत्मविश्वास और आत्ममुग्धता के बीच स्पष्ट अंतर है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Bharat Chamar S/o Late. Kumar Ram R/o Vill. Dulahi P.S. Chand Distt. Kaimur (Bihar) I have change my name from Bharat Chamar to Bharat Ram.

PD(8647)C

शरत-साथियान पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में

- एशियाई टेबल टेनिस

एजंसी। **नई दिल्ली**

जी साथियान और अचंत शरत कमल की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में महफूद सैयद मुर्तधा और राशिद राशिद की बहरीन की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत के साथ 24वीं आईटीटीएफ एशिया टेबल टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। साथियान और शरत की जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में मुर्तधा और राशिद को 11-8 11-6 11-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में साथियान और शरत का सामना लियांग जिंगकुन और लिन गाओयुआन की चीन की जोड़ी से होगा। इससे पूर्व पहले राउंड में बाई हासिल करने वाली साथियान और शरत की जोड़ी ने राउंड आफ 32 में अबो यमन जैद और अल्दमेजी जेयाद की जोर्डन की जोड़ी को 11-4 11-7 11-7 से शिकस्त दी। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली हरमीत देसाई और एंथोनी अमलराज की जोड़ी को हालांकि राउंड आफ 32 में ल्यू सिंग सिन और पेंग वेंग वेई की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 11-5 7-11 11-3 8-11 6-11 से हार झेलनी पड़ी। महिला युगल में मनिका बत्रा और अर्चना कामथ तथा मधुरिका पाटकर और सुतीर्था मुखर्जी की जोड़ी को भी हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर में आसान जीत दर्ज करने वाली मनिका और अर्चना की जोड़ी दूसरे दौर में यांग ह्युन और जियोन झी की कोरिया की जोड़ी से 6-11 9-11 7-11 से हार गई। मधुरिका और सुतीर्था की जोड़ी को भी दूसरे दौर में डू होई केम और ली हो चिंग की हांगकांग की जोड़ी के खिलाफ 9-11 5-11 11-13 से हार झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में शरत कमल और मनिका तथा साथियान और अर्चना को भी राउंड आफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में शरत, साथियान, अमलराज, हरमीत और मानव ठक्कर सभी को पहले दौर में बाई मिली। इन सभी ने इसके बाद राउंड आफ 128 में जीत दर्ज की। पुरुष एकल खिलाड़ियों को राउंड आफ 64 मुकाबले आज ही खेलने हैं। महिला एकल में अर्चना को पहले दौर में बाई मिली है।

आडवाणी विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। **मंडाले (म्यांमा)**

कई बार के विश्व बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियन पंकज आडवाणी ने गुरुवार को यहां पाकिस्तान के जुल्फिकार कादिर को 5-2 से हराकर आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले पंकज ने पाकिस्तान के एक अन्य क्यूइस्ट मोहम्मद अहसान जावेद को 5-1 से हराया था। लक्ष्मण रावत और पुष्पेदर सिंह भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। लक्ष्मण ने चीन के गाओ यांग जबकि पुष्पेदर ने थाईलैंड के क्रिटसनौत लर्टसात्याथोर्न को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से पराजित किया।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my clients **(1) SH. ARVIND KUMAR MITTAL** son of late Sh. Naurang Rai, **(2) MRS. DIVYA MITTAL** wife of Sh. Arvind Kumar Mittal, both resident of A-51, Ground Floor, Ashok Vihar, Phase-II, Delhi are negotiating to purchase Entire Freehold Built-up Property bearing No.87, with its roof rights, land area measuring 200 sq.yds., in Block-A, situated at Ashok Vihar, Phase-I, Delhi from its owners.

All persons having any claim or demand or rights in respect of or against the above said property or any part or portion thereof by way of Agreement to sell, inheritance, share, sale, transfer, assignment, private mortgage, gift, exchange, possession, covenant, easement or otherwise howsoever, is hereby required to make the same known in writing with documentary proof to the undersigned at my office within ten days from the date of publication hereof, failing which the claim of such person(s), if any, will be treated as null and void and will not have any legal & any other sanctity and not binding on my clients and the proposed transaction of purchase of the said property shall be completed without any reference to such claim(s).

Parveen Garg (Advocate)
Enrol.No.D/713/86
Shop No.26, RU-Block Market, Outer Ring Road, Pitampura, Delhi-110034. Mob.9810039884

पीकेएल : बंगाल वारियर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया

पुणे। मनिंदर सिंह के शानदार खेल से बंगाल वारियर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में गुरुवार को यहां हरियाणा स्टीलर्स को 48-36 से हराया। इस जीत से बंगाल वारियर्स ने अंक तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। बंगाल ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसके तीनों रेडर मनिंदर सिंह, के प्रापनजन और मोहम्मद नबीबाख्श ने आसानी से अंक बटोरे। वारियर्स ने पहले हाफ में दो आलआउट किए और 15 अंक की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर तक वारियर्स की टीम 30-14 से आगे थी। इसके बाद हरियाणा के रक्षक अच्छा खेल नहीं दिखा पाए। दूसरे हाफ में हरियाणा ने कुछ अंक जरूर बटोरे लेकिन वारियर्स मैच आसानी से अपनी झोली में डालने में सफल रहा।

प्रो कबड्डी लीग के क्वार्टर फाइनल लखनऊ में

लखनऊ। प्रो कबड्डी लीग की उत्तर प्रदेश प्रैंचाइज़ी के सेमीफाइनल मैच में पहुंचने के लिए क्वार्टरफाइनल मैच 10 से 13 अक्टूबर तक लखनऊ में खेले जाएंगे। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आठ टीमों के साथ एक दिलचस्प क्वार्टर फाइनल मुकाबला होगा। पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी का प्रतिनिधित्व करने वाली चार टीमें- मुजफ्फरनगर महाराजा और सहारनपुर सुल्तान जोन ए, जबकि बागपत बुल्स और मेरठ बाहुबली जोन बी, पश्चिमी यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं। शहर के सामने गोरखपुर सिंघम और मऊ सेना जोन सी और गाज़ीपुर जोशीले और वाराणसी योद्धाओं ज़ोन डीने क्वार्टर फ़ाइनल के लिए खेलेंगे। यूपी कबड्डी लीग के दूसरे सीज़न में 35 पुरुषों की टीमें शामिल हैं और पूरे राज्य की 8 महिलाओं की टीम को भी प्रदर्शित करेगी। महिलाएं पुरुषों के फाइनल के दौरान लखनऊ में मैच आयोजित किए जाएंगे।

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

मुरारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नामः मुरारी, पुत्रः मेवा लाल, पताः म0सं0 42, खसरा नं0 64/14, चन्द्र विहार, दिल्ली, उम्र 60 वर्ष, जो दिनांक 01.08.2019 से थानाक्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है। इस बाबत DD No. 51-A, दिनांक 22.08.2019 से थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। व्यक्ति का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः

रंगः सांवला, कदः 5'6" फीट, चेहराः लम्बा, पहनावाः सफेद रंग की कुर्ता पैजामा और पैरो में हवाई चप्पल पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना थाना निहाल विहार, दिल्ली को ई-मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बरः 11-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना, निहाल विहार, दिल्ली
फोनः 011-25946700, 25946710

DP/2649/OD/19.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that M/S S.A. Propcon Private Limited "owner" in collaboration with Signature Infrabuild Private Limited "Developer" had obtained a license bearing No. 73 of 2019 Dated 04/07/2019 from the Director Town & Country Planning, Haryana (DTCP) to develop an affordable group housing colony on the land admeasuring 40 kanal 18 marla (5.1125 acres) situated in the revenue estate of village Dhorka, Sector-95, District Gurugram.

We now propose to transfer the license in favour of Signature Infrabuild Private Limited having its registered office at 1310, 13th floor , Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi-110001 and have obtained permission from Director Town & Country Planning, Haryana Vide Memo No. LC-3714-Asstt.(AK)-2019/23116 Dated 16.09.2019.

Any entity/person including any Government Authority, Bank or Financial Institution having or claiming any right, title, claim, benefit, demand or interest with respect to the licence or has any objection to the intended above referred matter, such person/entity may inform in writing to o/o STP Gurugram within 30 days from the date of publication of this notice.

Total land admeasuring 40 Kanal and 18 Marla or 5.1125 Acres comprised in rect. No-3, Killa No-18/2(2-0), 19/2(2-0), 20/1/2(1-18), 21/2(7-12), 22(8-0), 23(8-0), Rect. No-11, Killa No-3(8-0), 8 Min(3-8), Situated in the revenue Estate of Village Dhorka, Sector 95, Gurugram.

SD/-
Authorised Signatory
Signature Infrabuild Pvt. Ltd
U70100DL2013PTC247676 &
1310 at 13th floor Dr. Gopal Das Bhawan 28, Barakhamba Road, New Delhi - 110001.

SD/-
Authorised Signatory
S.A. Propcon Private Limited
U70109HR2006PTC064522
Plot No 144, Sector-44, Gurugram - 122002

Place: Gurugram
Dated: 18.09.2019

कार्यालय ग्राम पंचायत हर्दपुर विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस।

पत्रांकः- /ग्राम पंचायत/वित्तआयोग मद/टेन्डर/2019-20 दिनांकः- 18.09.2019

-: अति अल्पकालीन निविदा :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वतुर्थ राज्य वित्त/14 वी वित्त आयोग की अन्तर्गत वर्ष 2018-19 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नाकित कार्यो हेतु उनके नाम सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बन्द निविदाये दिनांक 25/09/2019 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सॉय 3.30 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एव खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश पोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एव वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वेधता मूल तिथि से मानी जोयगी। निविदा की शर्त निम्नवत निर्धारित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत हर्दपुर से कार्यालय दिवस एव समय में दिनांक 25/09/2019 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 नगद अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बातये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वेधता तीन माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प डयूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर वैट एव रोयल्टी आदि की कटोती की जयेगी।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगे।

क्र. स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में	धरोहर धनराशि रू0 में	निविदा प्रपत्र का मूल (रू0 में) शुल्क	कार्य की अवधि (माह में)
1.	शिवलाल के घर से विजेन्द्र सिंह के घर	103499.00	2070	210	6 माह
	तक इन्टरलॉक व नाली				
2.	मुकेश दिक्षित के प्लॉट से पिताम्बर के घर तक इन्टरलॉक व नाली	145655.00	2915	210	6 माह
3.	किशन स्वरूप के घर से मुरारीलाल के घर तक इन्टरलॉक व नाली	100853.00	2020	210	6 माह
4.	प्राइमरी पाठशाला मे इन्टरलॉक	114343.00	2290	210	6 माह
5.	महादेव बाबा मन्दिर से किशन स्वरूप के प्लॉट इंटरलॉकिग नाली निर्माण कार्य	128337.00	2570	210	6 माह

अध्यक्ष/प्रधान
ग्राम पंचायत हर्दपुर
विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस

सचिव
ग्राम पंचायत हर्दपुर
विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस

डेथ ओवर में गेंदबाजी करना आसान लगता है : चाहर

एजेंसी। मोहाली

● 27 साल के चाहर ने पिछले साल जुलाई में पदार्पण करने के बाद तीन मैच खेले और तीनों में प्रभावित किया

ज्यादातर गेंदबाजों को डेथ ओवरों में बल्लेबाजों को रोकना मुश्किल लगता है लेकिन भारत के युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ट्वेंटी20 प्रारूप में इस चुनौती का लुत्फ उठाते हैं। भारत अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके प्रदान कर रहा है और 27 साल के चाहर ने पिछले साल जुलाई में पदार्पण करने के बाद तीन मैच खेले और तीनों में प्रभावित किया। उन्होंने इसमें छह विकेट चटकाए। आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए गेंदबाजी की शुरूआत करने वाले चाहर ने दिखा दिया कि वह डेथ ओवरों में भी इतने ही प्रभावी हो सकते हैं। भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में सात विकेट से जीत हासिल की जिसमें चाहर ने अहम भूमिका निभाई। चाहर ने कहा, मैं नहीं जानता कि मैं इसमें कैसे निपुण हुआ (मैच में गेंदबाजी की शुरूआत करने में) लेकिन जब आप भारत के लिए खेल रहे हों तो आपको ऐसा करना ही होगा। यह चुनौतीपूर्ण है क्योंकि सिर्फ दो ही क्षेत्ररक्षक सर्कल के बाहर होते हैं। लेकिन मैंने मन में यह सोचकर गेंदबाजी करना शुरू कर दिया कि जब सर्कल के बाहर दो क्षेत्ररक्षक होंगे तो मुझे सिर्फ तीन ही ओवर गेंदबाजी करनी होगी। उन्होंने अपने तीन ओवर के शुरूआती स्पैल में रीजा हेंड्रिक्स का विकेट झटका और फिर 18वें ओवर में क्रीज पर डटे हुए टेम्बा बावुमा को धीमी गेंद पर आउट किया। पहले मैं डेथ ओवरों में काफी गेंदबाजी किया करता था और इसमें मुझे चीजें आसान लगती थी क्योंकि पावरप्ले में आपके पास सर्कल के बाहर केवल दो ही क्षेत्ररक्षक होते हैं और बाद में आपको पांच क्षेत्ररक्षक की मदद मिलती है। इससे आप डेथ ओवर में भी काफी वैरिएशन कर सकते हो। मैं कैसी गेंदबाजी करूं, यह बल्लेबाज पर निर्भर करता है। डेथ ओवरों में बल्लेबाज यार्कर या धीमी गेंद की उम्मीद करता है लेकिन अगर आप बाउंसर या फिर नकल बॉल भी डालो तो इससे वह हैरान हो सकता है। बल्लेबाज अंदाज लगाता रहे, आपको ऐसी गेंदबाजी करनी होती है।

मुझे नहीं लगता, भारत ने हमें पस्त किया: बावुमा

मोहाली। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट विशेषज्ञ टेम्बा बावुमा को लगता है कि उनकी टीम अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सकी लेकिन दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान भारत ने उन्हें बुरी तरह नहीं हराया जिसने श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। बावुमा ने छोटे प्रारूप में पदार्पण के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। भारत से मिली सात विकेट की हार के बाद उन्होंने कहा, हमने पहले 10-12 ओवर अच्छी तरह खेले। मुझे लगता है कि हम अच्छी शुरूआत के बाद इसे जारी नहीं रख सके और 12से 15वे ओवर में मैच गंवा बैठे। छत्तीस टेस्ट खेल चुके बावुमा अर्धशतक से केवल एक रन से चूक गए। उन्होंने कहा, जब डेविड 13वे ओवर में बल्लेबाजी के लिए आया तो हम मजबूत स्थिति में थे। 10 ओवर तक ऐसा लग रहा था कि 180 रन का स्कोर हासिल किया जा सकता है। मैं वो लय हासिल नहीं कर पाया और अन्य भी। लेकिन फिर भी मुझे नहीं लगता कि हमें पस्त किया गया। केपटाउन के 29 साल के खिलाड़ी ने कहा कि भारतीय टीम मजबूत है लेकिन ऐसा नहीं है कि उसे कोई हरा नहीं सकता और दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को बेंगलुरू में श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगी। वे ताकतवर है लेकिन ऐसा नहीं है कि उन्हें हराया नहीं जा सकता। हमने सिर्फ बल्लेबाजी में खुद को निराश किया और भारत जैसी बेहतरीन टीम के सामने हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

कोहली की जगह किसी और को कप्तान बनाने का सवाल ही नहीं: हेसन

बेंगलुरू। विराट कोहली का रिकार्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान के तौर पर भले ही निराशाजनक हो लेकिन टीम के नव नियुक्त क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने अगले आईपीएल चरण में कप्तानी में किसी भी बदलाव से इनकार किया। कोहली, एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल जैसे सितारों के बावजूद आरसीबी ने आईपीएल के शुरू होने के बाद से एक भी खिताब नहीं जीता है। कोहली ने सात सत्र में टीम की अगुआई की है। हेसन ने इस बात से इनकार किया कि कोहली टीम में किसी भी तरह का नियंत्रण करते है। हम ऐसा नहीं मानते कि विराट चीजो पर नियंत्रण बनाते है। लेकिन आगे बढ़ते हुए वह अपनी पिछली गलतियो से सीख ले चुका हो। हेसन ने कप्तानी को लेकर कहा, पिछले कुछ हफ्तो से चल रही चर्चाओ के दौरान विराट की कप्तानी को लेकर कोई भी सवाल नहीं है। न्यूजीलैंड के पूर्व कोच ने अपने और मुख्य कोच साइमन कैटिच के साथ कोहली के तालमेल की बात करते हुए कहा, हम सभी आपस में बिलकुल तालमेल बनाए है और हमारे अनुभव को देखते हुए वह हमारी सलाह लेने में कोई गुरेज नहीं करता।

स्मिथ की जटिल तकनीक लेकिन व्यवस्थित सोच : सचिन

एजेंसी। नई दिल्ली

महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने स्टीव स्मिथ की बेहतरीन बल्लेबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान की व्यवस्थित सोच और जटिल तकनीक उन्हें अपने समकालीनों से अलग करती है। हाल में समाप्त हुई एशेज श्रृंखला से टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी के लिए तेंदुलकर ने स्मिथ की प्रशंसा की। तेंदुलकर ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, पेचीदा तकनीक लेकिन सुव्यवस्थित सोच ही उसे सबसे अलग करती है। इंग्लैंड बनाम आस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में शानदार वापसी। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के कारण एक साल के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए स्मिथ ने एशेज श्रृंखला में सात पारियों में 110.57 के औसत से 774 रन जुटाए। स्मिथ की बल्लेबाजी शैली बिलकुल अलग है जो अपरंपरागत के साथ विशिष्ट है और तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के खेल को समझाने की कोशिश भी की। दूसरे एशेज टेस्ट में लार्ड्स में जोफा आर्चर का बाउंसर स्मिथ के सिर में लगा था जिसके कारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे और हेडिंग्ले में अगले टेस्ट में खेल भी नहीं पाए। किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे अहम चीज सिर को ऊपर रखना है और आगे झुकने के लिए थोड़ा इंतजार करना है। स्मिथ गलत पोजीशन में आ गया और शायद इसलिए उसे गेंद लगी। अंतिम दो टेस्ट में वह गेंद को छोड़ रहा था और बेहतर पोजीशन में दिख रहा था। उसने चतुराई से अपनी तकनीक पर काम किया। इसलिए मैं कहता हूं, जटिल तकनीक लेकिन बहुत ही व्यवस्थति सोच।

अजहरूद्दीन ने एचसीए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

हैदराबाद। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन ने हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है जो अपने चुनाव 27 सितंबर को कराएगा। दो साल पहले अजहरूद्दीन का नामांकन निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस आधार पर रद्द कर दिया था कि वह बीसीसीआई द्वारा मैच फिक्सिंग में अपनी कथित संलिप्तता के लिए लगाए प्रतिबंध को हटाने का सबूत पेश नहीं कर पाए थे। उन्होंने बुधवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त वी एस सम्पत को अपना नामांकन पत्र सौंपा। अजहरूद्दीन ने पीटीआई से कहा, मैं हर किसी से सलाह लेकर क्रिकेट को बढ़ावा देने पर काम करना चाहता हूं। मैं क्रिकेट के विकास के लिए जिलो में भी कुछ करना चाहता हूं। उपाध्यक्ष पद के लिए पूर्व क्रिकेट प्रशासक पी आर मानसिंह के बेटे विक्रम मानसिंह ने भी नामांकन भरा है। अजमल असद (सचिव पद), पी श्रीनिवास (संयुक्त सचिव), जी श्रीनिवास (कोषाध्यक्ष) और पी अनुराधा (परिषद सदस्य) ने भी नामांकन भरे है। सूत्रों ने कहा कि नामांकन वापस लेने की तारीख 23 सितंबर है जिसके बाद चुनाव के पैनल की घोषणा की जाएगी।

भारत की अंडर-23 टीम में सोनी की जगह दूबे

लखनऊ। बांग्लादेश के खिलाफ गुरूवार से यहां शुरू हो रही पांच मैचो की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-23 टीम में धुशांत सोनी की जगह बांए हाथ के गेंदबाज सौरभ दूबे को शामिल किया गया। सोनी को पहले टीम में चुना गया था। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार बीमारी के कारण सोनी को टूर्नामेंट की टीम से बाहर किया जा रहा है। इसके अनुसार, अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचो की वनडे श्रृंखला खेलने वाली भारत की अंडर-23 टीम में धुशांत सोनी की जगह सौरभ दूबे को शामिल किया।

नए चुनाव नहीं कराएगा विदर्भ क्रिकेट संघ: अधिकारी

नागपुर। विदर्भ क्रिकेट संघ (वीसीए) ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर में संशोधित संविधान के अनुसार चुनाव कराने के बाद वह अब नए चुनाव नहीं कराएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए कहा कि विदर्भ अपने संविधान को लोढा समिति की सिफारिशो के अनुसार संशोधित करने और इसके तुरंत बाद चुनाव कराने वाले शुरुआती राज्य संघो में शामिल था। यह पूछने पर कि क्या विदर्भ दोबारा चुनाव कराएगा तो अधिकारी ने इससे इनकार कर दिया। हम पूरी तरह से अनुपालन करते है (लोढा सिफारिशो का) और हमने चुनाव कराए है (इसी के अनुसार)। अधिकारी ने कहा कि चयनित प्रतिनिधियो का कार्यकाल तीन साल का होगा। पता चला है कि पिछले साल दिसंबर में हुए चुनाव में आनंद जायसवाल को अध्यक्ष चुना गया था। वीसीए ने कहा कि वह जल्द ही अपना प्रतिनिधि तय करेगा जिसे 22 अक्टूबर को होने वाले बीसीसीआई के चुनावो के लिए भेजा जाएगा। अधिकारी ने अधिक जानकारी दिए बगैर कहा, नाम को अंतिम रूप देने के लिए हम कुछ दिन में बैठक करेंगे। इस बीच प्रशासको की समिति (सीओए) के मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को पूर्व शीर्ष नौकरशाह डीएन चौधरी की जगह किसी और को नया निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहने के एक दिन बाद पता चला है कि एमसीए पदाधिकारी इस मामले में कानूनी सलाह लेंगे। सीओए ने एमसीए को 28 सितंबर से पहले चुनाव कराने को कहा है और ऐसा नहीं करने की स्थिति में वह बीसीसीआई चुनावो में वोटिंग अधिकार गंवा देगा। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के चुनाव 26 सितंबर को होने है जबकि इसके एक दिन बाद 27 सितंबर को बड़ौदा क्रिकेट संघ के चुनाव होंगे। इन चुनावो में लोढा समिति की सिफारिशो के अनुसार नए पदाधिकारियो का चयन किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा शीर्ष परिषद के सदस्य शामिल है।

नहीं चला बजरंग दांव, सपना टूटा

● तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया
● फाइनल में पहुंचने से चूके
● विश्व कुश्ती के सेमीफाइनल में हारे
● बेकोव से विवादास्पद परिस्थितियों में खाए मात

एजेंसी। नूर सुल्तान (कजाखस्तान)

बजरंग पूनिया तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में गुरुवार को यहां स्थानीय पहलवान दौलत नियाजबेकोव से सेमीफाइनल मुकाबला विवादास्पद परिस्थितियों में हार गए। बजरंग के अलावा रवि दहिया ने भी सेमीफाइनल में पहुंचकर तोक्यो का टिकट कटाया लेकिन वह भी यहां से आगे नहीं बढ़ पाए। बजरंग के मुकाबले के परिणाम से उनके कोच शाको बैनिटिडिस गुस्से में आ गए और उन्होंने 65 किग्रा के मुकाबले में पक्षपातपूर्ण अंपायरिंग का विरोध किया। छह मिनट तक चला तनावपूर्ण मुकाबला 9-9 से बराबरी पर छूटा लेकिन नियाजबेकोव ने मुकाबले के एक बार में सर्वाधिक चार अंक बनाए थे इसलिए उन्हें विजेता घोषित किया गया। इस विवादास्पद मुकाबले में नियाजबेकोव काफी थक गए थे लेकिन रेफरी ने उन्हें उबरने का पूरा मौका दिया। इसके अलावा कम से कम तीन अवसरों पर उन्हें चेतावनी नहीं दी गई। इसके बजाय स्थानीय पहलवान को चार अंक दे दिए गए जबकि सर्किल के किनारे पर अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी होने के लिए ए अंक बजरंग को मिलने चाहिए थे। बजरंग ने कई अवसरों पर अपनी निराशा भी दिखाई लेकिन इससे कोई फायदा नहीं मिला। पिछली बार के रजत पदक विजेता भारतीय को अब शुक्रवार को कांस्य पदक के लिए भिड़ना होगा। सेमीफाइनल तक की राह में कुछ चोटी के पहलवानों को हराने वाले रवि दहिया 57 किग्रा के सेमीफाइनल में रूस के मौजूदा विश्व चैंपियन जौर उगएव से 4-6 से हार गए और उन्हें भी अब कांस्य पदक के लिए भिड़ना होगा। रवि ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बजरंग ने पुरूषों के 65 किग्रा में आसान ड्रा का पूरा फायदा उठाकर एक के बाद एक प्रतिद्वंद्वी को आसानी से शिकस्त दी। बजरंग को पहले दौर में पोलैंड के क्रीस्जतोफ बियांकोवस्की के खिलाफ खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 9-2 से हराया। बजरंग का अगला प्रतिद्वंद्वी डेविड हबाट था जो भारतीय पहलवान को खास चुनौती नहीं दे पाया हालांकि इस बीच स्लोवाकिया के पहलवान ने दो बार उनका दाहिना पांव अपने कब्जे में लिया था। लेकिन दोनों अवसरों पर वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। कोरिया के जोंग चोइ सोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बजरंग ने शुरू में ही अंक गंवा दिया लेकिन उन्होंने यह मुकाबला आसानी से 8-। से जीता। रवि दहिया ने शानदार पदार्पण किया और 57 किग्रा में पहले दो मुकाबले तकनीकी दक्षता के आधार पर जीते। उन्होंने आर्मेनिया के 61 किग्रा में यूरोपीय चैंपियन आर्सन हारुतुनयान के खिलाफ छह अंक से पिछड़ने के बावजूद जवाबी हमले करके लगातार 17 अंक बनाकर जीत दर्ज की। इस मुकाबले के आखिर में आर्मेनियाई पहलवान ने अंक को चुनौती दी लेकिन काफी देर तक रीप्ले देखने के बाद रवि को विजेता घोषित कर दिया गया। रवि ने इससे पहले शुरुआती दौर में कोरिया के सुंगवोन किम को हराया था। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 2017 के विश्व चैंपियन और विश्व में नंबर तीन युकी तकाहाशी से था। उनको हराना आसान नहीं था लेकिन रवि ने बहुत अच्छा खेल दिखाया और यह मुकाबला 6-। से जीता। भारतीय पहलवान ने जापानी खिलाड़ी को हावी होने का मौका नहीं दिया। महिला वर्ग में रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह पहले दौर में ही नाईजीरिया की अमीनात आदेनिई से 7-10 से हार गई। साक्षी ने आक्रमण करने के लिए काफी इंतजार किया जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी ने तेजी दिखाई। साक्षी चैंपियनशिप से भी बाहर हो गई है क्योंकि उनकी नाईजीरियाई प्रतिद्वंद्वी क्वार्टर फाइनल में हार गई। महिलाओं के 68 किग्रा में दिव्या काकरान मौजूदा ओलंपिक चैंपियन जापानी खिलाड़ी सारा दोशो के खिलाफ खास चुनौती पेश नहीं कर पाई और 0-2 से हार गई।

सिंधू चीन ओपन से बाहर

● प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की चोचुवोंग से हारी
● सात्विक दोनों युगल मुकाबले हारे
● प्रणीत क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। चांग्झू (चीन)

गत विश्व चैंपियन पीवी सिंधू गुरुवार को यहां महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हार के साथ चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई लेकिन बी साई प्रणीत ने कड़े मुकाबले में जीत के साथ पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू को पहला गेम जीतने के बावजूद यहां 58 मिनट चले मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 12-21 21-13 21-19 से हार झेलनी पड़ी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणीत ने हालांकि चीन के ल्यू गुआंग झू को 21-19 21-19 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना इंडोनेशिया के सातवें वरीय एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग से होगा। गिनटिंग ने रोमांचक मुकाबले में भारत के पारूपल्ली कश्यप को 23-21 15-21 21-12 से हराया। युगल विशेषज्ञ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के लिए भी दिन अच्छा नहीं रहा और उन्हें पुरुष युगल और महिला युगल दोनों वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग शेट्टी की दुनिया की 15वें नंबर की जोड़ी को ताकेशी कामुरा और केइगो सोनोदा की चौथी वरीय जापानी जोड़ी के खिलाफ दूसरे दौर में 33 मिनट में 19-21 8-21 से हार झेलनी पड़ी। सात्विक और चिराग को इस साल दूसरी बार ताकेशी और केइगो के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है। इससे पहले जुलाई में जापान ओपन के दौरान भी भारतीय जोड़ी को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त मिली थी। सात्विक इसके बाद मिश्रित युगल में अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरे और इस भारतीय जोड़ी को भी युकी केनेको और मिसाकी मात्सुतोमो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 11-21 21-16 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की पोर्नपावी के खिलाफ चार मैचों में यह पहली हार है। सिंधू ने मैच की अच्छी शुरुआत करते हुए 7-। बनाई लेकिन ब्रेक तक थाईलैंड की खिलाड़ी ने स्कोर 10-11 कर दिया। सिंधू ने ब्रेक के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्कोर 19-10 किया और फिर आसानी से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पोर्नपावी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 5-। की बढ़त बनाई और फिर लगातार छह अंक के साथ स्कोर 15-7 किया। थाईलैंड की युवा खिलाड़ी ने इसके बाद दूसरा गेम जीतकर मुकाबला।-। से बराबर किया। तीसरे और निर्णायक गेम में करीबी मुकाबला देखने को मिला। सिंधू ने 6-6 के स्कोर के बाद ब्रेक तक 11-7 की बढ़त हासिल की। पोर्नपावी ने वापसी की कोशिश की लेकिन 19-15 के स्कोर पर सिंधू जीत हासिल करने के करीब दिख रही थी। थाईलैंड ने खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद लगातार छह अंक के साथ मैच अपनी झोली में डालकर सबको हैरान कर दिया।

बीपी एकादश व दक्षिण अफ्रीका में भिड़ंत

शेफाली पर निगाहें , आज होगा मुकाबला

एजेंसी। सूरत

सभी टी20 मैच सूरत में जबकि वनडे वड़ोदरा में खेल जाएंगे

टीमें : बीपी एकादश : सुषमा वर्मा (कप्तान और विकेटकीपर), देविका वैद्य (उप-कप्तान), वनिता वीआर, शेफाली वर्मा, प्रिया पूनिया, जसिया अख्तर, एमडी थिरुशकामिनी, माधुरी मेहता, तरन्नुम पठान, सुश्री दिव्यदर्शनी, तनुजा कंवर, भारती फुलमाली, मानसी जोशी, रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर।
दक्षिण अफ्रीका : सुने लुस (कप्तान), एनेके बॉश, तस्मिन ब्रिट्स, नादिने डि क्लर्क, शबनम इस्माइल, सिनालो जाफ्टा, अयाबोगा खाका, लारा गुडाल, लिजले ली, नानकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोदुमिसो शांगासे, मिगनोन डु प्रीज और लारा वूलवार्ट।

भारत की टी20 टीम में चुनी गई युवा शेफाली वर्मा के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें लगी होंगी जब बोर्ड अध्यक्ष एकादश की टीम शुक्रवार को यहां अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम से भिड़ेगी। पंद्रह साल की शेफाली को इस साल उम्र वर्ग की प्रतियोगिताओं और महिला टी20 चैलेंज में अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया।
अगर अंतिम एकादश में खेलने का मौका मिलता है तो हरियाणा की शेफाली इस अभ्यास मैच का पूरा इस्तेमाल कर रन जुटाना चाहेगी। पहला अभ्यास मैच शुक्रवार को यहां लालभाई कांट्रेक्टर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा और दूसरा मैच रविवार को होगा। शेफाली के अलावा तेज गेंदबाज मानसी जोशी और पूजा वस्त्राकर को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है और शुक्रवार को अच्छा प्रदर्शन मंगलवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम भी जीत के साथ भारत दौरे की शुरूआत करना चाहेगी। वे इन अभ्यास मैचों से परिस्थितियों का आकलन करने के अलावा गर्म और उमस भरे मौसम से सामंजस्य बिठना चाहेंगे।

पंघाल व कौशिक ओलंपिक क्वालीफायर की टीम में

● विश्व पदक के साथ मिली सफलता

एजेंसी। एकातेरिनबर्ग (रूस)

अमित पंघाल (52 किग्रा) और मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने यहां चल रही विश्व चैम्पियनशिप में पदक दौर में पहुंचकर अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में स्थान सुनिश्चित किया।
पंघाल और कौशिक सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं जिससे उनका एक पदक पक्का हो गया है। पहली बार भारत का एक से ज्यादा मुक्केबाज पदक दौर में पहुंचा है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने स्पष्ट कर दिया था कि जो मुक्केबाज विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतेगा, उसे चीन में फरवरी में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए स्वत: ही चुन लिया जाएगा। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा ने पीटीआई से कहा, हां, अमित और मनीष क्वालीफायर के लिए जाएंगे। अब उनके वजन वर्ग में कोई ट्रायल नहीं होंगे। बाकी टीम का चयन शिविर में प्रदर्शन, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जुटाए गए अंकों और कुछ मामलों में ट्रायल द्वारा किया जाएगा।

दोनों की निगाहें इतिहास रचने पर

एकातेरिनबर्ग (रूस)। अमित पंघाल (52 किग्रा) और मनीष कौशिक (63 किग्रा) शुक्रवार को जब फाइनल में जगह बनाने के लिए विश्व पुरुष मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कड़े प्रतिद्वंद्वियो के खिलाफ रिंग में उतरेंगे तो भारत को इस प्रतियोगिता में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद लगी होगी। भारत के दो मुक्केबाज कभी भी सेमीफाइनल तक नहीं पहुंचे थे, इस लिहाज से देखा जाए तो हरियाणा के दोनो मुक्केबाजो ने इतिहास रच ही दिया है। लेकिन अगर दोनो या फिर इनमें से कोई एक फाइनल में पहुंच जाता है तो यह देश का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा। रोहतक के पंघाल कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव से भिड़ेंगे जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्मेनिया के यूरोपीय स्वर्ण पदक विजेता और छठे वरीय आर्टर होवहानिश्यान को हराया था। कौशिक का सामना उनके वजन वर्ग के सबसे मशहूर और क्यूबा के शीर्ष वरीय एंडी गोमेज क्रूज से होगा जिन्होंने अंतिम आठ में रूस के आठवें वरीय इलिया पोपोव को मात दी। क्रूज 2017 में लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) के स्वर्ण पदकधारी है और वह दो बार के पैन अमेरिकी खेलो के स्वर्ण पदक विजेता भी है। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा ने कहा, अब कठिन काम शुरू होगा। हमने पहले ही पदक की संख्या में बेहतर कर दिया है और अब उनके रंग को बेहतर करना चाहेंगे। देश के मुख्य कोच सी ए कुट्टप्पा ने कहा, मैं खुश हूं लेकिन जब तक दोनो फाइनल तक नहीं पहुंच जाते, तब तक पूरी तरह खुश नहीं होऊंगा और वे निश्चित रूप से ऐसा कर लेंगे। इससे पहले देश ने विश्व चैम्पियनशिप में चार कांस्य पदक जीते है। विजेंदर सिंह ने 2009 में, विकास कृष्ण ने 2011 में, शिव थापा ने 2015 और गौरव बिधुड़ी ने 2017 में कांस्य पदक जीते थे।

मार्करम-मुल्डर के शतक से बड़ा स्कोर

● दक्षिण अफ्रीका ए की शानदार वापसी
● भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के तीसरे दिन 400 रन बनाए

एजेंसी। मैसुरु

मार्करम शाट लगाते हुए

कप्तान एडेन मार्करम और वियान मुल्डर के शानदार शतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ए ने भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां 400 रन बनाए। मार्करम ने 161 रन की लाजवाब पारी खेलकर भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए खुद को तैयार किया जबकि मुल्डर ने नाबाद 131 रन बनाए जो उनका प्रथम श्रेणी मैचों में चौथा शतक है। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 155 रन जोड़कर टीम को पांच विकेट पर 142 रन के मुश्किल दौर से उबारा। भारत ए ने पहली पारी में 417 रन बनाए थे और इस तरह से उसे 17 रन की बढ़त हासिल हुई। भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 14 रन बनाए हैं और उसकी बढ़त अब 31 रन की हो गई है। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल 25 ओवर पहले ही समाप्त कर दिया गया। स्टंप उखड़ने के समय प्रियांक पांचाल नौ और अभिमन्यु ईश्वरन पांच रन पर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने सुबह पांच विकेट पर 159 रन के स्कोर आगे खेलना शुरू किया। मार्करम और मुल्डर ने टीम को शानदार वापसी दिलाई। लंबे कद के मार्करम ने भारत ए के तेज गेंदबाजों और तीनों स्पिनरों का डटकर सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 263 गेंदों का सामना किया तथा 20 चौके और दो छक्के लगाए। मार्करम और मुल्डर के बीच शानदार साझेदारी से भारत की दक्षिण अफ्रीकी टीम को जल्दी आउट करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। मार्करम की पारी का अंत 87वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने किया। उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज को बोल्ड किया। मुल्डर ने आक्रमण और रक्षण का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने वर्नोन फिलैंडर (21) के साथ सातवें विकेट के लिए 59 और डेन पीट (11) के साथ आठवें विकेट के लिए 39 रन जोड़े। शिवम दुबे ने फिलैंडर को करूण नायर के हाथों कैच कराया जबकि चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पीट और लुथो सिपामला (शून्य) के विकेट लिए। कुलदीप ने 121 रन देकर चार जबकि शाहबाज नदीम ने 76 रन देकर तीन विकेट लिए। मुल्डर ने अपनी पारी में 230 गेंदें खेली तथा 17 चौके और एक छक्का लगाया।

काली के दूसरे सत्र में डॉन की भूमिका में दिखेंगे चंदन रॉय

मुंबई। अभिनेता चंदन रॉय सान्याल जी5 के लोकप्रिय वेब शो काली के दूसरे सत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। चंदन ने हवा बादले हस्सू सीरीज के साथ वेब पर अपनी शुरुआत की थी, जिसे समीक्षकों ने काफी सराहा था। अब चंदन काली के दूसरे सीजन में एक अंडरवर्ल्ड डॉन की भूमिका में दिखेंगे। अभिनेता हाल ही में फिल्म जबरिया जोड़ी में दिखे थे। चंदन ने कहा, मेरा किरदार एक अंडरवर्ल्ड डॉन का है, जो पक्षाघात से पीड़ित है और एक व्हीलचेयर पर है। पहली बार मैं ऐसी चुनौतीपूर्ण भूमिका निभा रहा हूं, जहां एक डॉन शारीरिक रूप से तो कमजोर है, लेकिन उसका व्यक्तित्व और साहस बेजोड़ है। चंदन ने एक बयान में कहा, मुझे शो का पहला सीजन काफी अच्छा लगा और मैं इस तरह की अद्भुत कहानी का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्साहित हूं।

आमिर के बेटे जुनैद भी बहन इरा के प्ले में शामिल

मुंबई। सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी बहन इरा खान के इंग्लिश प्ले 'यूरिपाइड्स मेडिया' की स्टार कास्ट में शामिल हैं। 'यूरिपाइड्स मेडिया' के साथ इरा निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने जा रही हैं। इस प्ले में अभिनेत्री हेजल कीच के शामिल होने की घोषणा के बाद अब इसके आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें प्ले में शामिल कास्ट को इंट्रोड्यूस कराया गया है। इसके कैप्शन में लिखा है, आप मेडिया से मिले चुके हैं अब हमारी बाकी कास्ट से मिलिए! यह नाटक यूरिपाइड्स की ग्रीक ट्रैजेडी मेडिया का रुपांतरण है। प्ले की कास्ट में वरुण पटेल, सबरीन बेकर, नोलान लुईस और दिव्येश विजयकर जैसे और भी कई कलाकार शामिल हैं।

बॉक्स ऑफिस पर 'ड्रीम गर्ल' के प्रदर्शन से एकता खुश



मुंबई। हालिया रिलीज फिल्म 'ड्रीम गर्ल' को दुनिया भर से जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही हैं, उसे देखकर फिल्म की निर्माता एकता कपूर काफी खुश हैं। उनका कहना है कि आयुष्मान किसी भी तरह के किरदार को आसानी के साथ निभा लेते हैं। एकता ने कहा कि आयुष्मान खुराना वास्तव में एक बहुमुखी अभिनेता हैं जो किसी भी किरदार को बेहद ही सहजता के साथ निभा लेते हैं। दुनिया भर से 'ड्रीम गर्ल' को लेकर जिस तरह से लोगों की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उसे देखकर हम वाकई में रोमांचित हैं। यह फिल्म पिछले शुक्रवार को रिलीज हुई और अपने पहले ही हफ्ते में इसने भारत में 59.40 करोड़ रुपये की कमाई की और विदेशों में फिल्म ने अब तक 17 लाख डॉलर का कारोबार किया है। राज शांडिल्या द्वारा निर्देशित और बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म विदेश में 480 से अधिक स्क्रीन्स के साथ 13 सितंबर को रिलीज हुई और भारत में भी यह इसी दिन रिलीज हुई। फिल्म में नुसरत भरूचा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

फिल्म 'कुली नंबर 1' को 2.5 करोड़ रुपये का नुकसान

मुंबई। वरुण धवन और सारा अली खान स्टारर 'कुली नंबर 1' के सेट पर पिछले हफ्ते आग लगने से फिल्म के निर्माता को लगभग दो से ढाई करोड़ का नुकसान हुआ है। खबरों में इस जानकारी का खुलासा किया गया है। फिल्म ने निर्माता जैकी भगनानी ने सूचित किया था कि इस हादसे से किसी इंसान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले निर्माताओं ने 125 करोड़ रुपये का बीमा कराया था जिसके तहत इस नुकसान की भरपाई की जाने की बात कही जा रही है। गोरेगांव में फिल्मिस्तान स्टूडियो के सेट पर 11 सितंबर को आग लग गई थी। डेविड धवन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म साल 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की हिट फिल्म 'कुली नंबर' की रीमेक है।

एथलीटों के परिवारों को उचित पहचान नहीं मिलती: दीपिका

एजेंसी। मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने कहा कि उन्होंने कबीर खान की फिल्म 83 के लिए इसलिए हां की क्योंकि उनका मानना है कि एक खिलाड़ी के परिवार या जीवनसाथी के योगदान को पहचान नहीं मिल पाती।

इस फिल्म में दीपिका दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमी देव का किरदार निभाएंगी। कपिल देव का किरदार उनके पति रणवीर सिंह निभाएंगे। पद्मावत के बाद दोनों की साथ में यह चौथी फिल्म होगी।

दीपिका ने यहां पत्रकारों से कहा, कबीर ने फिल्म के लिए मेरे बारे में सोचा। यह बहुत छोटी-सी भूमिका है लेकिन बहुत खास है क्योंकि मुझे लगता है कि जीवनसाथी या परिवार की भूमिका को हमेशा उचित श्रेय नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा, जब आप एथलीटों को देखते हो और जब वे जीतते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करते हैं तो परिवार को बहुत कम पहचान मिलती है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं यह फिल्म करना चाहती हूं।

83 में कपिल देव की कप्तानी में भारत की जीत दिखाई जाएगी जब टीम ने 1983 में पहला विश्व कप खिताब जीतने के लिए वेस्ट इंडीज को धूल चटाई थी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2020 को रिलीज होगी।

मैं बहुत जल्द ही भंसाली के साथ काम करने जा रही हूं : आलिया

एजेंसी। मुंबई

संजय लीला भंसाली की सलमान खान और आलिया भट्ट के साथ आने वाली फिल्म इंशा अल्लाह बेशक पटरी से उतर गई हो लेकिन अभिनेत्री का कहना है कि वह मशहूर फिल्म निर्माता के साथ बहुत जल्द काम करेंगी।

आलिया ने पत्रकारों से कहा, मैं संजय लीला भंसाली और सलमान के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित थी। मेरा मानना है कि कई बार कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो आपके काबू से बाहर होती हैं।

अभिनेत्री ने 20वें आइफा अवार्ड्स में कहा, मैं आपको भरोसे के साथ कह सकती हूं कि मैं बहुत जल्द ही संजय लीला भंसाली के साथ काम करने जा रही हूं। आलिया अब ब्रह्मास्त्र और सड़क 2 में दिखाई देंगी।

ईद पर जरूर कोई फिल्म आएगी: सलमान खान

मुंबई। सुपरस्टर सलमान खान ने कहा कि वह अगले साल ईद पर जरूर कोई फिल्म लेकर आएंगे। उन्होंने संजय लीला भंसाली के साथ इंशा अल्लाह फिल्म के पटरी से उतरने के बाद यह टिप्पणी की।

साल 2020 में ईद पर रिलीज होने वाली इंशा अल्लाह से हटने की घोषणा के बाद सलमान ने ट्वीट किया, इतना मत सोचना मेरे बारे में, दिल में आता हूं..और ईद पर भी। इसके बारे में पूछे जाने पर सलमान ने पत्रकारों से कहा, ईद पर निश्चित तौर पर फिल्म रिलीज होगी। पहले फिल्म (दबंग 3) 20 दिसंबर को आएगी फिर ईद पर भी एक फिल्म आएगी। भिनेता बुधवार रात को 20वें आइफा अवार्ड्स में बोल रहे थे। सलमान ने कहा कि दो दशकों में भंसाली के साथ आने वाली उनकी पहली फिल्म अब उनके साथ नहीं होगी। उन्होंने कहा, इंशा अल्लाह अभी नहीं बन रही। इंशा अल्लाह कुछ और बनेगी। यह अभी मेरे साथ नहीं बन रही। इस समारोह में वह अभिनेता-फिल्म निर्माता महेश मांजरेकर की बेटी सई के साथ आए जो दंबग 3 से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। प्रभु देवा के निर्देशन वाली दबंग3 20 दिसंबर को रिलीज होनी है।

आनंद कुमार अमेरिका में सम्मानित

वाशिंगटन। आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने वाली कोचिंग संस्था सुपर 30 के संस्थापक और गणित के विख्यात शिक्षक आनंद कुमार को अमेरिका में शिक्षण से जुड़े एक प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा मुहैया कराने में दिए गए उनके योगदान के लिए दिया गया।

आनंद कुमार को फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस (एफईई) संगठन ने द एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2019 पुरस्कार से नवाजा। इस संगठन के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर कैलिफोर्निया के सैन जोस में आयोजित एक समारोह में कुमार को इस पुरस्कार से सप्ताहांत में नवाजा गया। आनंद

ने इस कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा, लोगों तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुंच होने से विश्व में बड़ा बदलाव आएगा क्योंकि इससे गरीबी, बेरोजगारी, जनसंख्या विस्फोट, पर्यावरण क्षरण सहित कई अन्य समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलेगी। आनंद कुमार का स्वागत लोगों ने तालियां बजाकर किया और इस समारोह में कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। कुमार ने कहा, भारतीय अमेरिका सहित पूरे विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहे हैं और अगर वह अपने समाज को वापस कुछ देते हैं तो यह उनके लिए बेहद संतुष्टिजनक होगा और शिक्षा से ज्यादा कीमती कोई उपहार नहीं हो सकता है। किसी को भी अच्छा अवसर दें तो वह अच्छा करके दिखाएगा। अंतत: अवसर ही मायने रखता है। हाल ही में कुमार पर बनी फिल्म सुपर 30 रिलीज हुई थी। इसमें ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में थे।

कैरेक्टर को लेकर ट्रोल हुईं मीरा

मुंबई। तेज तर्रार कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म 'सेक्शन 375', पिछले शुक्रवार को रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में अक्षय और ऋचा, दोनों ने, विरोध पक्ष के वकीलों की भूमिका निभायी है, दरअसल यह मीरा का चरित्र था जो पेचीदा था। बलात्कार के मामले में पीड़ित होने के कारण दर्शकों की सहानुभूति उसके साथ होती है। लेकिन दर्शकों के एक निश्चित वर्ग ने उनके चरित्र को चित्रित करने के तरीके को बहुत अधिक पसंद नहीं किया है, और इसके लिए उन्हें सोशल मीडिया पर भी ट्रोल किया गया है। हालांकि परेशान करने वाली बात ये है कि इनमें से कुछ ट्रोलर्स कुछ ज्यादा ही यक्तिगत हो गए। मीरा इस बात से हैरान हैं कि लोग कितने असंवेदनशील हो सकते हैं। उन्हें लगता है कि उसने वही किया जो उसके कैरेक्टर के लिए आवश्यक था, जिसे यह दिखाना था कि कभी-कभी, महिलाएं अपने जेंडर का लाभ उठा सकती हैं और अपने स्वयं के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए झूठे आरोप लगा सकती हैं। आखिरकार, यह एक पेशेवर एक्टर के रूप में उनकी नौकरी है।

अच्छा प्रस्ताव मिला, तो रानू मंडल के साथ गाना गाने को तैयार हैं कुमार सानू

कोलकाता। दिग्गज गायक कुमार सानू ने कहा कि अगर उन्हें अच्छा प्रस्ताव मिलता है तो वह सोशल मीडिया सनसनी रानू मंडल के साथ गाना गाने के लिए तैयार हैं।

पश्चिम बंगाल के एक रेलवे स्टेशन पर लता मंगेशकर का गाना गाते हुए रानू मंडल का एक वीडियो पिछले महीने सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिससे उनको काफी प्रसिद्धि मिली। उन्होंने हाल ही में हिमेश रेशमिया के साथ उनकी एक फिल्म के लिए गाना रिकॉर्ड किया है। सानू ने सोमवार को दुर्गा पूजा पर अपने एल्बम के लॉन्च के दौरान कहा, अगर कोई नया गायक आता है तो हमे खुशी होती है। अगर वह (रानू) अच्छा काम करती हैं, तो उन्हें एक पहचान मिलेगी। अगर प्रस्ताव मिला तो, मैं उनके साथ जरूर गाऊंगा। 61 वर्षीय गायक ने कहा कि उन्होंने सुना है कि रानू ने हिमेश के साथ गीत गाया है, लेकिन गीत सुनने का मौका नहीं मिला। सानू ने कहा, आइए, देखते हैं कि वह (रानू) आने वाले दिनों में कैसा प्रदर्शन करती हैं।

अतीत को एक बार फिर से दोहराएंगी ऊषा उत्थुप

कोलकाता। आगामी 27 सितंबर को एक बार फिर से अतीत दोहराएगा, जब कोलकाता के फैशनेबल पार्क स्ट्रीट में एक महान गायिका ऊषा उत्थुप, एक डाइनिंग हब में अपनी पहली लाइव प्रस्तुति की 50वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर से लाइव प्रस्तुति देंगी। भारत की पॉप, जैज और फिल्मी संगीत दिवा ऊषा उत्थुप ने 1 अक्टूबर 1969 को पहली बार शहर के कल्चरल हेरिटेज, ट्रिनकास में लाइव प्रस्तुति दी थी। यहां मीडिया के सामने उन्होंने यह खुलासा किया।

ऊषा 27 व 28 सितंबर को एक बार फिर से लाइव परफॉर्मेंस करेंगी। दरअसल पार्क स्ट्रीट के प्रतिष्ठित रेस्तरां ट्रिनकांस अपने 60 साल पूरे कर लेगा। इसके साथ ही इसी जगह गायिका ने पहली बार लाइव परफॉर्म किया था। 1920 के कलकत्ता में ट्रिनकास, चायप्रेमियों के लिए एक शांत व छोटा अड्डा हुआ करता था। फिर जुलाई 1959 में ओम प्रकाश पुरी और एलिस जोशुआ ने इसे खरीद लिया और इसे एक रेस्तरां का रूप दे दिया और वहां लाइव प्रस्तुति देने की भी व्यवस्था की। साल 1961 में चायप्रेमियों का वह शांत छोटा सा अड्डा एक बड़े और भव्य रेस्तरां का रूप ले चुका था, जो कि सिर्फ कोलकाता का ही नहीं, बल्कि भारत का लीडिंग रेस्तरां था।

1970 के दशक में इस रेस्तरां में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, टाइगर पटौदी और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम भी आ चुके हैं। ऊषा उत्थुप ने कहा कि उनका कोलकाता आकर एक प्रतिष्ठित रेस्तरां में परफॉर्म करना 'सपने के पूरा' होने जैसा है।

वह इसी लोकप्रिय स्थान पर अपने पति जानी उत्थुप से मिलीं थी और उन्हें कोलकाता से प्यार हो गया। यहां तक कि अपने बेटे सोन्नी का नामकरण भी उन्होंने ट्रिनकास में एक गीत के प्रदर्शन के बाद रखा था। यह एक ऐसा रेस्तरां है, जिसके स्टेज पर कभी पर्दा नहीं गिराया गया। यहां संगीत हमेशा चलता रहता है।

एक समय असुरक्षा की भावना का शिकार थी हेली

लॉस एंजेलिस। मॉडल हेली बाल्डविन ने इस बात को स्वीकारा है कि एक वक्त ऐसा भी था जब अपने साथी मॉडल्स केंडल जेनर, बेला हदीद और गिगी हदीद से खुद की तुलना करते हुए वह हीन भावना से जूझती रहती थीं। 23 वर्षीय बाल्डविन ने 'वोग ऑस्ट्रेलिया' को बताया, मैं अधिकतर लड़कियों की तुलना में हाइट में छोटी हूं..मैं एक रनवे गर्ल नहीं हूं और मैं अपने कुछ दोस्तों को देखकर असुरक्षा की भावना से जूझती रहती थी।

केंडल, बेला और गिगी का नाम लेते हुए बाल्डविन ने वोग को बताया, ये सभी लंबी थीं और हर रनवे कर रही थीं। हेली हॉलीवुड स्टार एलेक बाल्डविन की भतीजी और स्टीफन बाल्डविन की बेटी हैं। हेली का कहना है कि इस फेमस लास्ट नेम की वजह से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि रैंप शोज के लिए कास्टिंग डिरेक्टर्स अकसर उन्हें लेने से कतराते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक हेली ने कहा, ऐसे कई सारे लोग थे जैसे कि कास्टिंग डिरेक्टर्स जो कहते थे, 'हमें नहीं लगता वह वास्तव में एक मॉडल हैं। हेली ने बताया कि वह धीरे-धीरे खुद को कुछ इस तरह से ढालती हैं कि उन्हें रनवे कम्पटीशन का सामना न करना पड़े। उन्होंने कमर्शियल मॉडलिंग कैम्पेन की दुनिया में अपनी अलग जगह बनाई है। आज के दिन हेली कई टॉप-लिस्ट ब्रांड्स के साथ जुड़ी हैं जैसे कि टॉमी हिलफिगर, एडिडास इत्यादि और इसके साथ ही वह अपने पति जस्टिन बीबर के ड्र फैशन लाइन का भी प्रतिनिधित्व करती हैं और वह टीएनटी पर टीवी प्रोग्राम 'ड्रॉप द माइक' की मेजबान भी हैं।

वास्तविक लोगों का किरदार निभाना पसंद है: सोनम

मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर की आगामी फिल्म 'द जोया फैक्टर' है जिसमें वह लीड रोल में हैं। सोनम का कहना है कि बॉलीवुड की फिल्मों में ऐसे किरदार काफी सालों से दिखाए जा रहे हैं जो पूरी तरह से परफेक्ट होते हैं हालांकि उन्हें ऐसे किरदार ज्यादा वास्तविक लगते हैं जिनमें खामियां रहती हैं और जो पूरी तरह से परफेक्ट नहीं होते हैं। सोनम इससे पहले 'आयशा', 'खूबसूरत', 'डॉली की डोली' और 'वीरे दी वेडिंग' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं, इन सभी फिल्मों में सोनम ने एक ऐसी लड़की के किरदार को निभाया है जो अपनी जिंदगी में गलतियां करती है। सोनम ने बताया, मुझे लगता है कि हमारी फिल्मों में काफी लंबे समय से युवा लड़के और लड़कियों का प्रतिनिधित्व सही से नहीं किया गया है। जब एक किरदार परफेक्ट नहीं होता है तो लोग इससे ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं क्योंकि असली जिंदगी में हम परफेक्ट नहीं होते हैं। मैंने जितने भी किरदार निभाए हैं उनमें से ज्यादातर दोषपूर्ण है, लेकिन वे हमारा प्रतिनिधित्व करती हैं। मेरे लिए, ये असली किरदार हैं। सोनम ने आगे कहा, फिल्मों में लीड कैरेक्टर या मुख्य भूमिका को परफेक्ट दिखाने की हमारी प्रवृत्ति होती है जैसे कि एक हीरो के पास सभी चीजों का समाधान होता है और विलेन बहुत काला होता है और लड़कियां हर एक चीज में निपुण होती हैं, यह वास्तविकता नहीं है। सोनम ने कहा, मुझे पर्दे पर ऐसे किरदार निभाना पसंद है जो वास्तविक इंसान का प्रतिनिधित्व करती है।